

7

मां बहन' में कॉमिक...

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

■ वर्ष 31 अंक 224 ■ जबलपुर गुरुवार 05 फरवरी 2026 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00



11

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने...

# स्पीकर के केबिन में भिड़ गए पक्ष-विपक्ष के सांसद

## किताब बनाम किताब की भेंट चढ़ गई संसद की कार्यवाही, मोदी का भाषण टला

नई दिल्ली

संसद के चालू बजट सत्र के दौरान लोकसभा में गतिरोध बढ़ता नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शाम पांच बजे से लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देना था, लेकिन सदन की कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ गई और पीएम का संबोधन टल गया। विपक्ष के नेता राहुल गांधी के दो दिन तक ही नरवणे मेमोयर पर अटके रहने के बाद पीठासीन ने अगले वक्ताओं का रुख कर लिया था। लोकसभा में आज राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हंगामे के बीच ही शुरू हुई। हंगामे के बीच ही टीडीपी के सांसद जीएम हरीश बालयोगी ने अपनी स्पीच पूरी की, लेकिन अगले वक्ता निशिकांत दुबे ने जब बोलना शुरू किया, हंगामा इतना बढ़ा कि सदन की कार्यवाही शाम पांच बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ गई। दरअसल,





निशिकांत दुबे सदन में कुछ किताबें लेकर पहुंचे थे और एक-एक कर किताबों की प्रतियां दिखाते हुए सदन में संदर्भ बताना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि पिछले तीन दिनों से सदन में एक ऐसी किताब की चर्चा हो रही है, जो प्रकाशित ही नहीं हुई है। आज मैं भी कुछ किताबें लेकर आया हूं। निशिकांत दुबे ने कहा कि सदन को उन किताबों के बारे में बताना चाहता हूं, जो नेहरु परिवार और कांग्रेस परिवार से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने एक-एक कर किताबें निकालने शुरू कीं। निशिकांत दुबे ने कहा कि पहली किताब है 'एडविना एंड नेहरू', भारत जब स्वतंत्र हुआ और उस समय किस तरह से भारत के प्रधानमंत्री क्या कर रहे थे, ये इस किताब में लिखा है। उन्होंने आगे कहा कि दूसरी किताब मथाई साहब की है, जो पंडित नेहरू के पीए थे। वह बता रहे हैं की इंदिरा गांधी के साथ उनके व्यक्तिगत संबंध थे और उनको भ्रष्टाचार के आरोप में हटाया। इस पर विपक्ष का हंगामा और तेज हो गया। इस पर पीठासीन कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने निशिकांत दुबे को रोकते हुए कहा कि रूल 349 में आप ऐसा नहीं कर सकते, कल स्पीकर सर ने रूलिंग दे दिया था। पीठासीन ने कहा कि मैं आपको इसके लिए अनुमति नहीं दे सकता। स्पीकर के रोकने के बाद भी निशिकांत दुबे ने अपनी बात जारी रखी। उन्होंने कहा कि संजय बारू कि किताब है कि सोनिया गांधी ने किस तरह से भ्रष्टाचार के साथ सरकार चलाई। उन्होंने एक और किताब दिखाते हुए कहा कि इसमें यह बताया गया है कि किस तरह से नेहरू ने चीन को जमीन दे दी। इमरजेंसी की किताब है, बोफोर्स की कहानी है। निशिकांत दुबे ने कहा कि एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर किताब बताती है कि आदर्शों को किस तरह से बाहर भेज दिया गया।

### स्पीकर के चैंबर में हुई तीखी नोकझोंक

स्पीकर ओम बिरला की केबिन में विपक्ष और सत्तापक्ष के सांसदों में तीखी नोकझोंक हुई। स्पीकर ओम बिरला ने गतिरोध दूर करने की कोशिश की, लेकिन ऐसा हो न सका। शाम पांच बजे जब लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई, पीठासीन संध्या राय ने धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा आगे बढ़ाते हुए पीपी चौधरी ने बोलना शुरू ही किया था कि विपक्षी सदस्य तेजी से वेल में आ गए, पोस्टर लहराए और सत्तापक्ष की तरफ भी बढ़े। पीठासीन संध्या रॉय ने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी।

### विपक्षी सदस्यों ने आसन पर फेंके कागज

निशिकांत दुबे की स्पीच के दौरान विपक्षी सदस्यों ने आसन पर कागज उछाले। हाउस को ऑर्डर में न देख पीठासीन कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने सदन की कार्यवाही शाम पांच बजे तक के लिए स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद विपक्ष के कुछ सदस्य स्पीकर से मिलने उनके चैंबर में पहुंचे। विपक्षी सदस्यों ने राहुल गांधी को रोके जाने और निशिकांत दुबे को अनुमति दिए जाने पर आपत्ति की।

### राज्यसभा में खड़गे ने उठाया मुद्दा

निशिकांत दुबे के लोकसभा में किताब पर किताब दिखाने का मुद्दा राज्यसभा में भी उठा। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने देश की आजादी और निर्माण में पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी जैसे नेताओं के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि दूसरे सदन में इन नेताओं की निंदा की गई। मैं इसकी निंदा करता हूं। नेता सदन जेपी नड्डा ने इस पर आपत्ति करते हुए कहा कि दूसरे सदन की बात यहां नहीं उठाई जा सकती। आप बाहर जितनी निंदा करें, यहां रिकॉर्ड में इसे नहीं लिया जा सकता। इसके बाद कांग्रेस ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

## सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया



**उधमपुर/किश्तवाड़।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बुधवार को सुरक्षाबलों ने जैश-ए-मोहम्मद के दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया। दोनों आतंकवादी गुफा में छिपे हुए थे। सेना ने गुफा को ग्रेनेड से विस्फोट कर उड़ा दिया। उधर, किश्तवाड़ के ही चतरू इलाके में बुधवार शाम को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच एनकाउंटर हुआ। इसमें भी एक आतंकी को सेना ने मार गिराया।

## चार हजार ट्रॉली अवैध रेत नष्ट

**मुरैना (वार्ता)।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में चंबल नदी के राजघाट क्षेत्र में रेत माफिया द्वारा प्रतिबंधित इलाके से अवैध रूप से उत्खनन कर भंडारित की गई रेत के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। टास्क फोर्स की टीम ने आज बुधवार दूसरे दिन भी कार्रवाई करते हुए करीब चार हजार ट्रॉली अवैध रेत को जेसीबी मशीनों की मदद से मिट्टी में मिलाकर नष्ट किया।

## फर्जी नामांतरण मामले में फरार पटवारी गिरफ्तार

**मुरैना (वार्ता)।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिला पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मामले में वर्ष 2023 से फरार चल रहे पटवारी को आज गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी पटवारी राहुल शर्मा ने एक फर्जी रजिस्ट्री के आधार पर भूमि का नामांतरण कर दिया था। इस संबंध में फरियादी डॉक्टर दीक्षा गुप्ता ने वर्ष 2023 में मुरैना कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में भूमि सर्वे क्रमांक 3009/1 और 3009/3 में फर्जी नामांतरण किए जाने का आरोप लगाया गया था।



## बोत्सवाना से 28 फरवरी को मध्यप्रदेश लाए जाएंगे 8 चीते

भोपाल (वार्ता)

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से भेंट कर असम से जंगली भैंसा मध्यप्रदेश लाने की प्रक्रिया सहित विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की। उन्होंने कहा कि असम से जंगली भैंसा लाने के लिए सभी आवश्यक प्रक्रियाएं शीघ्र पूरी की जाएंगी, जिससे प्रदेश के वनों में जैव-विविधता को और मजबूती मिलेगी।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 28 फरवरी को बोत्सवाना से 8 चीते मध्यप्रदेश लाए जाएंगे। चीतों के पुनर्स्थापन को लेकर केंद्रीय मंत्री श्री यादव से आवश्यक व्यवस्थाओं एवं सहयोग पर भी विस्तार से चर्चा हुई है। मुख्यमंत्री ने वन्य जीव संरक्षण और जैव-विविधता संवर्धन के लिए केंद्र सरकार के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में पर्यटन विकास, रिजर्व फॉरेस्ट के विस्तार और वन्य जीव संरक्षण की असीम संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य सरकार वन्य जीव संरक्षण की दिशा में लगातार प्रभावी और अभूतपूर्व कदम उठा रही है। श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में चीतों की सफल बसाहट के बाद अब असम का जंगली भैंसा भी मध्यप्रदेश के जंगलों में स्वच्छंद विचरण करता नजर आएगा। वही केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने मध्यप्रदेश सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए वन्य जीव संरक्षण से जुड़े सभी प्रयासों में केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## उच्चतम न्यायालय ने नीट-पीजी कट-ऑफ मामले में नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने नीट-पीजी 2025-26 की परीक्षा के लिए कट-ऑफ पर्सेन्टाइल कम करने के राष्ट्रीय चिकित्सा परीक्षा बोर्ड के निर्णय को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका पर बुधवार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने इस चुनौती पर गौर किया और निर्देश दिया कि मामले को छह फरवरी को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए। याचिका में एनबीईएमएस की 13



जनवरी की उस अधिसूचना पर सवाल उठाए गए हैं, जिसके माध्यम से स्नातकोत्तर चिकित्सा प्रवेश के लिए कट-ऑफ पर्सेंटाइल को उस स्तर तक कम कर दिया गया था, जिसे याचिकाकर्ताओं ने असामान्य रूप से बहुत कम बताया है। इसमें कट-अफ पर्सेन्टाइल को शून्य और नकारात्मक तक कर दिया गया है। याचिकाकर्ताओं के अनुसार, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा के लिए योग्यता मानकों को कम करना मनमाना है और संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन है। याचिका में तर्क दिया गया है कि कट-ऑफ पर्सेन्टाइल में ढील देने से मरीजों की सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य और चिकित्सा पेशे की गरिमा के साथ समझौता होता है।

## बोर्ड पैटर्न पर होगी कक्षा 5वीं और 8वीं की परीक्षा

भोपाल (वार्ता)

मध्यप्रदेश में शिक्षण सत्र 2025-26 के अंतर्गत कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षाएं बोर्ड पैटर्न पर आयोजित की जाएंगी। परीक्षाएं 20 फरवरी से प्रारंभ होकर 28 फरवरी तक चलेंगी। इसके लिए प्रदेश भर में 12 हजार 920 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां लगभग 25 लाख विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। राज्य शिक्षा केंद्र ने इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। इन परीक्षाओं में शासकीय विद्यालयों के साथ-साथ अशासकीय विद्यालयों एवं मदरसों के विद्यार्थी भी सम्मिलित होंगे। इस वर्ष 1



लाख 10 हजार 615 शासकीय, निजी शालाओं एवं मदरसों के लगभग 24 लाख 90 हजार विद्यार्थी परीक्षा देंगे। इनमें से 522 निजी विद्यालयों के 20 हजार 736 विद्यार्थियों के लिए एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के अनुसार भाषा विषय के पृथक प्रश्न पत्र तैयार किए गए हैं, जबकि अन्य विषयों के प्रश्न पत्र राज्य द्वारा निर्धारित पाठ्यपुस्तकों के आधार पर होंगे। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एक विशेष आईटी पोर्टल विकसित किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों का सत्यापन, परीक्षा केंद्रों का निर्धारण, केंद्राध्यक्षों की मैपिंग, परीक्षा सामग्री वितरण, रोल नंबर एवं प्रवेश पत्र जारी करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही उपस्थिति दर्ज करने, मूल्यांकन कार्य तथा अंकसूची जारी करने की व्यवस्था भी इसी पोर्टल से की जाएगी।

## कवासी लखमा को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दी

रायपुर (वार्ता)

छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री एवं वर्तमान विधायक कवासी लखमा आज रायपुर सेंट्रल जेल से रिहा हुए। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें शराब घोटाला मामले में शर्तों के साथ अंतरिम जमानत प्रदान की है, जिसके बाद उन्हें आज देर शाम जेल से रिहा किया गया है। गौरतलब है कि आदिवासी नेता कवासी लखमा पर छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में गंभीर आरोप लगे हैं और वह लंबे समय से न्यायिक हिरासत में थे। सुप्रीम कोर्ट की एक तीन-सदस्यीय पीठ, जिसमें मुख्य न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली शामिल थे, ने अंतरिम जमानत पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए यह राहत दी थी। पीठ ने अपने आदेश में कुछ शर्तें भी निर्धारित की हैं,



जिनका पालन करना लखमा के लिए अनिवार्य होगा। हालांकि अदालत ने अंतरिम जमानत दी है, लेकिन यह स्पष्ट किया है कि यह निर्णय मामले की यथास्थिति को बनाए रखते हुए आगामी कार्यवाही में किसी भी तरह की बाधा उत्पन्न नहीं करेगा। न्यायालय ने इस दौरान संबंधित एजेंसियों को मामले की गहन जांच जारी रखने की अनुमति भी दी है। इस जमानत का मतलब यह कतई नहीं है कि लखमा पर लगे आरोपों की गंभीरता कम हो गई है। इस मामले की अगली सुनवाई की तारीख 18 मार्च 2026 तय की गई है। विधायक की रिहाई से इस उच्च-प्रोफ़ाइल मामले में राज्य की राजनीतिक गलियारों में एक नया मोड़ आया है। जांच एजेंसियों का कहना है कि वे मामले की तह तक जाने और सभी आरोपियों के खिलाफ सबूत जुटाने के अपने प्रयास जारी रखेंगी।

## एक एआई ने अमेरिका में मचाया हाहाकार

### मार्केट से साफ हुए 26 हजार अरब रुपये से ज्यादा

**वाशिंगटन।** एंथ्रोपिक ने हाल में ही कुछ एआई प्लगइन्स को लॉन्च किया है। इन प्लगइन की वजह से मार्केट से 285 अरब डॉलर (लगभग 26,129 अरब रुपये) साफ हो गए हैं। इस एआई टूल का असर सबसे ज्यादा सॉफ्टवेयर, लीगल टेक और फाइनेंशियल सर्विसेस वाले स्टॉक्स पर पड़ा है। एआई की दुनिया में एंथ्रोपिक को क्लाउड चैटबॉट के लिए जाना जाता है। कंपनी ने 11 ओपन सोर्स प्लगइन्स को लॉन्च किया है, जो क्लाउड कोवर्क टूल्स के साथ काम करेंगे। इन टूल्स को 30 जनवरी को लॉन्च किया गया है। इसमें से एक टूल लीगल वर्कफ्लो को टार्गेट करता है और इसकी वजह से ही मार्केट में हाहाकार मचा हुआ है। एंथ्रोपिक का क्लाउड कोवर्क एक एजेंटिक एआई असिस्टेंट है, जिसे कंपनी ने जनवरी की शुरुआत में लॉन्च किया था। जैसे तमाम एआई टूल्स का इस्तेमाल लोग कोड्स लिखने के लिए करते हैं, उसी तरह से इन टूल्स का इस्तेमाल नॉन-कोडिंग काम को करने के लिए किया जा सकता है। ये टूल्स फाइल्स को पढ़ना, फोल्डर्स को ऑर्गेनाइज करना, डॉक्यूमेंट्स ड्राफ्ट करना और यूजर के लिए मल्टी-स्टेप टास्क को पूरा कर सकते हैं। इन प्लगइन्स का ऐलान पिछले हफ्ते शुक्रवार को किया गया था। थॉमसन रॉयट्स अभी भी कोकाउंसिल को ओपनएआई पर रन करती है। अगर एंथ्रोपिक रेडीमेड सॉल्यूशन बेचना शुरू कर देगी, तो वो थॉमसन रॉयट्स के लिए सर्विस प्रोवाइडर नहीं कंपटीशन बन जाएगी। यही वजह मार्केट में हाहाकार की है।





# अमेरिकी कृषि मंत्री खुलकर बोल रहे...शिवराज मौन क्यों?

## पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर सरकार को घेरा

भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बुधवार को प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश और प्रदेश में सबसे अधिक पीड़ित और दुखी यदि कोई है तो वह किसान, आम जनता और युवा हैं जिन्हें केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों ने पूरी तरह उपेक्षित कर दिया है। पटवारी ने कहा कि अमेरिका के कृषि मंत्री द्वारा दिया गया हालिया बयान, जिसमें भारत-अमेरिका ट्रेड डील की जानकारी सामने आई है, बेहद चिंताजनक है। इस डील के तहत भारत अमेरिका से आने वाले कृषि उत्पादों पर 0 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। इसमें ड्राई फ्रूट्स, फल-सब्जियां, शराब, स्पिरिट, औद्योगिक उत्पाद, रसायन और चिकित्सा उपकरण शामिल हैं। वहीं भारत में उत्पादित कृषि सामग्री जब अमेरिका जाएगी तो उस पर 18 प्रतिशत तक टैक्स लगेगा। उन्होंने सवाल उठाया कि जब अमेरिका का कृषि मंत्री खुलकर बयान दे रहा है, तो भारत के कृषि मंत्री, जो स्वयं मध्यप्रदेश के पूर्व





मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं, इस विषय पर मौन क्यों हैं? यह चुप्पी किसके दबाव में है? पटवारी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पहले ही आगाह किया था कि यह ट्रेड डील 100 प्रतिशत भारत के खिलाफ होगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतरराष्ट्रीय दबाव में झुकेंगे। आज यह बात एक बार फिर सत्य साबित हो गई है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में किसान की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। किसी भी फसल को न तो उचित मूल्य मिल रहा है और न ही एमएसपी पर खरीदी हो रही है। भाजपा सरकार ने खेती को लाभ का धंधा बनाने का वादा किया था, लेकिन आज भारत दुनिया में किसानों की आत्महत्या के मामलों में सबसे ऊपर पहुंचता जा रहा है, जो अत्यंत चिंताजनक है। पटवारी ने कहा कि यदि अमेरिका से सस्ता कृषि उत्पादन 0 प्रतिशत टैक्स पर भारत आएगा, तो देश के किसानों की आमदनी पूरी तरह तबाह हो जाएगी। कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ किसी भी प्रकार की घात के खिलाफ सड़कों पर उतरेगी और निर्णायक आंदोलन करेगी।

### प्रतिदिन 213 करोड़ रुपये का बढ़ रहा कर्ज

प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर बोलते हुए पटवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कर्ज लेने के मामले में अपने सभी पूर्व मुख्यमंत्रियों को पीछे छोड़ दिया है। चालू वित्त वर्ष में प्रदेश सरकार अब तक 1 लाख 78 हजार करोड़ रुपये का कर्ज ले चुकी है और हाल ही में लिए गए 5200 करोड़ रुपये को मिलाकर प्रदेश पर प्रतिदिन लगभग 213 करोड़ रुपये का कर्ज बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार यह तर्क देती है कि कर्ज जीडीपी के दायरे में है, लेकिन सच्चाई यह है कि बजट का आकार केवल कर्ज लेने के लिए बढ़ाया जा रहा है। प्रदेश सरकार अब आम जनता से भी कर्ज लेने की स्थिति में पहुंच गई है, जो गंभीर आर्थिक दिवालियापन का संकेत है। पटवारी ने आरोप लगाया कि सरकार प्रदेश की संपत्तियों को बेचकर कर्ज चुकाने की कोशिश कर रही है। अब तक 101 संपत्तियां मात्र 1100 करोड़ रुपये में बेची जा चुकी हैं और अन्य संपत्तियों को भी आनन-फानन में बेचने की तैयारी है।

### ओबीसी आरक्षण रोकने का हो रहा प्रयास

ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर पटवारी ने कहा कि भाजपा सरकार एक तरफ ओबीसी हितैषी होने का दिखावा करती है और दूसरी तरफ सरकारी धन से महंगे वकीलों को फीस देकर ओबीसी आरक्षण को रोकने का प्रयास कर रही है। यह पैसा ओबीसी समाज और प्रदेश की जनता का है, जिसका दुरुपयोग किया जा रहा है।

# पंडित शम्भूनाथ शुक्ला पी एम उषा द्वारा प्रायोजित सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता एक दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित





शहडोल (स्वतंत्र मत)

रोड सेफ़्टी हेतु पी एम उषा के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय ट्रेनिग प्रोग्राम कुलगुरू प्रो रामशंकर के मार्ग दर्शन में सम्पन्न हुआ।यह कार्यक्रम सड़क दुर्घटनाओं में हो रही निरंतर वृद्धि को देखते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु एक विशेष रोड सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति सजग बनाना एवं सुरक्षित सड़क व्यवहार को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण यातायात नियमों की अनदेखी, तेज गति, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग न करना तथा मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन चलाना है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वाहन चलाते समय यातायात संकेतों का पालन करें, नशे की अवस्था में वाहन न चलाएँ और स्वयं के साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा को भी प्राथमिकता दें। कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर, स्लोगन एवं जागरूकता संदेशों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि च्सड़क सुरक्षा ङ्क जीवन सुरक्षाज्ज है। आयोजकों ने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति जिम्मेदारी से सड़क नियमों का पालन करे, तो दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। मुख्य अतिथि श्री संजय जैसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक कार्यक्रम युवाओं में अनुशासन, कौशल और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका उद्देश्य व्यवहारिक ज्ञान और राष्ट्र निर्माण में सहभागिता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। और ट्रैफिक की जानकारी साझा करते हुए विद्यार्थियों को पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से समझाया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. गीता सराफ ने कहा कि प्रधानमंत्री उषा (क्क्रू-स्॥) जैसी योजनाएँ उच्च शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण, रोजगारोन्मुखी और नवाचार आधारित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी समन्वयकों, प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।सुश्री प्रियंका शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान करते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे प्राप्त ज्ञान को अपने जीवन एवं करियर में सार्थक रूप से लागू करें। विवेकानंद ने कहा कि आज के समय में कौशल विकास शिक्षा का अनिवार्य अंग बन चुका है। ऐसे कार्यक्रम युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सतत सीखने और नवाचार को अपनाने के लिए प्रेरित किया। और ट्रैफिक नियमो की व्याख्या की। डॉ. पूर्णिमा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम शैक्षणिक गुणवत्ता को नई दिशा देता है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को इस अवसर का पूर्ण लाभ उठाना चाहिए तथा ज्ञान के साथ मूल्यबोध को भी आत्मसात करना चाहिए। सेड मैप प्रभारी श्री रवि विश्वकर्मा ने कहा कि उद्योग एवं शिक्षा के समन्वय से ही रोजगारपरक शिक्षा संभव है। उन्होंने बताया कि सेड मैप के माध्यम से विद्यार्थियों को उद्यमिता एवं कौशल विकास से जोड़ा जा रहा है, जिससे वे स्वरोजगार की दिशा में भी आगे बढ़ सकें।आज उसी क्रम में एक दिवसीय ट्रैफिक सेफ्टी पर कार्यक्रम अयोजित किया गया है ।डॉ. आदर्श तिवारी ने मंच संचालन करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा सभी अतिथियों का क्रमबद्ध परिचय दिया। उन्होंने कार्यक्रम की उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम निर्देशन- डॉ. रचना दुबे (नोडल अधिकारी, ने कहा कि क्क्रू-स्॥ योजना के अंतर्गत आयोजित यह कार्यक्रम उच्च शिक्षा को नवाचार, गुणवत्ता और कौशल से जोड़ने का प्रयास है। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी विभागों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में अरुण उपाध्याय ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से ही ऐसे सफल कार्यक्रम संभव हो पाते हैं।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर कोहका में प्रारंभ



डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत ग्राम कोहका में 1 फरवरी से 7 फरवरी 2026 तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दौरान च्मेरा युवा भारत एवं डिजिटल साक्षरता के लिए मुद्राज्ज थीम पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विशेष शिविर के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणजनों को अशिक्षा उन्मूलन, महिला सशक्तिकरण, बाल संरक्षण, बाल विवाह रोकथाम, स्वच्छता, स्वास्थ्य, मतदाता जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण एवं जैविक खेती जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की जाएगी। शिविर में प्रभारी प्राचार्य शासकीय चंद्रविजय महाविद्यालय डॉ. संतोष धुर्वे, कार्यक्रम अधिकारी ईश्वर चंद्र परणा एवं प्रगति साहू के मार्गदर्शन में गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम में सहयोगी अधिकारी डॉ. अविनाश कुमार सिंह, पूजा धुर्वे, अनामिका मिश्रा, योगेश वालरे सहित स्वयंसेवक युवराज बेलिया, रामगोपाल, अश्वनी कुमार, रिंकू, तरुणलता, अंजू, ज्ञानवती एवं अन्य स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता रही। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक करना एवं ग्रामीण क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाना है।

# 79.95 लाख के पोषण आहार भुगतान में घोटाला प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी पर गंभीर आरोप

## डिण्डौरी महिला एवं बाल विकास विभाग पर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

विगत दिवस मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष पुनीत टंडन ने महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री निर्मला भूरिया भोपाल को लगभग 14 से 15 बिंदुओं पर एक शिकायत पत्र सौंप महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला डिण्डौरी में करोड़ों की योजनाओं के संचालन में गंभीर अनियमितताये बरते जाने के संगीन आरोप लगाए है। पुनीत टंडन के मुताबिक सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्राप्त दस्तावेजों और विभागीय नोटशीट के अवलोकन से यह खुलासा हुआ है कि श्याम सिंगौर, सहायक संचालक एवं प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग डिण्डौरी द्वारा तेजस्वनी महिला संघ डिण्डौरी को कथित सांठगांठ के तहत ?79,95,727/- का भुगतान किया गया, जिसमें गंभीर वित्तीय विसंगतियाँ प्रतीत होती हैं। ऋक्षद्ब से खुली फाइलें, भुगतान प्रक्रिया संदिग्ध - ऋक्षद्ब के तहत प्राप्त नोटशीट के अनुसार यह भुगतान नवम्बर 2017 से फरवरी 2020 की अवधि का बताया गया है। हैरानी की बात यह है कि भुगतान




से संबंधित कई महीनों का देयक विवरण, मात्रा, कार्य निष्पादन एवं वास्तविक आपूर्ति का स्पष्ट उल्लेख ही अभिलेखों में नहीं है, जो सीधे-सीधे वित्तीय नियमों के उल्लंघन की ओर इशारा करता है। पायलट प्रोजेक्ट की आड़ में खेल? - महिला एवं बाल विकास विभाग, मंत्रालय भोपाल द्वारा दिनांक 17.07.2017 को जारी पत्र के अनुसार, जिला डिण्डौरी में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 3 से 6 वर्ष के बच्चों को कोदो-कुटकी से निर्मित पट्टी सुबह के नाश्ते में देने के निर्देश थे। इसी आधार पर 226 आंगनवाड़ी केन्द्रों के लिए तेजस्वनी महिला संघ के साथ अनुबंध किया गया। लेकिन सवाल यह है कि- पायलट प्रोजेक्ट की अवधि समाप्त होने के बाद पुनः अनुबंध और कार्यक्षेत्र विस्तार तथा करोड़ों के भुगतान किस आधार पर और किस प्रक्रिया से किए गए?

कार्यकाल विस्तार, लेकिन जवाबदेही शून्य - सूत्रों के अनुसार श्याम सिंगौर विगत 13 वर्षों से एक ही जिले (डिण्डौरी) में पदस्थ हैं। लंबे समय तक एक ही स्थान पर पदस्थ रहने से विभागीय योजनाओं में पारदर्शिता प्रभावित होने और निजी स्वार्थ की आशंका को बल मिलता है।

दिनों की संख्या बढ़ाकर लाखों का भुगतान - ऋक्षद्ब दस्तावेजों के विश्लेषण में एक और चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है।

नवम्बर 2018 माह के भुगतान में- वास्तविक माह- 30 दिन दीपावली का शासकीय अवकाश एवं रविवार को जोड़ते हुए 32 दिवस दर्शाकर भुगतान किया गया ।यानी वास्तविक आपूर्ति से अधिक दिनों की गणना कर लाभार्थी संख्या बढ़ाई गई, जिससे समूह को लाखों रुपये का अनुचित लाभ पहुंचाया गया।

# अवैध खनिज परिवहन करने पर ट्रैक्टर-ट्रॉली किया गया जब्त

शहडोल (स्वतंत्र मत)

जिले में खनिजो के अवैध उत्खनन एवं परिवहन रोकने के लिए पुलिस विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी अनुक्रम में देवलोंद पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी के दौरान बुडवा की ओर से एक आयशर ट्रैक्टर बिना नंबर की एवं ट्रॉली में अवैध रेत लोड कर तेज गति से जाता हुआ दिखाई दिया। पुलिस द्वारा ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास किया गया, किंतु चालक नहीं रुका तथा तेज गति से वाहन चलाते हुए मुख्य मार्ग छोड़कर जंगल के पास नाले में ट्रॉली पलट दी, जिससे ट्रॉली में लोड रेत आंशिक रूप से नाले में गिर गई। पुलिस द्वारा ट्रैक्टर चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम



अजय वैस पिता देवीदीन वैस उम्र 23 वर्ष निवासी झिरिया थाना देवलोद बताया। ट्रॉली में लोड रेत के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु कहा गया। अपराध प्रमाणित पाए जाने पर बिना नंबर की ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं ट्रॉली में लोड लगभग आधी ट्रॉली रेत को विधिवत जप्त कर पुलिस कब्जे में लिया गया। चालक का कृत्य धारा 303(2), 317 बी.एन.एस., 4/21 खनिज अधिनियम, 130, 177(2), 130(1), 177(3) मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत दंडनीय पाया गया। जप्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को वैकल्पिक चालक की व्यवस्था कर थाना लाकर थाना परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया।उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी उ.नि. सुभाष दुबे के नेतृत्व में प्र. आर. सुनीत मिश्रा एवं आर. शिवेश त्रिपाठी की सराहनीय भूमिका रही।

# राष्ट्रपति भवन में सम्मानित कलाकारों ने किया गोंड चित्रकला प्रशिक्षण का शुभारंभ

## अंतरराष्ट्रीय कलाकार स्टीफेनो रोसेटी हुए सहभागी

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले के ग्राम पंचायत पाटनगढ़ स्थित कला भवन में आदिवासी गोंड चित्रकला प्रशिक्षण कार्यशाला का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन जनपद पंचायत करंजिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अक्षय डिगरसे, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती वर्षा कुशराम तथा इटली से पधारे अंतरराष्ट्रीय पेंटिंग कलाकार श्री स्टीफेनो रोसेटी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में राष्ट्रपति भवन में सम्मानित ख्यातिप्राप्त गोंड कलाकारों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण देने वाले कलाकारों में अमित कुमार परस्ते, मिथलेश श्याम, श्रीमती रोशनी



श्याम, श्रीमती जमुना कुशराम, अंकित श्याम एवं श्रीमती दीपा श्याम प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान इटली से आए कलाकार स्टीफेनो रोसेटी ने गोंड चित्रकला की बारीकियों को ध्यानपूर्वक देखा, समझा और इस अनूठी जनजातीय कला की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने गोंड कला को प्रकृति, संस्कृति और परंपरा से जुड़ी एक जीवंत अभिव्यक्ति बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की। रोसेटी ने च्हरि बोलज्ज के उद्घोष के साथ उपस्थित जनसमुदाय का अभिवादन कर भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति अपना सम्मान प्रकट किया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षय डिगरसे ने अनुवादक की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने रोसेटी की अंग्रेजी भाषा को हिंदी में तथा ग्रामवासियों की हिंदी को अंग्रेजी में अनुवाद कर दोनों पक्षों के बीच सार्थक संवाद स्थापित किया। डिगरसे ने रोसेटी को गोंड चित्रकला के साथ-साथ बैगा गुदना कला के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पारंपरिक महत्व की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने रोसेटी को बैगाचक क्षेत्र में भ्रमण कर बैगा संस्कृति को नजदीक से समझने हेतु प्रेरित किया, जिससे जनजातीय कला और संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके। यह प्रशिक्षण कार्यशाला न केवल स्थानीय कलाकारों और युवाओं के लिए कला कौशल विकसित करने का अवसर प्रदान कर रही है, बल्कि गोंड चित्रकला को वैश्विक मंच तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल भी साबित हो रही है।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने हेलीपैड एवं धनपुरी वाटर पार्क का किया निरीक्षण

## प्रदेश के मुखिया 8 फरवरी को पहुंचेगे धनपुरी

शहडोल (स्वतंत्र मत)

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 8 फरवरी 2026 को प्रस्तावित कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर डॉ.केदार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव ने लालपुर हेलीपैड एवं धनपुरी वाटर पार्क का निरीक्षण कर किए जा रहे तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बैठक व्यवस्था, वाहन पार्किंग, लोगों के आवागमन जैसे सहित तैयारी के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।ज्ञात हो को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा धनपुरी नगर पालिका द्वारा धनपुरी नगर में लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से 10 एकड़ क्षेत्रफल में निर्मित अत्याधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त धनपुरी वाटर पार्क का 8 फरवरी 2026 को लोकार्पण करेंगे।धनपुरी वाटर पार्क में आमजन के मनोरंजन एवं सुविधाओं को ध्यान



में रखते हुए स्विमिंग पूल, कॉन्फ्रेंस हॉल, इंडोर गेम्स रूम, एक्वा टावर, रेस्टोरेंट, वाहन पार्किंग, बैंक्वेट हॉल, वाटर पार्क साउंड सिस्टम तथा लेज़ी रिवर (आरसीसी स्ट्रक्चर) जैसी अन्य सुविधाएं विकसित की गई हैं।निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रविंदर कौर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूजा बुनकर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न, समस्याओं के निराकरण हेतु एक सप्ताह की समय-सीमा निर्धारित



**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** उपसंचालक कृषि सुश्री अभिलाषा चौरसिया की अध्यक्षता में बुधवार को कार्यालय उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, जिला-डिण्डौरी के सभाकक्ष में परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न संघों के जिला अध्यक्ष/पदाधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए गए तथा विभाग से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। उप संचालक कृषि सुश्री अभिलाषा चौरसिया ने सभी सुझावों एवं समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रस्तुत समस्याओं का एक सप्ताह के भीतर निराकरण किया जाए, ताकि विभागीय कार्यों का सुचारू संचालन सुनिश्चित हो सके और किसानों को योजनाओं का समय पर लाभ मिल सके।

# शिक्षा मंत्रालय द्वारा मनोदर्पण प्रकोष्ठ राज्य स्तरीय परामर्श बैठक संपन्न

शहडोल (स्वतंत्र मत)

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत एनसीआरटी शिक्षा मंत्रालय ने मनोदर्पण प्रकोष्ठ एवं क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान भोपाल में दो दिवसीय राज्य स्तरीय परामर्श बैठक आयोजित की गई बैठक में शहडोल जिले से चयनित काउंसलर टीम में संपूर्णा शुक्ला शास. हाई स्कूल पुलिस लाइन, दीप नारायण तिवारी शास. मॉडल उ.मा.वि, सृष्टि शांडिल्य कार्या. विकासखंड शिक्षा अधिकारी बुढार,राज्य स्तर पर सहभागिता करते हुए मानसिक स्वास्थ्य का हमारे जीवन पर क्या प्रभाव



पड़ रहा है,इस पर चर्चा कर अपने अनुभव साझा किया। बैठक का उद्देश्य शिक्षा से जुड़े तंत्र में शिक्षकों,काउंसलरों, शैक्षिक प्रशासको के साथ छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य भावनात्मक कल्याण और परामर्श व्यवस्था को सशक्त बनाने पर जोर दिया गया!प्रदेश भर में से लगभग 200 से अधिक प्रतिभागियों ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े व्यावहारिक मुद्दों,चुनौतियां एवं समाधान पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री उदय राज सिंह शिक्षा विभाग, संजय गोयल सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, संयुक्त निदेशक पीएसएससीआईवीई से प्रो. दीपक पालीवाल, प्राचार्य क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान प्रो. शिवकुमार गुप्ता, मनोदर्पण प्रकोष्ठ प्रभारी विनोद शनवाल, विस्तार शिक्षा विभाग की अध्यक्ष प्रो. रत्नमाला आर्य एवं राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद दिल्ली से आए हुए मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञ उपस्थित रहे।शासन के आदेशानुसार आगामी दिनों में जिले के विद्यालयों में शिक्षकों के लिए आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण पहल मनोदर्पण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

# एसडीएम शहपुरा ने प्राथमिक शाला गुतली का किया औचक निरीक्षण

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** विकासखंड शहपुरा अंतर्गत प्राथमिक शाला गुतली का एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, साफ-सफाई तथा उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। एसडीएम श्री वर्मा ने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से पाठ्यक्रम संबंधी प्रश्न पूछे एवं शिक्षण गुणवत्ता का



अवलोकन किया। उन्होंने शिक्षकों को नियमित रूप से गुणवत्तापूर्ण अध्यापन सुनिश्चित करने, विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने तथा शासन के निर्देशानुसार विद्यालयीन गतिविधियों का प्रभावी संचालन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर की स्वच्छता एवं व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए एसडीएम ने आवश्यक सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता मजबूत करना शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# वर्ल्ड कैंसर डे पर एससीआई ने किया मायाजाल लघु फिल्म का प्रदर्शन

## जागरूकता कार्यक्रम चलाकर बताए कैंसर से बचने के उपाय

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

वर्ल्ड कैंसर डे के अवसर पर बुधवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में मायाजाल नामक एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस फिल्म का उद्देश्य युवाओं को नशे की लत और उससे होने वाले कैंसर के खतरों के प्रति जागरूक करना था। फिल्म में दिखाया गया कि कैसे युवा सिगरेट और शराब के सेवन से शुरुआत करते हैं और धीरे-धीरे इसकी गिरफ्त में आ जाते हैं। इसके दुष्परिणाम स्वरूप वे न केवल स्वयं प्रभावित होते हैं, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी इस आदत की ओर प्रेरित करते हैं, जिससे कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। फिल्म का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी था कि बीमारी के बाद कई लोग सही चिकित्सा के बजाय झोलाछाप इलाज के चक्कर में पड़ जाते हैं। इससे समय पर उपचार नहीं हो पाता और स्थिति बिगड़ जाती है। फिल्म का मुख्य संदेश यह था कि कैंसर के शुरुआती लक्षण दिखते ही सही जगह और विशेषज्ञ डॉक्टर से इलाज कराना अत्यंत आवश्यक है।





### जागरूकता फैलाने का प्रभावी माध्यम

कार्यक्रम में डॉ. अर्पण मिश्रा ने बताया कि जागरूकता फैलाने के लिए फिल्म एक प्रभावी माध्यम है और इसी उद्देश्य से इस अभियान की शुरुआत की गई है। उन्होंने जानकारी दी कि फिल्म के निर्माण में संस्थान के 15 स्टाफ सदस्यों ने योगदान दिया। सभी ने अपनी ओपीडी समाप्त करने के बाद समय निकालकर इसे तैयार किया। फिल्म की स्क्रिप्ट लेखन से लेकर अभिनय तक की जिम्मेदारी डॉक्टरों ने स्वयं निभाई और इसे बनाने में लगभग एक सप्ताह का समय लगा।

### प्रदेश के कोने-कोने से इलाज कराने पहुंच रहे मरीज

मायाजाल फिल्म में कैंसर से जंग जीत चुके लोगों की प्रेरणादायक कहानियां भी शामिल की गई हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने फिल्म की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक उपयोगी पहल बताया। बतां दें कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में बेहतर उपचार के चलते रोजाना दर्जनों कैंसर के मरीज यहां पर पहुंच रहे है। जो निम्न शुल्कों में अपना इलाज करवाकर स्वस्थ्य होकर लौट रहे है। इस फिल्म के निर्माण में डॉ. अर्पण मिश्रा, डॉ. हरिकृष्ण, डॉ. योगेश तिवारी, डॉ. दिनेश कटेहा, डॉ. उत्कर्ष घोरमोर, डॉ. कन्हैया हरियाले, डॉ. समुज्जवल भट्टाचार्य, डॉ. साक्षी पाण्डेय, डॉ. दीपा परते, डॉ. सतेन्द्र, डॉ. रीती, डॉ. संध्या सनोदिया और किरण का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. नवनीत सक्सेना, साइंस कैंसर इंस्टीट्यूट की अधीक्षिका डॉ. लक्ष्मी सिंघोतिया और डॉ. श्याम रावत सहित कई अन्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## जिला चिकित्सालय से निकाली गई जागरूकता रैली

विश्व कैंसर दिवस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जन जागरूकता की विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इन गतिविधियों में सेठ गोविंद दास जिला चिकित्सालय से कैंसर की जनजागरूकता के लिए रैली निकाली गई। रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा एवं सिविल सर्जन डॉ नवीन कोठारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डॉ संजय मिश्रा ने बताया कि विश्व कैंसर दिवस हर साल 4 फरवरी को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ानेए इसकी




रोकथाम को प्रोत्साहित करने और कैंसर जैसी बीमारी से निपटने के लिए एकजुट होना है। नोडल अधिकारी डॉ सारिका दुबे ने बताया कि जिले भर कैंसर स्क्रीनिंग के लिये शिविर लगाये जायेंगे तथा मुखए स्तनए कैंसर एवं अन्य कैंसर की जांच की जायेगी। रैली में डॉ कमलेश वर्मा, डॉ संजय जैन, डॉ संदीप भगत, जिला मीडिया अधिकारी अजय कुरील, जिला चिकित्सालय का स्टाफ एवं नर्सिंग स्टूडेंट्स शामिल थे।

## अपोलो हॉस्पिटल में कैंसर मुक्त मरीजों का हुआ सम्मान

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

वर्ल्ड कैंसर डे पर अपोलो हॉस्पिटल में एक वर्ल्ड कैंसर डे पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उन कैंसर मरीजो का सम्मान किया गया, जिनका इलाज अपोलो हॉस्पिटल में कैंसर विशेषज्ञों द्वारा किया गया था और अब वह पूरी तरह कैंसर मुक्त हो चुके हैं। अस्पताल के कैंसर विभाग प्रबंधन द्वारा कैंसर मुक्त मरीजों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपोलो हॉस्पिटल जबलपुर के बिजनेस हेड नीलेश रावल ने कहा की कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से लड़कर जो मैरिज आज समाज में सामान्य जीवन यापन करने लगे हैं। ऐसे मरीज उन मरीजों के लिए



प्रेरणास्त्रोत बन गए हैं जो अभी कैंसर की लड़ाई लड़ रहे हैं। बहुत सारे पेशेंट ऐसे हैं जिन्होंने कैंसर पर विजय प्राप्त की है। ऐसे मरीज अन्य कैंसर मरीजों के लिए मोटिवेशन का काम करेंगे। इस अवसर पर रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ श्रेयस रेड्डी ने कहा कि आज देखा जा रहा है कि कैंसर के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। कई मरीजों में कैंसर के प्रति जागरूकता का अभाव देखा गया है। लेकिन आज कैंसर का इलाज संभव है और एडवांस टेक्नोलॉजी से कैंसर का न सिर्फ इलाज किया जाता है बल्कि मरीज कैंसर फ्री (मुक्त) भी हो जाते हैं। वहीं मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ के सिवाश्री ने कहा कि कैंसर के प्रति जागरूकता बहुत जरूरी है। जितने मरीज कैंसर फ्री हुए हैं उन्होंने अपने डॉक्टर पर पूरा भरोसा किया और उनकी सलाह एवं मार्गदर्शन में पूरा इलाज कराया, जिससे उन्हें कैंसर से मुक्ति मिली। इस अवसर पर अपोलो हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ शोभित बड़ेरिया, बिजनेस हेड नीलेश रावल, वाइस प्रेसिडेंट समृद्धि वर्मा, कैंसर डिपार्टमेंट के डॉ के सिवाश्री, डॉ श्रेयस रेड्डी, डॉ करुणाकर रेड्डी, डॉ बिस्वप्रकाश,असिस्टेंट मैनेजर रविकांत तिवारी सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# बच्चों की पढ़ाई के लिए विद्यालय होंगे संसाधन से युक्त

## विधायक डॉ अभिलाष पांडे ने किया 2 विद्यालयों में स्मार्ट क्लासेस का शुभारंभ

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चेरीताल एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तमरहाई में बुधवार को स्मार्ट क्लासेस का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन, वंदना, दीपप्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि उत्तर मध्य क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पांडे रहे। डॉ. अभिलाष पांडे ने कहा कि उत्तरमध्य विधानसभा अंतर्गत समस्त विद्यालयों को संसाधन से युक्त बनाया जाएगा। बच्चों को सभी संसाधनों से युक्त पढ़ाई लिखाई का अच्छा वातावरण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं



में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी छात्र-छात्राएं मन लगाकर पढ़ाई करें, अपने लक्ष्य को निर्धारित कर प्राप्त करने का प्रयास करें. विकसित भारत के निर्माण में हम सभी को महत्वपूर्ण योगदान देना है। वे इस विधानसभा में सेवक के रूप में कार्य कर रहा हूं। आपको मेरी जब भी आवश्यकता होगी मैं हमेशा आपके लिए तत्पर रहूंगा। डॉ. पांडे ने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न होकर स्वास्थ्यपूर्ण जीवनशैली, सेवा-भाव से ओतप्रोत आचरण, सुरक्षा के प्रति सजगता तथा संस्कारों से युक्त व्यक्तित्व निर्माण का आधार है।

परीक्षा को भय नहीं, बल्कि आत्ममूल्यांकन और आत्मोत्कर्ष का अवसर समझे जिससे आपका मानसिक संतुलन, आत्मविश्वास और लक्ष्य-साधना की प्रवृत्ति सुदृढ़ हो। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय पार्षद प्रतिभा भापकर, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, मंडल अध्यक्ष दिलीप पटेल, प्राचार्य डीके जैन, मुकेश श्रीवास्तव सहित छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स में एपीएन विद्यालय की छात्रा का उत्कृष्ट प्रदर्शन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

भोपाल में आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम 27जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित की गई। जिसमे एपीएन हायर सेकेंडरी विद्यालय की छात्रा आराध्या वंशकार ने सहभागिता करते हुए बॉक्सिंग स्पर्धा मे अपना उत्कृट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल एवं 31000/का नगद पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय के साथ साथ संस्कारधानी का नाम गौरवांवित किया है। छात्रा आराध्या की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव.



प्राचार्य अजय वर्मा, खेल शिक्षिका सिद्दिका उस्मानी,छात्रा के गुरू वीरेन्द्र सिंह ठाकुर, आकांक्षा सिंह ठाकुर, अजय सिंह ठाकुर एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए छात्रा आराध्या के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# एमपी ट्रांसको के सहायक अभियंता को मिला ई-गवर्नेंस मेडल अवार्ड

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के 220 के.व्ही. सबस्टेशन निमरानी में पदस्थ सहायक अभियंता श्री प्रदीप पाटीदार को ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए गत दिवस जबलपुर में आयोजित एक विशेष समारोह में सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। उल्लेखनीय है कि सहायक अभियंताप्रदीप पाटीदार ने एमपी ट्रांसको में लागू की जा रही ट्रांसमिशन एसेट मैनेजमेंट प्रणाली (टेम्स) के क्रियान्वयन के दौरान उत्पन्न हो रही तकनीकी एवं व्यवहारिक कठिनाइयों के समाधान में विशेष रुचि एवं पहल की।

उन्होंने मुख्यालय जबलपुर स्थित आई.टी. सेल के समन्वय से कंपनी के विभिन्न वृत्तों एवं संभागों के कार्मिकों को स्थानीय स्तर पर ही प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया, जिससे इस महत्वपूर्ण परियोजना को अंतिम रूप देने में एमपी ट्रांसको को प्रभावी सहायता प्राप्त हुई।

इस अवसर पर एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी एवं ट्रांसमिशन क्षेत्र के विशेषज्ञ तथा सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता नीलकंठ गजानन टिकेकर ने उन्हें एमपी ट्रांसको राज्यस्तरीय ई-गवर्नेंस मेडल, प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

# महाकौशल विश्वविद्यालय ने जीता जीडी आयशर कप

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

जीडी ट्रकिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन महाकौशल विश्वविद्यालय के क्रिकेट ग्राउंड में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आशुतोष तिवारी सीईओ व रीता तिवारी डीजीएम जीडी ट्रकिंग प्राइवेट लिमिटेड एवं श्री शिशिर तिवारी निदेशक महाकौशल विश्वविद्यालय ने किया। पहले मैच में महाकौशल विश्वविद्यालय की टीम एमकेयू लायंस ने जीडी वारियर्स व दूसरे मैच में जीडी चैंपियंस को हराकर फाइनल में प्रवेश करने वाली पहली टीम बनी। जीडी वारियर्स और जीडी चैंपियंस के




बीच हुए मुकाबले में जीडी वारियर्स ने जीत दर्ज करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में एमकेयू लायंस ने जीडी वारियर्स को हराकर जीडी आयशर कप अपने नाम किया। इस दौरान आशुतोष तिवारी ने सभी टीमों का उत्साहवर्धन किया। रीता तिवारी ने सभी टीमों को शुभकामनायें प्रेषित की। शिशिर तिवारी ने कहा की हार व जीत मात्र खेल का एक पक्ष है जबकि खेल भावना हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मैन ऑफ़ द मैच के विजेता अमित तिवारी, हेमंत, कृष्णकुमार, शुभम सिंह व मैन ऑफ़ द सीरीज आकाश यादव रहे। अम्पायरिंग रोहित व मनोज सतनामी ने की। कमेंट्री ऋषभ मिश्रा, अनुराग पाठक, बीरु यादव, हेमंत वासुदेव, राम कुमार सेन, मानसी शुक्ला, बबली गिरी गोस्वामी, कैमरा मैन आदित्य पाठक, स्कोरर तारणहार सिंह रहे। बाल दर्शक अमय शुक्ला, हर्षित व यशी वासुदेव मौजूद रहे ।

# व्यापार नहीं, देश के भविष्य के साथ खुला विश्वासघात है भारत-अमेरिका डील

### भारत-अमेरिका डील पर आईपीएपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दी प्रतिक्रिया

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी ने भारत सरकार द्वारा अमेरिका के साथ की जा रही तथाकथित भारत-अमेरिका डील पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह समझौता देश के इतिहास की सबसे खतरनाक, आत्मघाती और राष्ट्र विरोधी डीलों में से एक है। यह डील भारत को एक स्वतंत्र राष्ट्र से अमेरिकी हितों की कठपुतली बनाने की दिशा में ले जा रही है। डॉ. तिवारी ने सवाल उठाया कि सरकार यह डील किसके दबाव में, किसके फायदे के लिए और देश के किस वर्ग के खिलाफ कर रही है, यह आज पूरे देश के सामने सबसे बड़ा सवाल है। डॉ. तिवारी ने कहा कि यह डील भारतीय किसान की कमर तोड़ने का लिखित दस्तावेज़ है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय फसलों पर कड़े नियम और भारी टैरिफ,



अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारत में खुली छूट मंडी व्यवस्था को धीरे-धीरे खत्म करने की साज़िश है। यह डील लागू हुई तो किसान आत्मनिर्भर नहीं, आत्महत्या के लिए मजबूर होगा। उन्होनें कहा कि यह नीति नहीं, देश को दिवालियेपन की ओर धकेलने की साज़िश है। सरकार एक ओर मेक इन इंडिया का नारा देती है और दूसरी ओर उसी की कब्र खुद खोद रही है। जब किसान बर्बाद होंगे और उद्योग बंद होंगे तो रोज़गार कहां से आएगा। यह डील युवाओं के भविष्य पर सीधा वार है। डॉ. तिवारी ने कहा कि भारत की ऊर्जा नीति भी विदेशी दबाव में गिरवी रखी जा रही है। डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी ने देश को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आज इस डील का विरोध नहीं हुआ तो भारत आर्थिक गुलामी में फंस जाएगा। आने वाली पीढ़ियां आज़ादी केवल किताबों में पढ़ेंगी। देश की संप्रभुता इतिहास बन जाएगी।

## महेश कोरी बने प्रदेश महामंत्री



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुशंसा पर अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने महेश कोरी को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है। उनकी इस उपल्बिध पर अनेक लोगों ने बधाइयां प्रेषित की हैं।

## शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के रसायन शास्त्र, जैव रसायन एवम कृषि विज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर आधारित दो दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन 5 एवं 6 फरवरी को किया जा रहा है। इस श्रृंखला का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को आधुनिक कृषि विज्ञान, नवीन तकनीकों, सतत कृषि विकास तथा अनुसंधान के नवीन रुझानों से अवगत कराना है।

व्याख्यान श्रृंखला के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में जबलपुर संभाग के अतिरिक्त संचालक पंजाब राव चंदेलकर एवम डॉ. अलकेश चतुर्वेदी, प्राचार्य पीएमसीओई, जबलपुर (म.प्र.) रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय विज्ञान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शिखा सक्सेना करेंगी। विभागाध्यक्ष डॉ. मंजुला बाजपेई की उपस्थिति कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएगी।

# सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष चंद्रा पर हुई एफआईआर

## फर्जी दस्तावेज़ बनाकर पूर्व डीपीएम की झूठी शिकायत करने का मामला

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल और कलेक्टर जबलपुर को फर्जी दस्तावेज बनाकर शिकायत के साथ लगाकर पूर्व डीपीएम विजय पाण्डेय की झूठी शिकायत करने पर 75 वर्षीय सुभाष चंद्रा पिता स्व. छेदीलाल निवासी पी-46, जवाहर नगर आधारताल पर विवेचना में अपराध घटित करना पाये जाने पर थाना ओमती द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर एफआईआर दर्ज की गई है। जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जबलपुर के अधिकारी विजय पाण्डेय को जिला कार्यक्रम प्रबंधक के पद से हटाने और प्रतिष्ठा को धूमिल करने के उद्देश्य से लिए सिटीजन वेलफेयर




एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष चंद्रा द्वारा विजय पाण्डेय की मार्कशीट के सत्यापन पत्र की कूटरचना कर फर्जी दस्तावेज तैयार किया गया था। उस कूटरचित मार्कशीट के फर्जी सत्यापन के बनाये दस्तावेज का इस्तेमाल मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल, कलेक्टर के आधार पर उनकी मार्कशीट कूटरचित बताकर विजय पाण्डेय पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी।

### जांच के बाद हुई कार्यवाही

इस मामले की शिकायत कर शासन को सुभाष चंद्रा द्वारा गुमराह किया जा रहा था। जिसकी सूचना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा थाना प्रभारी ओमती को दी गई थीं। जिसमें पुलिस को बताया गया था कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा संचालक मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड भोपाल से सुभाष चंद्रा द्वारा 11 सितंबर 2025 को अपने ईमेल से शिकायत पत्र के साथ संलग्न संचालक मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड भोपाल पत्र पुष्टी करायी गई। जिस पर बोर्ड भोपाल के पत्र द्वारा लेख किया गया कि पत्र कूटरचित है। संपूर्ण शिकायत जांच में सुभाष चन्द्रा द्वारा विजय पाण्डेय की 10+2 की अंकसूची से संबंधित सत्यापन पत्र की कूटरचना कर विजय पाण्डेय की ख्याति की अपहानि करने के प्रयोजन से उसका दुरूपयोग कर शिकायत करना पाया गया। बहरहाल पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज करते हुए आगे की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# खैरी से लापता महिला का अर्जुनी के जंगल में बरामद हुआ शव

## खैरलांजी थाने में हुई गुम इंसान कायमी, अब दवनीवाड़ा पुलिस कर रही घटना की जांच

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

बीते 6-7 सात दिनों से लापता एक महिला का शव महाराष्ट्र राज्य की सीमा क्षेत्र के वैनगंगा नदी किनारे स्थित गांव अर्जुनी के जंगल से बरामद किया गया। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बता दे कि 28 जनवरी से महिला घर से लापता थी। जानकारी अनुसार, जिसे 2 जनवरी को महाराष्ट्र राज्य के गोंदिया जिला के थाना दवनीवाड़ा से मध्यप्रदेश के खैरलांजी थाने में सूचना मिली कि उनके थाना क्षेत्र अंतर्गत अर्जुनी में एक महिला का शव है। जिसकी पहचान मृतिका पूनम पिता गोपीचंद तुमाने उम्र 27 वर्ष निवासी खैरी निवासी बताया गया। जानकारी अनुसार, पुलिस थाना खैरलांजी के खैरी निवासी युवती की गुम इंसान कायमी की गई थीं, जिसकी तलाश पुलिस कर रहीं थी। मृतिका के भाई ने रिपोर्ट में दर्ज कराया था कि वह मिट्टी के बर्तन बनाने का काम करता है और उसकी चार बहने है जिसमें मृतिका पूनम सबसे बड़ी बहन हैं। जिसका प्रकरण न्यायालय वारासिवनी में चल रहा



हैं, जिसकी पेशी 28 जनवरी को थीं लेकिन वह शाम तक भी घर वापसी नही आई हैं। उन्होंने बताया कि सभी नाते-रिश्तेदार में और जान-पहचान में भी पता नही चल रहा हैं। मृतिका का विवाह वर्ष 2020 में हुआ था। मायके से विवाद के बाद पूनम माता-पिता के साथ रहती थीं। गुमशुदगी के दूसरे दिन परिजनों ने खैरलांजी पुलिस में खैरी के युवक संजय तितरमारे के ऊपर शंका जाहिर की थी कि पूनम खैरी निवासी संजय तितरमारे के साथ पेशी पर जाने वाली थी। महाराष्ट्र पुलिस ने संजय तितरमारे से कडाई से पुछताछ करने पर संदेह के आधार पर, पुलिस ने 4 फरवरी की सुबह खैरी से संजय तितरमारे को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। दावनीवाड़ा पुलिस स्टेशन, थानेदार वैशाली ढाले ने बताया कि संजय पिता धनराज तितरमारे (41) खैरी निवासी को 4 फरवरी को सुबह लगभग 11:30 बजे संदेह के आधार पर गिरफ्तार किया गया। उन्हें अदालत में पेश किया गया और 6 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पूनम तुमा द्वारा मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच की जा रही है।

# कार और पिकअप की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिला मुख्यालय में मंगलवार 3 फरवरी की रात को नेशनल हाईवे-43 पर सड़क हादसा हुआ। हादसे मे एक की मौत होने तथा दो लोगो के घायल होने का समाचार प्रकाश में आया है। हादसे में इंडिगो कार और पिकअप वाहन की भिड़ंत बताई जा रही है। बताया जाता है कि इंडिगो कार में मृतक रिशु अग्रवाल,सीपू अग्रवाल,राजू चौबे एवम पथरहठा निवासी राजेश जैसवाल मौजूद रहे। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सिविल लाइन चौकी के राजवीर ढाबा के पास लोहारगंज मोड़ पर तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने एक कार को टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान चंदिया निवासी अतुल अग्रवाल के रूप में हुई है। कार में सवार प्रभात




अग्रवाल और राजेंद्र चतुर्वेदी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए कटनी रेफर किया गयी है। पिकअप चालक को भी चोटें है। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप (क्रमांक एमपी 04 वाईसी 4651) और कार (क्रमांक एमपी 65 सी 0616) दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के समय ढाबे पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। हादसे की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम कर लिया है और पूरे मामले की जांच जारी है।

# खनिज विभाग की सरंडी खंडवा में छापामार कार्यवाही



**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग के अमले ने 4 फरवरी 2026 को तहसील वारासिवनी अंतर्गत चंदन नदी क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान अवैध रूप से रेत उत्खनन एवं परिवहन कर रहे दो वाहनों को जप्त किया गया। उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि ग्राम सरण्डी-खण्डवा के पास चंदन नदी क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन की शिकायत मिलने पर खनिज अमले द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई। जांच के दौरान दो ट्रैक्टर-ट्राली खनिज रेत का अवैध रूप से उत्खनन एवं परिवहन करते पाए गए। इनमें पहला वाहन बिना नंबर का ट्रैक्टर तथा दूसरा वाहन क्रमांक सीजी-25-ई-7715 शामिल है। दोनों वाहनों को तत्काल जप्त कर पुलिस थाना वारासिवनी की अभिरक्षा में रखा गया है। खनिज विभाग के अनुसार संबंधित वाहन चालकों एवं मालिकों द्वारा किया गया यह कृत्य मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के नियम-3 का स्पष्ट उल्लंघन है। इस उल्लंघन के आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है तथा खनिज नियमों के अंतर्गत नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# 5 दिनों से लापता वृद्ध का संदिग्ध हालात में मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

जिले के परसवाड़ा थाना क्षेत्र में पिछले पांच दिनों से लापता 60 वर्षीय व्यक्ति का शव बुधवार को कुमनगांव और अरंडिया गांव के बीच संदिग्ध अवस्था में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव अर्धनग्न हालत में पड़ा हुआ था, जिसे सबसे पहले एक चरवाहे ने देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। मृतक की पहचान कैलाश गिरी गोस्वामी (60 वर्ष) निवासी नेवरगांव, वारासिवनी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार कैलाश गिरी 28 जनवरी को अपनी बेटी के घर डुंगरिया आए थे। 30 जनवरी को वे वहां से अपने घर लौटने के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में ही लापता हो गए और घर नहीं पहुंचे। परिजनों द्वारा काफी तलाश के बाद भी जब उनका कोई सुराग नहीं मिला तो 2 फरवरी को परसवाड़ा थाने में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।



इसके बाद से पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई थी। बुधवार को कुमनगांव और अरंडिया के बीच जंगलनुमा क्षेत्र में शव मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में शव की हालत बेहद संदिग्ध पाई गई। मृतक के शरीर पर पॉलीथिन बंधी हुई थी, जबकि चेहरा और हाथ काले पड़ चुके थे। शव अर्धनग्न अवस्था में होने के कारण मौत को लेकर कई तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं। बहरहाल, शव की स्थिति को देखते हुए यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मौत प्राकृतिक कारणों से हुई है, किसी वन्यजीव के हमले का मामला है या फिर किसी आपराधिक घटना को अंजाम दिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए बालाघाट से फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और बीडीडीएस टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने तकनीकी साक्ष्य जुटाए। फिलहाल पुलिस आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि मृतक अंतिम बार कहां और किसके संपर्क में था। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और लोग जल्द से जल्द मामले के खुलासे की मांग कर रहे हैं।

### तहसील कार्यालय कटंगी के रीडर को किया गया निलंबित

**कटंगी(स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर मृणाल मीना ने न्यायालय तहसीलदार कटंगी के रीडर सहायक ग्रेड-3 मनीष बोरकर को अपने कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय न्यायालय तहसीलदार वारासिवनी निर्धारित किया गया है। कटंगी तहसील के ग्राम जराहमोहगांव निवासी हरलाल द्वारा एसडीएम न्यायालय कटंगी में अपनी भूमि के रिकॉर्ड सुधार के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था। इस आवेदन पत्र को तहसीलदार कटंगी को अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए प्रेषित किया गया था।

# बातों मे फंसाकर, जेवरातों से भरा बैग किया पार

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** नौरोजाबाद थाना अंतर्गत ग्राम रहठा में मंगलवार कि शाम को अज्ञात बदमाश ने सराफा कारोबारी की दुकान से जेवरात से भरा बैग पार दिया। जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना मंगलवार 3 फरवरी की शाम करीब 6.30 बजे की बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार पीड़ित सराफा कारोबारी कौशल साहू, निवासी बेलगांव, जिला डिंडोरी है, जो लगभग 30 किलोमीटर दूर से आकर रहठा में स्वर्गीय नरोत्तम काछी की दुकान में सराफा व्यवसाय करता है। मंगलवार को रहठा में साप्ताहिक बाजार होने के कारण इलाके में भारी भीड़भाड़ थी। इसी भीड़ का



फायदा उठाकर बदमाश ने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया।बताया जा रहा है कि कौशल साहू दुकान बंद कर घर जाने की तैयारी कर रहा था।उसी दौरान एक महिला ग्राहक दुकान पर आई,जिससे वह कारोबार से जुड़ी बातचीत करने लगा। इसी बीच बदमाश ने मौके का फायदा उठाया और जेवरात से भरा बैग उठाकर चुपचाप रफूचक्कर हो गया। जब तक कारोबारी को घटना का अहसास हुआ, तब तक बदमाश भीड़ में गायब हो चुका था। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पीड़ित सराफा कारोबारी ने तत्काल नोरोजाबाद थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस इस अतिसंवेदनशील मामले को गंभीरता से लेते हुए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और संदिग्धों से पूछताछ में जुट गई है। फिलहाल चोरी हुए बैग में मौजूद जेवरात की कीमत का स्पष्ट आकलन नहीं हो सका है, लेकिन माना जा रहा है कि इसमें बड़ी मात्रा में आभूषण थे। पुलिस जल्द ही मामले के खुलासे का दावा कर रही है।

# व्हीबी जी राम जी योजना के तहत भाजपा की कामकाजी बैठक सम्पन्न

उमरिया (स्वतंत्रमत)

बुधवार 4 फरवरी को विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत भारतीय जनता पार्टी जिला उमरिया के द्वारा भाजपा कार्यालय भरौली में भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल की अध्यक्षता में कामकाजी बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला पदाधिकारी मंडल के पदाधिकारी और व्हीजी जी राम जी टोली के सदस्य सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में तय किया गया है योजना को लेकर आगामी 8 फरवरी को जिला सम्मेलन किया जाएगा, जिसमें जिले भर से भाजपा कार्यकर्ताओ सहित खासतौर पर जिले के प्रत्येक गांव के पंच, सरपंच, जनपद सदस्य जिला पंचायत सदस्य सहित काफी संख्या में ग्रामीणजन सम्मिलित होंगे। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष



आशुतोष अग्रवाल ने योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी जबरन में योजना का नाम बदलने और महात्मा गांधी का अपमान करने जैसी बात का भ्रम फैला रही है, जबकि कांग्रेस शासन में कई बार योजनाओं के नाम बदलते रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्हीजी जी राम जी योजना को नई तकनीक के साथ पारदर्शी बनाया है। कांग्रेस की नरेगा और मनरेगा में मजदूर और ग्रामीणों को रोजगार के नाम सिर्फ भ्रष्टाचार होते रहे हैं। लेकिन अब मोदी जी की व्हीजी जी राम जी योजना में तय किया गया है कि हर गरीब को रोजगार के साथ उसका सम्मान जरूरी है। गरीब जनजाति और पिछड़ावर्ग को रोजगार मिले उसके लिए यह कानून बनाया गया है। इस योजना के तहत हर ग्रामीण परिवार को हर साल 125 दिन के रोजगार की गारंटी मिलेगी। उन्होंने मंडल पदाधिकारी से कहा कि इस योजना को लेकर गांव गांव में चौपाल के माध्यम से जन जागरण किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी 8 फरवरी को जिला स्तर पर जिला सम्मेलन किया जाएगा।

# अति. जिला सत्र न्यायाधीश द्वारा जेल का निरीक्षण एवं विधिक जागरुकता शिविर संपन्न

उमरिया (स्वतंत्रमत)

बुधवार 4 फरवरी को अति० जिला सत्र न्यायाधीश अहमद रज़ा द्वारा जेल का निरीक्षण एवं विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लगाया गया। इस अवसर पर बंदियों को उनके अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गई। बंदियों ने अपने अधिवक्ता नियुक्त होना बताया और जेल में उन्हें कोई परेशानी ना होना बताया। न्यायाधीश के द्वारा बंदियों के बैरक में जाकर निरीक्षण, अवलोकन कर बंदियों के आपराधिक प्रकरण में पैरवी के लिए नियुक्त अधिवक्ता का



नाम, पेशी दिनांक, मुलाकात, इनकमिंग टेलीफोन, तथा उनके बिस्तर, कपड़े, बर्तन, भोजन, स्वच्छता के बारे में पूछताछ कर जानकारी ली गई। बंदियों को अपने स्वास्थ्य एवं रहन सहन के प्रति सतर्क रहने के लिये प्रेरित किया गया। निरीक्षण के अवसर पर जेल अधीक्षक डी. के. सारस तथा जेलर, उप अधीक्षक- माखन सिंह मार्को, ड्यूटीरत प्रमुख मुख्य प्रहरी एवं प्रहरी एवं जेल के सभी अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ऑटो पलटने से आधे दर्जन लोग घायल

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** चंदिया थाना अंतर्गत अखडार से सटे शारदा घाट के पास मंगलवार 3 फरवरी की दोपहर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। ऑटो में सवार होकर रिश्तेदार के घर से अपने गांव लौट रहा परिवार अचानक हुए हादसे का शिकार हो गया। यह घटना करीब 4.30 बजे की बताई जा रही है,जिसने मौके पर अफरा-तफरी मचा दी।प्रत्यक्षदर्शियों और पीड़ितों के अनुसार, ऑटो जैसे ही शारदा घाट के पास पहुंचा,पीछे से आ रहे एक अज्ञात ऑटो वाहन ने तेज रफ्तार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया।पलटते ही ऑटो में सवार लोग सड़क पर गिर पड़े और चीख-पुकार मच गई।इस हादसे में कटनी जिले के पान उमरिया क्षेत्र के करौंदी निवासी 64 वर्षीय यशोदा बाई,गाजर निवासी 16 वर्षीय रेशमी, खिरहनी निवासी 35 वर्षीय रजनी, 37 वर्षीय मायाराम तथा 19 वर्षीय पुष्पा घायल हो गए हैं।घायलों में अधिकांश महिलाएं शामिल हैं, जिनमें कुछ को गंभीर चोटें आई हैं।घटना की सूचना मिलते ही चंदिया पुलिस और 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची।त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए चंदिया अस्पताल लाया गया है।

### कलेक्टर एवं जिलादंडाधिकारी ने अब्दुल वजूद को 6 माह की अवधि के लिए जिले की चतुर्दिक सीमाओं से किया निष्कासित

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर एवं जिलादंडाधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने अब्दुल वजूद पिता अब्दुल वदूद उम्र 35 साल निवासी कैम्प उमरिया, थाना कोतवाली उमरिया को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 क, ख अंतर्गत जिला-उमरिया सहित समीपी राजस्व जिलों शहडोल, अनूपपुर, मैहर, जबलपुर, कटनी एवं डिण्डोरी की चतुर्दिक राजस्व सीमाओं से 6 माह की अवधि के लिये निष्कासित किया है। उन्होने कहा है कि अनावेदक आदेश दिनांक से 24 घण्टे के अंदर विनिर्दिष्ट जिलों की सीमा से बाहर जाकर अपने आचरण में सुधार करे। आदेश प्रभावशील रहने तक बिना अनुमति के उक्त सीमाओं में प्रवेश नहीं करेगा। उसके विरूद्ध चल रहे न्यायालयीन मामलों की पेशी की तिथियों पर थाना प्रभारी थाना कोतवाली उमरिया को लिखित सूचना देने पर उपस्थिति की छूट रहेगी।

# ग्रामीण आजीविका मिशन में वित्तीय अनियमितता पर कलेक्टर ने की महेन्द्र बारसकर की सेवा समाप्त

उमरिया (स्वतंत्रमत)

बुधवार 4 फरवरी को कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मध्यप्रदेश शासन,पंचायत एवं ग्रामीण विकास भोपाल, मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जिला स्तर पर प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकारो के प्रत्योजन के तहत महेन्द्र कुमार बारसकर जिला प्रबंधक कृषि को प्रशासनिक, वित्तीय अनियमितता, कर्तव्य निर्वहन में घोर लापरवाही के कारण संविदा सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है।यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

**यह था मामला**

मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की जिला प्रबंधन इकाई उमरिया में वित्तीय अनियमितताओं ने प्रशासन को हिला कर रख दिया है। जांच के बाद जिला प्रबंधक (कृषि) एवं प्रभारी जिला प्रबंधक (वित्त) महेंद्र कुमार बारसकर के विरुद्ध कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के अंतर्गत प्रशिक्षण व्यय और मानदेय के नाम पर पहले स्वीकृत राशि का भुगतान किया गया। इसके बाद उसी स्वीकृति आदेश का सहारा लेकर फिर




से भुगतान कर दिया गया। इस दोहरे भुगतान से सरकारी खजाने को 1,43,440 रुपये की सीधी चपत लगी। यही नहीं, जांच में यह भी सामने आया कि बिना किसी सक्षम स्वीकृति के 1,36,683 रुपये का भुगतान कर दिया गया। इस तरह कुल 2,80,123 रुपये के गबन का मामला उजागर हुआ। यह पूरा खेल तब सामने आया जब जिला मिशन प्रबंधन इकाई का आंतरिक निरीक्षण किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान बिल-वाउचर, कैश बुक, लेजर, व्यय पंजी और बैंक स्टेटमेंट का मिलान किया गया। जांच दल ने पाया कि भुगतान की प्रक्रिया में नियमों को ताक पर रखकर फर्जी तरीके अपनाए गए। कुछ मामलों में एक ही बिल के आधार पर दो बार पैसा निकाला गया, तो कुछ भुगतान बिना किसी वैध आदेश के कर दिए गए। उमरिया थाना प्रभारी मदनलाल मरावी के अनुसार आरोपी द्वारा फर्जी बिल और वाउचर के आधार पर शासकीय राशि निकाले जाने के प्रमाण मिले हैं। इसी आधार पर अपराध क्रमांक 49/26 धारा 316(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। फिलहाल गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन मामले की गहन जांच जारी है।

## पाली विकासखंड में 10 से 24 फरवरी तक चलाया जाएगा एमडीए अभियान

उमरिया (स्वतंत्रमत)

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा व्ही एस चंदेल ने बताया कि उमरिया जिले के पाली विकासखंड में 10 से 24 फरवरी 2026 तक एमडीए अभियान चलाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की प्रशिक्षित टीमें घर-घर जाकर लक्षित जनसंख्या को निर्धारित मात्रा में फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराएंगी। इस हेतु सभी सब-सेंटर सुपरवाइज़रों (सी एचओ,एएनएम,एमपीएस, एलएचवी,आशा परिवेक्षक) को माइक्रोप्लानिंग,दवा वितरण,रिपोर्टिंग एवं निगरानी से संबंधित आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि डी.ई.सी. एल्बेंडाजोल आइवरमेक्टिन की गोली का सेवन करने से मनुष्य के शरीर में स्थित फाइलेरिया के कृमि नष्ट हो जाते हैं जिससे यह बीमारी एक से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलती। दवा खाने से कृमि के मरने पर बुखार, उल्टी, सिर दर्द या चक्कर आ सकते हैं, जो कि दवा का प्रतिकूल प्रभाव है और ये लक्षण कुछ समय के बाद स्वयं समाप्त हो जाते हैं। फाइलेरिया रोग से बचाव के लिए डी.ई.सी. की गोली की सालाना खुराक सभी पात्र व्यक्तियों को लेना आवश्यक है। उन्होंने अपील करते हुए वे स्वयं दवा का सेवन करें तथा अपने परिवार एवं आस-पास के लोगों को भी दवा सेवन के लिए प्रेरित करें। रवि साहू जिला मलेरिया सलाहकार ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर,लेकिन पूरी तरह से रोकी जा सकने वाली बीमारी है, जिसके उन्मूलन के लिए सभी पात्र व्यक्तियों द्वारा दवा का सेवन सुनिश्चित कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। कुछ व्यक्तियों में दवा सेवन के बाद सिर दर्द, बदन दर्द, पेट दर्द, उल्टी जैसे अस्थायी लक्षण दिखाई दे सकते हैं, जिससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। ये लक्षण दवा के प्रभाव के कारण अस्थायी होते हैं। फायलेरिया से बचाव के लिए दवा का सेवन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि वर्ष में एक बार 02 वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर शेष सभी को निर्धारित मात्रा में डीईसी (डाय-इथाइल कार्बामैजीन) एवं एल्बेंडाजोल दवा का सेवन कराया जाना आवश्यक है।

# शासकीय कर्मचारी ने परिजन के नाम से बनाई अवैध कॉलोनी ग्राहकों को दिखाए सुहाने सपने, बेचे प्लाट, अब ग्राहक हो रहे परेशान

मण्डला(स्वतंत्रमत)

शासकीय कर्मचारी ने अपने परिजनों के साथ मिलकर पहले तो अवैध प्लाटिंग की और फिर धड़ाधड़ ग्राहकों को सब्जवाग दिखाकर प्लाट बेच डाले इस तरह करोड़ो रूपए का लेनदेन बिना किसी लिखा पढ़ी के हो गया। मिली जानकारी के अनुसार नैनपुर मार्ग स्थित ग्राम चिरईडोंगरी में एक शासकीय शिक्षक ने अपने परिवार के नाम से जमीन खरीदी और फिर यहां पर प्लाटिंग आरंभ की न परमिशन ली और न ही कॉलोनी का नक्सा पास कराया। कागजों में कॉलोनी में सड़क, बॉड्रीबॉल, गार्डन ही नही पेयजल सुविधा भी दिखाते हुए लगभग 30 परिवारों से ठगी करते हुए रजिस्ट्री करा दी। अब ये परिवार अपनी जमीन खोजते फिर रहे है मौंके में न तो सड़क है और न बिजली और न पानी, शिकायत के बाद राजस्व अमला ने मौंका स्थल का निरीक्षण किया और पंचनामा आदि बनाकर कार्यवाही को आगे बढ़ाया वहीं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के बाद जमीन मालिक संबंधित महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है लेकिन





सवाल यह है कि अब तक इस रकबे को अहस्तांरणी नही किया गया है और न ही खसरे को लॉक किया गया है और न ही रजिस्ट्री शून्य की गई है। जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि आने वाले समय में यहां और भी जमीन की बिक्री की जाएगी सूत्रों के अनुसार संबंधित परिवारजनों के द्वारा यहां पर 60 प्लाट काटे गए थे जिसमें से 30 प्लाट बेचे जा चुकें हैं। प्लाट एरिया में 300 से लेकर 1000 रूपए तक के वर्ग फिट का रेट निर्धारित किया गया था लेकिन सरकारी रजिस्ट्री में केवल शासकीय मूल्य ही दर्शाया गया है। वह भी खेती की जमीन विक्रय नाम से 12 जनवरी को पटवारी कृष्णा चिचाम पिता बाबुराम चिचाम उम्र 31 वर्ष पटवारी हल्का नम्बर 68 थाना बम्हनी उपस्थित आकर एक टापईशुदा आवेदन पत्र जिसमे आदेश क्रमांक/68/2025-12/02 दिनांक 7/12/2025 है इस आशय से पेश किया कि अनावेदक शोभा सुर बेवा अजीत सुर निवासी चिरईडोगरी के द्वारा खसरा नम्बर 39/01/01 क्षेत्रफल 1.1704 हेक्टेयर की भूमि का भूस्वामी है उक्त भूमि पर निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अनावेदक द्वारा भूमि पर बिना किसी स्वीकृति डायवर्सन भू विकास अनुमति की प्राप्त किये अवैध प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा है। भूखण्डो को विक्रय किया जा रहा है। अनावेदक का कृत्य म.प्र.पंचायत राज एंव ग्राम स्वराज अधिनियम की धारा 61(क),61(ख) ,61(घ)(3) अपराध धारा सदर का पाये जाने से मामला पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया । आवेदन पत्र नकल जैल है कार्यालय प.ह.न.68 र.नि.मं. चिरईडोंगरी तहसील नैनपुर जिला मण्डला क्रमांक/68/2025-12/02 दिनांक 7/12/2025 सेवा में विषय अवैध प्लॉटिंग करने वाले भू-स्वामी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने हेतु संदर्भ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नैनपुर द्वारा पत्र क्रंमाक/प्रवा/प्र-2/आ.वि.अ./2025/1328 आदेश दिनांक 7/11/2015 महोदय जी निवेदन है की हल्का पटवारी क्र.68 र.नि.म. चिरईडोगरी तहसील नैनपुर के अंतर्गत ग्राम चिरईडोगरी मे खसरा नं 39/1/1 क्षेत्रफल 1.1704 है कि भूमि भूमि स्वामी शोभा सूर बेवा अजीत सूर ,निवासी चिरईडोगरी के स्वामित्व मे दर्ज है। स्थल निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि उक्त भू-स्वामी द्वारा उक्त भूमि पर बिना किसी स्वीकृति डायवर्सन भू-विकास अनुमति प्राप्त किए अवैध प्लांटिग कार्य किया जा रहा है तथा भूखंडो का विक्रय किया जा रहा है। यह कृत्य म.प्र.पंचयत राज अधिनियम 1993 की धारा 61,61 भूमिगत नियमों एवं शासकीय प्रावधानों का उल्लंघन है। इस संबंध में अनु विभागीय अधिकारी राजस्व नैनपुर द्वारा पत्र क्रमांक/प्रवा/प्र2/आ.वि.अ./2025/1328 आदेश दिनांक 7/11/2025 को आदेश पारित किया गया है जिसमे उपरोक्त अवैध कृत्य के परिपेक्ष्य में संबंधित भू-स्वामी के विरुध्द प्राथमिकी दर्ज करने तथा दण्डात्मक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त अवैध प्लटिंग से आमजन के साथ धोखाधड़ी की संभावनाएं एवं राजस्व हानि विद्यमान है तथा शासन के नगर एंव ग्राम निवेश एवं राजस्व नियमों का स्पष्ट उल्लखन हो रहा है। अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। बता दें कि अवैध कॉलोनियों का जाल लगातार फैलता जा रहा है। कृषि भूमि को नियमों को ताक पर रखकर छोटे-छोटे प्लॉटों में तब्दील किया जा रहा है और आम लोगों को सुनहरे सपने दिखाकर लाखों रुपये की ठगी की जा रही है। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा खेल प्रशासन की जानकारी के बावजूद लंबे समय से जारी है। जिले के कई इलाकों में अवैध कॉलोनियां न केवल बस चुकी हैं, बल्कि वहां बिजली, पानी और सड़क जैसी सुविधाएं भी धीरे-धीरे मुहैया कराई जा रही हैं, जिससे इस अवैध कारोबार को मौन समर्थन मिलने की आशंका गहराती जा रही है। मंडला जिले के बम्हनी, नैनपुर, निवास और मंडला विकासखंड के आसपास के ग्रामीण इलाकों में कृषि भूमि को अवैध रूप से प्लॉटिंग कर बेचा जा रहा है।

## नौ ट्रैक्टरों पर चालानी कार्यवाही

मण्डला(स्वतंत्र मत)। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में थाना कोतवाली महाराजपुर पुलिस द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना महाराजपुर पुलिस द्वारा बिना नंबर प्लेट के संचालित पाए गए कुल 9 ट्रैक्टर वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की धारा 51/177 के अंतर्गत चालानी कार्रवाई की गई। एमपी 51 जेडबी 7225, एमपी 51 जेडई 8708, एमपी 51 एए 4296, एमपी 51 जेडडी 8786, एमपी 51 जेडडी 8723, एमपी 51 एए 7679, एमपी 51 एबी 0192, एमपी 51 जेडए 7708 तथा एमपी 51 एए 8847 यह सभी ट्रैक्टर चालकों पर 500 रूपए प्रति ट्रैक्टर जुर्माना लगाया गया इस प्रकार कुल 4 हजार 500 रूपए की चालानी कार्रवाई की गई कार्रवाई के दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा ट्रैक्टर चालकों को वाहनों पर स्पष्ट एवं वैध नंबर प्लेट लगाने, वाहन के समस्त वैध दस्तावेज साथ रखने ओवरलोडिंग न करने यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में सख्त समझाइश दी गई।

## वाहन चालक पर कार्यवाही

मण्डला(स्वतंत्र मत)। थाना कोतवाली द्वारा कार्यवाही के दौरान रपटा घाट क्षेत्र में वाहन में अमानक हॉर्न लगाकर बजाते पाए जाने पर संबंधित वाहन चालक के विरुद्ध चलानी कार्रवाई की गई। इस दौरान वाहन से अमानक हॉर्न जब्त किया गया और 3 हजार 500 रूपए का जुर्माना आरोपित किया गया।

## गार्डन डीजे ऑपरेटरों की बैठक

मण्डला(स्वतंत्र मत)। आगामी बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस कंट्रोल रूम में मैरिज गार्डन बारातघर संचालकों एवं डीजे ऑपरेटर संघ की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य परीक्षा अवधि के दौरान ध्वनि नियंत्रण सार्वजनिक शांति एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना रहा बैठक में डीजे ऑपरेटर संघ को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि साउंड सिस्टम का संचालन केवल निर्धारित समय सीमा में एवं निर्धारित डेसीबल मानक के अनुसार ही किया जाए। इसी प्रकार मैरिज गार्डन एवं बारातघर संचालकों को निर्धारित समय में ध्वनि यंत्रों के उपयोग, पर्याप्त एवं सुरक्षित पार्किंग व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता, सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न न होने देने तथा बारात के दौरान यातायात का निर्बाध संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए ताकि परीक्षार्थियों सहित आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## ग्रामवासियों से मांगा सहयोग

मण्डला(स्वतंत्रमत)। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत के आधार पर जिला प्रशासन के निर्देशानुसार ग्राम खिरहनी में राजस्व एवं पुलिस अमले ने संयुक्त रूप से गांव का भ्रमण कर नशामुक्ति अभियान चलाया। अधिकारियों ने ग्रामवासियों से सीधे संवाद स्थापित करते हुए अवैध शराब के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया अधिकारियों ने बताया कि शराब का सेवन न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है बल्कि इससे पारिवारिक शांति सामाजिक वातावरण और आर्थिक स्थिति भी प्रभावित होती है।

## बकायादारों की कुर्की करने आदेश

मण्डला(स्वतंत्रमत)। मुख्य अभियंता जबलपुर के द्वारा 2 लाख से अधिक बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने उपभोक्ताओं से बात की और वसूली के लिए उपस्थित अधिकारियों को सघन कठोरात्मक कार्यवाही करते हुये बची राशि वसूलने के लिए निर्देशित किया गया। वर्तमान में बिछिया संभाग अंतर्गत अंजनिया वितरण केन्द्र में 2 लाख से अधिक बकायादार जिन पर कुर्की कार्यवाही शीघ्र की जायेगी।

# यातायात नियम हमारी सुरक्षा कवच : न्यायाधीश



मण्डला(स्वतंत्र मत)

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायालय परिसर में यातायात जागरूकता एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमल जोशी, विशेष न्यायाधीश आरके रावतकर, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ रामेश्वर झारिया, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तपन धारगा, समस्त न्यायिक अधिकारीगण, परिवहन अधिकारी विमलेश गुप्ता, यातायात विभाग से योगेश राजपूत, अधिवक्तागणन्यायालयीन कर्मचारीगण एवं आमजनों की उपस्थिति में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री जोशी ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक सामाजिक विषय नहीं हैं बल्कि कानूनी दायित्व प्रशासनिक उत्तरदायित्व एवं मानवीय संवेदनशीलता का संयुक्त विषय है। अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं मानवीय त्रुटि या नियमों की अवहेलना व लापरवाही का ही परिणाम होती है। हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियम हमारी सुरक्षा कवच हैं, इन्हें आदत बनाएं मजबूरी नहीं वहीं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित हिट एण्ड रन योजना, राहवीर योजना व अन्य योजनाओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तपन धारगा ने कहा कि प्रत्येक दुर्घटना के पीछे केवल एक मामला या फाईल नहीं होती बल्कि एक परिवार का भविष्य बच्चों का पालन-पोषण और किसी का पूरा जीवन जुड़ा होता है इसलिए हमें इस संवेदनशीलता के साथ नियमों का पालन करते हुए सावधानी से वाहन का चालन करना चाहिए।

# नए कलेक्ट्रेट भवन को लेकर अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

मण्डला(स्वतंत्रमत)

बुधवार को अधिवक्ताओं ने रैली निकालकर जमकर नारेबाजी की। अधिवक्ताओं ने नवीन कलेक्ट्रेट भवन का निर्माण नगर सीमा में ही कराए जाने मांग की है। लगातार अधिवक्ता इस मुद्दे को लेकर बैठक आदि कर रहे हैं। लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस निर्णय नही लिया गया है। वर्तमान में जिला कलेक्टर एवं दंडाधिकारी कार्यालय के नवीन भवन का प्रस्तावित स्थल ग्राम पंचायत चटुआमार में किया जा रहा है एवं मण्डला शहर में पर्याप्त भूमिया स्थित होने के उपरांत भी शहर से पृथक निवास विधानसभा अंतर्गत आने वाले ग्राम चटुआमार में कलेक्ट्रेट भवन बनाये जाने से जनमानस में विरोध की स्थिति है चूंकि कलेक्ट्रेट भवन के साथ भवन के साथ न्यायालय कलेक्टर जिला पेंशन अधिकारी, जिला कोषालाय अधिकारी, जिला नजूल अधिकारी, लोकसेवा केन्द्र, रिकार्ड रूम, जिला खनिज शाखा, जिला खाद्य कलेक्टर के कार्यालय



पूर्ण रूप से शहर से पृथक हाईवे के किनारे विस्थापित हो जाने से आम जनमानस को जानमाल के खतरा सहित अतिरिक्त यात्रा व्यय का भुगतमान होगा साथ ही अधिवक्तागण को सिविल कोर्ट से पैरवी करने अन्यत्र स्थान पर आने जाने में भी काफी असुविधा होगी जिससे पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं के ऊपर परिवहन एवं अन्य व्यय का बोझ बढेगा साथ ही आने जाने में अतिरिक्त समय व साधन की कमी आयेगी तथा अधिवक्तागण विभिन्न न्यायालयों में पैरवी करने में असमर्थ हो जायेंगे जिसका सीधा प्रभाव पक्षकारों को होने वाले न्याय पर पडेगा एवं सुलभ एवं सस्ते न्याय की परिपाटी में उक्त प्रस्ताव से न्याय की मंशा पर विपरीत प्रभाव पडेगाचूंकि आप मण्डला के सांसद हैं एवं जिला मण्डला के निवासी हैं आज जनमानस, व्यापारी संगठन, सामाजिक संगठन उक्त प्रस्तावित निर्णय से काफी आहत हैं। जिला अधिवक्ता संघ ने मांग की है कि नेहरू स्मारक स्थित पुराने पीडब्ल्यूडी की भूमि स्थित है, जिसे उपयोग में लिया जा सकता है। ज्ञानदीप स्कूल के सामने शासकीय भवनों एवं भूमियों का स्थान वर्तमान में आवंटित है जिसका उपयोग जिला कलेक्टर कार्यालय के रूप में किया जा सकता है जिला खनिज, जिला आपूर्ति अधिकारी एवं महिला बाल विकास की पुरानी बिल्डिंग एवं भूमि को इस्तेमाल कर नवीन भवन का निर्माण किया जा सकता है साथ ही वर्तमान में कलेक्टर कार्यालय को तोडकर उसी स्थान पर मल्टी स्टोरी बिल्डिंग निर्मित कर उसका उपयोग किया जा सकता है उच्च न्यायालय के उद्यानिकी की भूमि पर वर्तमान में प्रकरण के लंबित काल में रोक संस्थित की गई है उक्त प्रकरण के निराकरण उपरांत उक्त स्थल को प्रस्तावित किया जा सकता है महाराजपुर स्थित ठक्कर बापा परिसर के पास की भूमि पर भी विचार किया जा सकता है उक्त कंडिकावार सभी विकल्पों पर विचार कर शहर के आसान एवं पहुंच मार्ग पर जिला कलेक्टर एवं दंडाधिकारी का कार्यालय का नवीन भवन प्रस्तावित किया जावे। अधिवक्ता समुदाय एवं अन्य जनमानस मिलकर जन आन्दोलन हेतु मजबूर होंगे।

# अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही

मण्डला(स्वतंत्र मत)

कलेक्टर के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी रामजी पांडेय के मार्गदर्शन में जनसुनवाई में प्राप्त ग्राम खिरहनी में मदिरा का अवैध विक्रय की शिकायत पर आबकारी बल मण्डला, पुलिस चौकी हिरदेनगर एवं तहसीलदार की उपस्थिति में संयुक्त दबिश की कार्यवाही की गई। जिसमें ग्राम खिरहनी में शिकायतकर्ता महिलाओं की उपस्थिति में मदिरा का अवैध रूप से विक्रय करने वाले महिलाओं द्वारा बताए गए संदिग्ध स्थलों घरों की विधिवत तलाशी ली गई। जिसमें श्रीमती रानीबाई आर्मो, श्रीमती पूनम नंदा, श्रीमती सोमती सरोते के घरों की तलाशी समक्ष शिकायतकर्ता महिलाओं की उपस्थिति में ली गई। जिसमें किसी भी प्रकार की मदिरा नहीं पाई गई जिसका विधिवत तलाशी पंचनामा बनाया गया। ग्राम की



महिलाओं को समझाइश दी गई कि निरंतर ग्राम में गश्त जारी रहेगी एवं सूचना दिए जाने पर त्वरित कार्यवाही की जावेगी।

## हत्या के आरोपी को कारावास

मण्डला(स्वतंत्रमत)। चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश जिला द्वारा आरोपी स्वरूप सिंह उड़के पिता स्व. कुंजीलाल उइके उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम भोगाडार थाना बम्हनी जिला मण्डला को धारा 103 (1) बीएनएस में आजीवन कारावास एवं कुल 1000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रार्थिया की उपरोक्त प्र.पी.-02 की देहाती नालसी रिपोर्ट के आधार पर थाना बम्हनी मे दिनांक 16.07.2024 को अपराध क्र. 373/24 धारा 103 (1) बी.एन.एस. के तहत पंजीबद्ध कर प्रथम सूचना रिपोर्ट प्र.पी.-18 लेखबद्ध की गई और प्रकरण की संपूर्ण विवेचना उपरान्त अभियुक्त के विरूद्ध अंतर्गत धारा 103(1), 238 बीएनएस के अंतर्गत माननीय न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से अभियोजन संचालन अपर लोक अभियोजक ब्रजेश चौरसिया के द्वारा किया गया है।

# कॉलेज में विजेताओं को मिले पुरूस्कार

मण्डला(स्वतंत्रमत)

शासकीय जगन्नाथ मुन्नालाल चौधरी महिला महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर शरद नारायण खरे के संरक्षण में तथा डॉ अंजली पंड्या के संयोजन में मतदाता जागरुकता सप्ताह का समापन किया गया। सप्ताह भर संचालित विभिन्न प्रतियोगिताओं भाषण निबंध रंगोली चित्रकला आदि के विजेताओं को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया समापन अवसर पर प्राचार्य खरे ने कहा कि हर पात्र नागरिक को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराकर निश्चित रूप से नैतिक व निष्पक्ष मतदान करना चाहिए इस



अवसर पर डीके रोहितास, डॉ अंजु सिंह, सुश्री पूजा टेमरे व छात्राओं की उपस्थिति रही इस अवसर पर स्वीप एम्बेसेडर प्रिया कोष्ठी व रोशनी विश्वकर्मा को विशेष रूप से महाविद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया गंगोत्री मरावी, शालिनी कछवाहा, प्रेम लता तेकाम, माही ठाकुर, कनक श्रीवास को जिला प्रशासन ने जिला स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहने पर पुरस्कृत किया था।

## 17 हजार 797 का निराकरण

मण्डला(स्वतंत्र मत)। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में चलाये जा रहे संकल्प से समाधान अभियान के पहले चरण में घर-घर संपर्क के दौरान नागरिकों से अभी तक केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न सेवाओं एवं योजनाओं से संबंधित 25 हजार 516 आवेदन प्राप्त हुये हैं और इनमें से 17 हजार 797 का निराकरण किया जा चुका है। निराकृत प्रकरणों में स्वीकृत आवेदनों की संख्या 17 हजार 767 एवं अस्वीकृत किये गये आवेदनों की संख्या 30 है।

## जन स्वास्थ्य शिविर आज

मण्डला(स्वतंत्र मत)। ग्राम पंचायत स्तर पर ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से आरोग्यम मण्डला 2.0 का आयोजन किया जा है। आज जिले में 33 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

## पेंशनर की बैठक आज

मण्डला(स्वतंत्रमत)। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक आज दोपहर बाद 1 बजे से स्थानीय गोंड़ी पब्लिक ट्रस्ट भवन माहिष्मती घाट में आयोजित की गई है। जिसमें जिले की समस्त तहसील व विकासखंडों से अध्यक्ष व प्रतिनिधि बैठक में पधार रहे हैं। इस बैठक में 24 फरवरी को प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत जिले में भी धरना प्रदर्शन व रैली आयोजित करने हेतु कार्यक्रम तय किए जाएंगे।

## जैविक खेती शैक्षणिक भ्रमण

मण्डला(स्वतंत्र मत)। शासकीय महाविद्यालय अंजनिया द्वारा जैविक खेती प्रायोगिक कार्य के अंतर्गत डॉ. नवीन कुमार हरदहा के मार्गदर्शन एवं डॉ. प्रशांत कुमार यादव के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं को उड़ान नर्सरी अंजनिया का भ्रमण कराया गया। नर्सरी भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं को सुदामा झारिया एवं सहयोगी द्वारा नर्सरी बैड तैयार करना, जैविक खाद, घरेलू अपशिष्ट से खाद बनाने की जानकारी दी गयी। नर्सरी में रोपित ड्रेगन फ्रूट एवं अन्य पौधों के महत्व से अवगत करवाया गया।

# सजेगा मिलेट फूड फेस्टिवल

मण्डला(स्वतंत्रमत)

स्वाद सेहत और स्थानीय परंपराओं का अनोखा संगम अब मंडला में देखने को मिलेगा। जिले में श्री अन्न मिलेट्स को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा 13 एवं 14 फरवरी को पुलिस ग्राउंड में दो दिवसीय मिलेट फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। यह फेस्टिवल न सिर्फ लोगों को मोटे अनाजों के पौष्टिक लाभों से परिचित कराएगा बल्कि स्थानीय व्यंजनों को एक बड़ा मंच भी देगा। कार्यक्रम प्रतिदिन शाम 4 बजे से शुरू होगा जहां शहरवासी मिलेट्स से बने पारंपरिक और आधुनिक स्वादिष्ट पकवानों का लुत्फ उठा सकेंगे। फेस्टिवल में अपने स्टॉल लगाने के इच्छुक व्यवसायियों और स्व-सहायता समूहों के लिए बुकिंग प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। स्टॉल बुकिंग के लिए 6 फरवरी तक का समय दिया गया है। स्टॉल शुल्क मात्र एक हजार रूपए प्रति स्टॉल रहेगा। इच्छुक व्यक्ति दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके अपनी जगह सुरक्षित कर सकते हैं।

# पहलवानों ने राज्य स्तर पर लहराया परचम

मण्डला(स्वतंत्र मत)

भोपाल स्थित तात्या टोपे स्टेडियम के कुश्ती एरिना में आयोजित राज्य स्तरीय खेलो इंडिया अनुसूचित जनजाति कुश्ती प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। मंडला के तीन पुरुष एवं एक महिला पहलवान का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। चयनित खिलाड़ी अब छत्तीसगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय खेलो इंडिया जनजाति कुश्ती प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिले के कुल 4 पहलवानों ने 2 स्वर्ण एवं 3 रजत पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसमें हर्षित भलावी ने स्वर्ण पदक (67 किग्रा, ग्रीको रोमन), दानिश भलावी ने रजत पदक (74 किग्रा फ्रीस्टाइल) रजत पदक (77 किग्रा ग्रीको रोमन), दिव्यांशु सरवटे ने रजत पदक (97 किग्रा, ग्रीको रोमन) तथा चांदनी नरेटी ने स्वर्ण पदक (62 किग्रा, फ्रीस्टाइल) प्राप्त किया। यह सफलता मध्यप्रदेश एमेच्योर कुश्ती संघ के मार्गदर्शन तथा ओलंपियन अर्जुन अवार्डी पप्पू यादव एवं नारायण यादव के कुशल नेतृत्व का परिणाम है। उनके प्रयासों से जनजातीय क्षेत्रों के खिलाड़ियों को खेल की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से पूरे जिले में खुशी की लहर है। खेल प्रेमियों एवं नागरिकों ने चयनित पहलवानों को शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर कामना की है।

**OFFICE OF THE PMSHRI, RANI AVANTI BAI GOVT. GIRLS H.S. SCHOOL MANDLA (M.P.)**

S.N.V.CLR./2026/45 Mandla.Date 04/02/2026

**TENDER NOTICE**

School Management Comittee has to purchase material of different norms and item. Items is to purchase under PA, science circle. Maths circle LED Light, Activity promoting green school (upto 200 students / more then 200 students) swachhta pakhwara, bagless day. Details can be got through form by depositing Rs.100 Either by Cash or by Cheque /DD/PO./ Bankerscheque. Materials can also be purchased in the form of kit. The decision of the tender committee shall be final conclusive and binding on all parties concerned.

LAST DATE-9.02.2026.
Till 4:30 pm.

Principal
Smt. Jay Laxmi Soni
PM SHRI GOVT RANI AVANTI BAI GIRLS HIGHER SECONDARY SCHOOL MANDLA

संपादकीय

# महाभियोग की कोशिश

ममता बनर्जी को विपक्ष के साथ की जरूरत आ पड़ी है। खासकर कांग्रेस के सपोर्ट की। ऐसे में विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक की अहमियत फिर से बढ़ी नजर आ रही है। एसआईआर यानी विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर चुनाव आयोग से लेकर सुप्रीम कोर्ट और सड़क पर उतर चुकीं ममता बनर्जी चाहती हैं कि मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ संसद में महाभियोग का प्रस्ताव लाया जाए। नतीजा उनको मालूम है, और उनको कोई फर्क नहीं पड़ता। लेकिन एक महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भी इंडिया ब्लॉक का साथ चाहेंगी? क्या ममता बनर्जी चुनावों में कांग्रेस के लिए पहले से लगा रखा नो-एंट्री का बोर्ड उतार लेंगी? और अगर ऐसा नहीं करतीं, तो राहुल गांधी क्यों चुनाव आयोग के मुद्दे पर टीएमसी का सपोर्ट करेंगे?

ममता बनर्जी एसआईआर पर चुनाव आयोग को चौतरफा घेरने की कोशिश कर रही हैं और अपने मिशन को अंजाम देने के लिए पूरे लाव-लश्कर के साथ दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं। तृणमूल कांग्रेस नेताओं के अलावा एसआईआर की प्रक्रिया से किसी न किसी रूप में प्रभावित परिवारों के सदस्य भी ममता बनर्जी के साथ दिल्ली आए हुए हैं। ममता बनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात के बाद चुनाव आयोग को खरी खोटी तो सुनाई ही थी, बाद में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग लाए जाने का भी आह्वान किया है, और इसके लिए सभी विपक्षी दलों से समर्थन भी मांगा है। माना जाता है कि मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए ममता बनर्जी तमाम विपक्षी दलों से संपर्क साध रही हैं। ममता बनर्जी की कोशिश है कि जितना जल्दी हो सके, सभी विपक्षी दलों के बीच इस मुद्दे पर आम सहमति बन जाए। ममता बनर्जी के पक्ष में समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव जरूर खड़े नजर आ रहे हैं। अखिलेश यादव का कहना है, अगर चुनाव आयोग निष्पक्षता सुनिश्चित नहीं कर पाता, तो उसे अपनी स्वतंत्र छवि पर पुनर्विचार करना चाहिए। ऐसी स्थिति में आयोग को अपनी इमारत पर बीजेपी का झंडा लगा लेना चाहिए। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की सलाह है, एसआईआर को संगठित अपराध की श्रेणी में डाल देना चाहिए।

वैसे देश के इतिहास में अभी तक किसी भी मुख्य चुनाव आयुक्त को महाभियोग की प्रक्रिया के माध्यम से उनके पद से हटाया नहीं गया है। 90 के दशक में टीएन शेषन के फैसलों से परेशान राजनीतिक दलों ने भी भारी नाराजगी के बावजूद, उनके खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव नहीं लाया था। हालांकि, इस बात की चर्चा खूब हुई थी। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324(5) के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने की भी प्रक्रिया वही है, जो सुप्रीम कोर्ट के किसी जज को हटाने की है। ये काफी लंबी और जटिल प्रक्रिया होती है, और सबसे महत्वपूर्ण नंबर होता है जो विपक्ष के पास नहीं है। पहले तो महाभियोग के प्रस्ताव को स्पीकर की मंजूरी चाहिए, और फिर उसे पास कराने के लिए संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत, और ये बात ममता बनर्जी सहित पूरा विपक्ष जानता है, लेकिन राजनीतिक दबाव बनाने के लिए तो प्रयास किए ही जा सकते हैं।

# नारी देह, नारी अधिकार: माहवारी पर सुप्रीम कोर्ट की दृष्टि



ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

भारत के सामाजिक विकास की यात्रा में महिलाओं की स्थिति हमेशा एक निर्णायक कसौटी रही है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति केवल आर्थिक आँकड़ों या बुनियादी ढाँचे से नहीं मापी जाती, बल्कि इस बात से आँकी जाती है कि वह अपने समाज के आधे हिस्से-महिलाओं को कितना सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर देता है। इसी सन्दर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने 30 जनवरी 2026 को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए मासिक धर्म स्वास्थ्य को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार घोषित किया है। कोर्ट ने देश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में छात्राओं को मुफ्त और सुरक्षित बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मासिक धर्म स्वच्छता को गरिमा और स्वास्थ्य के साथ जीने के मौलिक अधिकार का हिस्सा माना गया है। स्कूलों में साफ-सुथरे शौचालय और पानी की उचित व्यवस्था अनिवार्य है। इस निर्णय का उद्देश्य पीरियड्स के कारण लड़कियों की पढ़ाई में होने वाली बाधा को रोकना और उन्हें शर्मिंदगी से बचाना है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला महिलाओं और विशेषकर स्कूली लड़कियों की माहवारी से जुड़ी समस्या पर दिया गया ऐतिहासिक निर्णय, एक सशक्त और दूरदर्शी कदम है। कर्नाटक सरकार ने सरकारी और प्राइवेट क्षेत्र की महिला कर्मचारियों के लिए 12 दिन का सवेतन पीरियड लीव नीति को भी मंजूरी दी है। यह फैसला स्कूलों में मासिक धर्म प्रबंधन की कमी को दूर करने और छात्राओं के सम्मानजनक शिक्षा के अधिकार की सुरक्षा के लिए एक बड़ा कदम है। स्कूलों में अनिवार्य रूप से सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना को झकझोरने वाला संदेश है कि अब माहवारी जैसे विषय को चुप्पी, लज्जा और अज्ञान के अंधेरे में नहीं छोड़ा जा सकता।

विडंबना यह है कि जिस माहवारी को प्रकृति ने जीवन-चक्र का अनिवार्य और स्वस्थ हिस्सा बनाया है, उसे हमारे समाज ने सदियों से अपवित्रता, अशुद्धता और वर्जना से जोड़ दिया। परिणामस्वरूप, करोड़ों महिलाएँ और किशोरियाँ न केवल शारीरिक कष्ट झेलती हैं, बल्कि मानसिक पीड़ा, हीनभावना और सामाजिक बहिष्कार का भी सामना करती हैं। आज भी भारत के अनेक हिस्सों में माहवारी के दौरान लड़कियों को रसोई, पूजा, स्कूल और सामाजिक गतिविधियों से दूर रखा जाता है। यह व्यवहार केवल परंपरा नहीं, बल्कि स्त्री की गरिमा और अधिकारों का प्रत्यक्ष हनन है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी कि माहवारी स्वच्छता की कमी महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुँचाती है इस पूरे विमर्श को एक नई संवैधानिक दृष्टि देती है। संविधान द्वारा प्रदत्त जीवन और गरिमा के अधिकार को यदि वास्तविक अर्थों में लागू करना है, तो महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देनी ही होगी। स्कूलों में सेनेटरी पैड की अनिवार्य व्यवस्था इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि कई अध्ययन बताते हैं कि



स्वच्छता सुविधाओं के अभाव में बड़ी संख्या में लड़कियाँ किशोरावस्था में ही पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं। यह केवल शिक्षा का नुकसान नहीं, बल्कि पूरे समाज की बौद्धिक और नैतिक पूंजी की क्षति है।

न्यायालय ने शिक्षा को एक 'मल्टीप्लायर राइट' बताया जो अन्य मानवाधिकारों के उपयोग की कुंजी है। न्यायालय ने इस निर्णय को केवल आदर्शों की घोषणा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे जमीन पर उतारने के लिए स्पष्ट और व्यावहारिक निर्देश दिए। कक्षा 6 से 12 तक की सभी छात्राओं को मुफ्त, उच्च गुणवत्ता वाले ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया। इन पैड्स का एएसटीएम डी-6954 जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होना अनिवार्य किया गया, ताकि स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके। साथ ही, पैड्स की सहज, सुरक्षित और गोपनीय उपलब्धता के लिए स्कूलों में वेंडिंग मशीन या नामित अधिकारी की व्यवस्था तय की गई, जिससे छात्राओं की झिझक और असहजता पूरी तरह दूर की जा सके। इसके साथ ही स्कूलों में मासिक धर्म स्वास्थ्य प्रबंधन कॉर्नर स्थापित करने का आदेश दिया गया, जहाँ अतिरिक्त यूनिफॉर्म, स्पेयर इनरवियर, डिस्पोजेबल बैग और आवश्यक स्वच्छता सामग्री उपलब्ध होगी। दिव्यांग छात्राओं के लिए व्हीलचेयर-अनुकूल शौचालय और सहायक उपकरण जैसी विशेष सुविधाएँ अनिवार्य की गईं। निजी स्कूलों द्वारा निर्देशों की अवहेलना पर मान्यता रद्द करने का प्रावधान रखकर जवाबदेही को मजबूत किया गया, ताकि यह फैसला केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि हर छात्रा के जीवन में वास्तविक बदलाव ला सके।

माहवारी स्वच्छता केवल पैड उपलब्ध कराने तक सीमित विषय नहीं है। इसके साथ जुड़ा है स्वच्छ शौचालय, साफ पानी, कचरा निस्तारण की व्यवस्था और सबसे महत्वपूर्णकृसही जानकारी। आज भी अनेक लड़कियाँ पहली माहवारी के समय भय, भ्रम और अपराधबोध से घिर जाती हैं क्योंकि उन्हें पहले से कोई वैज्ञानिक और संवेदनशील जानकारी नहीं दी जाती। स्कूलों में यदि स्वास्थ्य शिक्षा को गंभीरता से लागू किया जाए और माहवारी को एक सामान्य जैविक प्रक्रिया के रूप में समझाया जाए, तो यह डर और संकोच स्वतः समाप्त हो सकता है। यह भी सच है कि माहवारी को लेकर समाज में फैली चुप्पी पुरुषों की भूमिका को भी प्रश्नों के घेरे में लाती है। जब तक पुरुष-चाहे वे पिता हों, शिक्षक हों, प्रशासक हों या नीति-निर्माता, इस विषय को केवल महिलाओं का मामला मानकर किनारे करते रहेंगे, तब तक वास्तविक बदलाव संभव नहीं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं कि उन्होंने समाज और खासकर पुरुषों को संवेदनशील बनने का अवसर दिया है। जागरूकता का अर्थ केवल महिलाओं को सशक्त बनाना नहीं, बल्कि पुरुषों को सहृदय और जिम्मेदार बनाना भी है।

ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में माहवारी से जुड़ी चुनौतियाँ और भी गंभीर हैं। वहाँ आज भी कपड़े, राख या अस्वच्छ साधनों का उपयोग आम है, जिससे संक्रमण और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। सरकारी योजनाएँ और गैर-सरकारी प्रयास मौजूद हैं, परंतु उनकी पहुँच और प्रभावशीलता अभी भी सीमित है। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय यदि ईमानदारी से लागू होता है, तो यह नीति और जमीन के बीच की खाई को पाटने में सहायक हो सकता है। यह भी विचारणीय है कि माहवारी स्वच्छता को केवल कल्याणकारी योजना न मानकर महिला अधिकारों के व्यापक ढाँचे में देखा जाए। स्वास्थ्य का अधिकार, शिक्षा का अधिकार और समानता का अधिकार-तीनों इस विषय से सीधे जुड़े हैं। एक ऐसी व्यवस्था जहाँ लड़की केवल इसलिए स्कूल न जा सके क्योंकि उसके पास सेनेटरी पैड नहीं हैं, वह व्यवस्था संविधान की आत्मा के विपरीत है। इसलिए यह फैसला सामाजिक न्याय की अवधारणा को भी मजबूती देता है।

आज भारत नए प्रवेश के साथ आगे बढ़ने की बात करता है-डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और विश्वगुरु बनने की आकांक्षा रखता है। किंतु यदि इस विकास की गाथा में महिलाओं की बुनियादी आवश्यकताएँ और सम्मान शामिल नहीं हैं, तो यह प्रगति खोखली सिद्ध होगी। वास्तविक विकास वही है जो सबसे कमजोर वर्ग की पीड़ा को समझे और उसे दूर करने का साहस रखे। माहवारी जैसे विषय पर खुली चर्चा उसी साहस का प्रतीक है। समाज में जन-जागृति लाना इस पूरी प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण चरण है। कानून और आदेश दिशा दिखा सकते हैं, परंतु मानसिकता बदलना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। मीडिया, शिक्षा संस्थान, धार्मिक और सामाजिक संगठन सभी को मिलकर माहवारी को लेकर फैली भ्रांतियों को तोड़ना होगा। इसे शर्म का नहीं, स्वास्थ्य और स्वाभिमान का विषय बनाना होगा। अंततः, सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय एक शुरुआत है, मंज़िल नहीं। इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि हम इसे कितनी ईमानदारी से लागू करते हैं और कितनी संवेदनशीलता से अपनाते हैं। यदि हम सचमुच एक समावेशी, न्यायपूर्ण और मानवीय भारत का निर्माण चाहते हैं, सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास के साथ नया भारत बनाना चाहते हैं तो महिलाओं के स्वास्थ्य और अधिकारों को विकास के केंद्र में रखना ही होगा। माहवारी से मुक्ति का अर्थ केवल शारीरिक सुविधा नहीं, बल्कि मानसिक, सामाजिक और संवैधानिक स्वतंत्रता है। यही स्वतंत्रता किसी भी सभ्य और प्रगतिशील समाज की पहचान होती है।

# विश्व रंग : ईरान में न अमन, न चैन



डॉ. सुधीर सक्सेना

लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं

ईरान अशांत है। वह फिलवक्त दो पाटों में फंसा हुआ है। एक ओर तो घरेलू मोर्चे पर देगची में असंतोष खलभला रहा है, दूसरी ओर लंबे अर्से से आर्थिक-पाबंदियां झेल रहे ईरान को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कभी भी कार्रवाई की धमकी ने सांसत में डाल दिया है। यद्यपि ईरान ने युद्ध के लिये तैयार रहने और आक्रमण होने पर करारा जवाब देने की बात कही है, अलबत्ता उसने अमेरिका के साथ वार्ता के लिये भी तत्परता दर्शायी है। गौरतलब है कि वाशिंगटन और तेहरान के बीच दौत्य-संबंध नहीं है और उनके बीच संदेशों के आदान-प्रदान का दायित्व स्विस-दूतावास निभा रहा है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघायेई का कहना है कि मध्यपूर्व के लिये ट्रंप प्रशासन के विशेष दूत स्टीव विटकोफ और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरघची के बीच संचार-प्रणाली चालू है और पड़ने पर संदेशों का आदान-प्रदान जारी है। सोमवार 12 जनवरी को ईरानी विदेशमंत्री यह कहते हुये उद्धृत किये गये कि ईरान ने युद्ध के साथ-साथ वार्ता के लिये अपने दरवाजे खुले रखे हैं। उनके इस बयान को तेहरान की मनःस्थिति के परिचायक के तौर पर देखा जा सकता है। यह इस बात का द्योतक है कि तेहरान जंग की बात भले ही कहे, लेकिन गहन आंतरिक असंतोष के इस कठिन दौर में वह अपनी ओर से जंग के लिये अनिच्छुक है और जैसे भी हो वह जंग को टालना चाहेगा।

ईरान के इस्लामी गणतंत्र के लिये मुसीबतों का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि वहां करीब एक पखवाड़े से उग्र प्रदर्शनों का तांता लगा हुआ है। 28 दिसंबर से शुरू हुये उन प्रदर्शनों पर काबू पाने के लिये पुलिस को जगह-जगह गोलियां चलानी पड़ी है। इसके फलस्वरूप अब तक 646 लोगों की जान जाने की खबर है। इनमें 505 प्रदर्शनकारियों, 113 सुरक्षाकर्मियों और सात तमाशबीनों का समावेश है। इसके अलावा 579 मौत की पुष्टि होना अभी शेष है और उनकी तफ्तीश की जा रही है। सरकार ने प्रदर्शनकारियों के प्रति कड़ाई बरतने के संकेत दिये हैं और एक पखवाड़े की अवधि में दस हजार से अधिक ईरान को गिरफ्तार किया है।

ईशन पर विश्व राजनय की दशा और दिशा को संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव अंतोनियो गुटर्रेस के उस बयान से भी समझा जा सकता है, जिसमें उन्होंने ईरान में आंतरिक हिंसा से स्तब्ध होने और ईरानी सरकार से हिंसा के बजाय संयम बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, शांतिपूर्ण इकट्ठा होने और प्रदर्शन का सम्मान किया जाना चाहिये। प्रदर्शन और दमन की खबरों के बीच शनिवार को इस्त्रायल के प्रधानमंत्री वेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिका के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट मार्को रूबियो ने फोन पर बातचीत की। रिपब्लिकन सिनेटर रैंड पॉल और डेमोक्रेट सिनेटर मार्क वानर ने ईरान पर अमेरिकी सैन्य आक्रमण की संभावना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि विदेशी हमले की स्थिति में ईरानी आवाम हमले के खिलाफ एकजुट हो जायेगा। विशेषज्ञों का मत है कि इससे ईरानी सरकार को असंतोष पर काबू पाने में मदद मिलेगी। मत-मतांतरों के कुहासे में अब लोगों की नजर मंगलवार को राष्ट्रपति की अमेरिकी सांसदों व सलाहकारों से मुलाकाता के नतीजों पर है। उधर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने स्पष्ट शब्दों में अमेरिका और इस्त्रायल पर ईरान में अस्थिरता का जाल बुनने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ईरान के दुश्मनों ने आतंकवादियों को उकसाया है और ये दहशतगर्द मस्जिदों, बैंकों और सार्वजनिक संपत्ति को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने ईरानी अवाम से दंगाइयों से दूर रहने की अपील करते हुये कहा कि सरकार अवाम से बातचीत और आर्थिक मसले सुलझाने को तैयार है।

गत सप्ताहांत राष्ट्रपति ट्रंप के एक्स पर इस आशय के बयान के बाद ईरान समेत मध्यपूर्वक के मुल्कों की धुकधुकी बढ़ गयी है कि ईरानी जनता आजादी की ओर ताक रही है। ऐसा संभवतः पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने लिखा- द यूएसए स्टैंड्स रेडी टु हेल्प। ट्रंप जो हाल में वेनेजुएला में अपनी फिल्लियाँ फड़का चुके हैं, के रेडी टु हेल्प कथन के अलग-अलग अर्थ निकाले जा रहे हैं। इस बीच ईरान के निर्वासित, पूर्व सम्राट के बेटे रजा पहल्वी ने ट्रंप की ईरानी अवाम की अवर्णनीय वीरता की सराहना की है। उन्होंने ईरानियों से कहा कि सड़कें खाली मत छोड़िये। वर्तमान संकट में तेल अवीव को अपने स्थायी शत्रु से छुटकारा पाने का सुअवसर नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि घटनाक्रम पर तेल अवीव की पैनी निगाह है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पर्शियन स्टेट (ईरान) को जल्द ही अत्याचारों से मुक्ति मिलेगी। उलेखनीय है कि इस्त्रायल में ताजा घटनाक्रम और आशंकाओं के मद्देनजर हाई अलर्ट लागू कर दिया गया है। करीब एक छमाही ही बीती है, जब इस्त्रायल और ईरान के दरम्यान 12 दिन जंग चली थी। जून में हुई जंग में अमेरिका ने इस्त्रायल का साथ दिया था। उसने ईरान के परमाणु-ठिकाने तबाह कर दिये थे। बदले में ईरान ने इस्त्रायल और कतर में अमेरिकी ठिकाने पर मिसाइलें दागीं थीं। किस्सा कोताह यह कि अमेरिका की सीधी कार्रवाई की आशंकाओ के बीच स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। ईरान में अमन-चैन को नामोनिशां नहीं है और वह दोहरे संकट से जूझ रहा है।

# बजटजी कैसे हैं

संतोष उत्सुक

बजट, सरकार देश और जनता के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण होता है। कहते हैं ख़ास लोगों के कारण ही देश की पहचान बनती है, आमजन के कारण तो नहीं बनती। वह बात अलग है कि इनके टैक्स देने के कारण ही सरकारी आमदनी होती है लेकिन इन पर खर्च कम किया जाता है। दुनिया को दिखाने के लिए विकास दर ज़रूरी है इसलिए हर सरकार उस पर ध्यान देती है। बजट आने के बाद विपक्षी पार्टी का यह राजनीतिक कर्तव्य है कि बजट को समाज और देश के लिए हानिकारक बताए। मंत्रियों द्वारा बजट को आत्म निर्भर और विकसित राष्ट्र के संकल्प का आधार बताना होता है। विपक्ष द्वारा देश के वास्तविक संकटों पर ध्यान न देने वाला कहना होता है। कोई कहेगा इस बजट में रोज़गार या नौकरी नहीं, गरीबों और गांव में रहने वालों की समझ से परे है। मंत्री कहेंगे किसानों युवाओं पर केन्द्रित भविष्य का रास्ता है।



विपक्षी दल की तेज़तर्रार मंत्री को यही कहना चाहिए था कि बजट दिशाहीन, दृष्टिहीन, कर्म हीन, जन विरोधी, महिला विरोधी, किसान विरोधी, शिक्षा विरोधी है। इसमें हमारे प्रदेश के लिए कुछ नहीं है। सरकार के खिलाफ न जा सकने वाले उद्योगपतियों ने नई दिशा, नया रास्ता, नया रोज़गार देने वाला, प्रतिस्पर्धा बढाने वाला, उत्पादन लागत घटाने वाला, पैसों की किल्लत दूर करने वाला और पुराने उद्योगों को बढ़ावा देने वाला बताया। एक ने कहा अमीरों की आय बढाने वाला है। कई बार कहते हैं पर्यटन को लगेंगे पंख, इस बार पढ़ा, पशुपालन और मत्स्य पालन को भी लगेंगे पंख। बुद्धिजीवी माने जाने वालों ने कहा, इस बार बजट में शायरी, कविता, साहित्यिक उदाहरण और महान संतों के विचारों को प्रवेश नहीं करने दिया। भला निवेश और विकास के सामने यह सब कैसे आते। वैसे भी दोनों अलग अलग हैं कैसे साथ में टिकते।

बजट भविष्य के लिए चाहे जितना सकारात्मक हो लेकिन मध्यम वर्ग और वेतन भोगियों को आज ही राहत चाहिए। जिनके पास नौकरी नहीं उनके बारे कोई नहीं सोचता। किसी ने कहा बजट तो होना ही ऐसा चाहिए जिसमें अपने लिए कुछ तलाशो या समझने की कोशिश करो तो, न तो मिले और न ही समझ में आए। बजट के आने पर कई बार बाज़ार भी निराश हो जाता है। केंद्र और राज्य में अलग अलग पार्टी की सरकारों के, दो विरोधी नेताओं के बयान पढ़कर आम आदमी सोचता है मैंने बजट से क्या लेना है यह हैं न दोनों विशेषज्ञ। एक कहेगा काला दिन, दूसरा कहेगा क्रांतिकारी दिन। बजट में उस राज्य सरकार के लिए लड्डू कैसे हो सकते हैं जो विरोधी पार्टी की हो। एक कहेगा न हवाई सेवा का विस्तार, पर्यटन विकास पैकेज नहीं, झुनझुना थमाया है। दूसरा फरमाएगा, महिला सशक्तिकरण और हर वर्ग के लिए विकास का वायदा किया।

आम व्यक्ति यही पूछता है कि उसकी बीमारी की दवा कितने रूपए सस्ती हुई। महिलाएं जानना चाहेंगी, उनका पसंदीदा बैग कितने में पड़ेगा। विदेशी यात्रा कितने प्रतिशत सस्ती हुई। स्मार्ट फोन कितने हज़ार में मिलेगा। बजट की बारीकियों से बजट बनाने वालों ने भी क्या लेना उसके लिए प्रभाव पैदा करने वाले प्रबुद्ध अर्थशास्त्री हैं न। हर सरकार का बजट उच्चकोटि का होता है। सरकारजी ने चुनाव भी जीतने होते हैं। बजट बहुत आदरणीय है आइए आज से बजट की जगह बजटजी कहना शुरू करें।

# भारत वसुधैव कुटुम्बकम के भाव के साथ मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न कर रहा है



प्रह्लाद सबनानी

सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक

दिनांक 27 जनवरी 2026 को यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों के साथ भारत ने एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया है। अब, इस समझौते की शर्तों को इन देशों की संसद द्वारा पारित किया जाएगा, इसके बाद यह मुक्त व्यापार समझौता यूरोपीय यूनियन एवं भारत के बीच होने वाले विदेशी व्यापार पर लागू हो जाएगा। इस मुक्त व्यापार समझौते को मदर आफ ऑल डील्स कहा जा रहा है। क्योंकि, यह मुक्त व्यापार समझौता विश्व के 28 देशों के उस भूभाग पर लागू होने जा रहा है, जहां विश्व की 30 प्रतिशत आबादी निवास करती है। पृथ्वी के इस भूभाग पर 200 करोड़ से अधिक नागरिकों का निवास है। इन 28 देशों की संयुक्त रूप से विश्व के कुल सकल घरेलू उत्पाद में 25 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था एवं चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के बीच यह मुक्त व्यापार समझौता सम्पन्न होने जा रहा है। वैश्विक स्तर पर होने वाले विदेशी व्यापार में इन समस्त देशों की हिस्सेदारी 33 प्रतिशत है। पूरी दुनिया में 33 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का विदेशी व्यापार होता है, इसमें से 11 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का विदेशी व्यापार उक्त 28 देशों द्वारा किया जाता है।

उक्त वर्णित मुक्त व्यापार समझौता विश्व का सबसे बड़ा व्यापार समझौता है। इसके पूर्व, सबसे बड़े मुक्त व्यापार समझौते के रूप में चीन एवं 10 आशियान देशों के बीच सम्पन्न हुए मुक्त व्यापार समझौते को माना जाता है। यह केवल एक मुक्त व्यापार समझौता नहीं बल्कि यूरोपीय यूनियन के 27 देशों एवं भारत के बीच साझा समृद्धि का एक ब्लूप्रिंट है। इस समझौते में पूरी दुनिया की आर्थिक दशा एवं दिशा बदलने की क्षमता है। उक्त व्यापार समझौता को सम्पन्न करने के प्रयास पिछले 18 वर्षों से हो रहे थे। परंतु, कुछ विपरीत परिस्थितियों के चलते इस समझौते को सम्पन्न होने में इतना लम्बा समय लग गया है, अतः यह अब भारत एवं यूरोपीय यूनियन के 27 देशों के बीच एक नए युग की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। उक्त मुक्त व्यापार समझौते के सम्पन्न होने के पश्चात वर्ष 2032 तक यूरोपीयन यूनियन के सदस्य देशों एवं भारत के बीच विदेशी व्यापार के दुगना होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इसके पूर्व भारत एवं यूनाइटेड किंगडम के बीच भी मुक्त व्यापार समझौता सम्पन्न किया जा चुका है। अब कनाडा के प्रधानमंत्री भी संभवतः मार्च माह में भारत के दौरे पर आने वाले है और भारत एवं कनाडा के बीच भी कुछ क्षेत्रों में व्यापार समझौता सम्पन्न होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। अमेरिका मुक्त व्यापार समझौतों को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, जबकि भारत मानवतावादी दृष्टिकोण को अपनाते हुए विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते कर रहा है ताकि भारत एवं अन्य समस्त देशों में निवासरत नागरिकों को इन समझौतों से लाभ मिले। यह भारतीय संस्कृति के वसुधैव कुटुम्बकम के भाव को दर्शाता है। भारत की इस नीति के चलते ही विश्व के कई देश अब भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते



शीघ्र ही सम्पन्न करना चाह रहे हैं। वैश्विक स्तर पर हाल ही के समय में आर्थिक क्षेत्र में भारी उथल पुथल दिखाई दे रही है। भारत एवं यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों के बीच सम्पन्न हुए मुक्त व्यापार समझौते से इस उथल पुथल में कुछ सुधार आता हुआ दिखाई देगा।

भारत में कृषि एवं डेयरी क्षेत्र अतिसंवेदनशील है। क्योंकि, भारत की कुल आबादी का लगभग 60 प्रतिशत भाग आज भी ग्रामीण इलाकों में उक्त क्षेत्रों पर अपनी आजीविका के लिए निर्भर है। अतः उक्त दोनों क्षेत्रों को मुक्त व्यापार समझौते से बाहर रखा गया है। हां, भारत के समुद्री उत्पाद उद्योग, वस्त्र एवं परिधान उद्योग, जेम्स एवं ज्वेलरी उद्योग, चमड़ा उद्योग, खिलौना उद्योग जो श्रम आधारित उद्योग हैं, को उक्त मुक्त व्यापार समझौते से अधिकतम लाभ होगा क्योंकि यूरोपीय यूनियन के समस्त 27 देशों द्वारा भारत से उक्त उत्पादों के आयात पर आयात ड्यूटी को शून्य किया जा रहा है। वर्तमान में भारत से समुद्रीय उत्पादों के निर्यात पर 26 प्रतिशत का आयात कर लगाया जाता है, जिसे मुक्त व्यापार समझौता के लागू होने के पश्चात शून्य कर दिया जाएगा। इसी प्रकार, वस्त्र एवं परिधान के आयात पर वर्तमान में लागू 12 प्रतिशत के आयात कर को शून्य किया जा रहा है, खिलौना पर लागू 4.7 प्रतिशत के आयात कर को शून्य, जेम्स एवं ज्वेलरी के आयात पर 4 प्रतिशत से शून्य, केमिकल उत्पादों के आयात पर 12.8 प्रतिशत से शून्य, चमड़ा से निर्मित उत्पादों के आयात पर 17 प्रतिशत से शून्य, फर्नीचर उत्पादों के आयात पर 10.7 प्रतिशत से शून्य आयत कर किया जा रहा है।

भारत द्वारा विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को इस दृष्टि के साथ सम्पन्न किया जा रहा है ताकि इससे भारत के किसान, मजदूर, कारीगर, पेशेवर नागरिकों एवं सूक्ष्म, छोटे एवं मध्यम उद्योगों को विशेष लाभ हो। यूरोपीयन यूनियन के समस्त 27 देशों में वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र का आकार 26,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है, इससे भारत से वस्त्र एवं परिधान का निर्यात वर्तमान में 64,000 करोड़ रुपए से बढ़कर 3 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इसी प्रकार, चमड़ा उत्पादों का बाजार 10,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है एवं जेम्स एवं ज्वेलरी का बाजार 7,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। 27 देशों में इस विशाल क्षेत्र में भारतीय वस्त्र एवं परिधान उद्योग एवं अन्य उत्पादों को प्रवेश मिलने से भारत में श्रम आधारित कई सूक्ष्म, छोटी एवं मध्यम इकाईयों को लाभ होने जा रहा है। इसी प्रकार का लाभ अन्य क्षेत्रों यथा, समुद्री उत्पाद, चमड़ा उत्पाद, खिलोना उत्पाद, जेम्स एवं ज्वेलरी उत्पाद, केमिकल उत्पाद, फर्नीचर उत्पाद आदि, में कार्यरत इकाईयों की भी होने जा रहा है। इन क्षेत्रों में कार्यरत विनिर्माण इकाईयों के व्यापार में वृद्धि का आश्य सीधे सीधे अधिक श्रमबल की आवश्यकता होना भी है, जिसकी पूर्ति आज विश्व में केवल भारत ही कर सकता है।

रक्षा के क्षेत्र में भारत बहुत तेज गति से विकास कर रहा है। इस क्षेत्र में भारत का अंतिम लक्ष्य आत्मनिर्भरता हासिल करने का है। वहीं दूसरी ओर अमेरिका के ट्रम्प प्रशासन द्वारा यूरोपीय यूनियन के सदस्य देशों को सुरक्षा के सम्बंध में अमेरिका पर निर्भर नहीं रहते हुए अपने पैरों पर खड़े होने की सलाह दी है। अतः यूरोपीय देश अपने सुरक्षा बजट में अत्यधिक वृद्धि करने का विचार कर रहे हैं। भारत के लिए ऐसे समय पर उक्त मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया जाना एक सुनहरे अवसर के रूप में सामने आया है। इससे सुरक्षा के क्षेत्र में उत्पादन कर रही भारतीय कम्पनियों को यूरोपीय यूनियन का अति विशाल बाजार मिलने जा रहा है। इसी के साथ ही यूरोपीय यूनियन के सदस्य देशों से सुरक्षा के क्षेत्र में उच्च तकनीकी का हस्तांतरण भारतीय कम्पनियों को सम्भव हो सकेगा। कुल मिलाकर यूरोपीय यूनियन के समस्त 27 देशों के साथ सम्पन्न किए जा रहे मुक्त व्यापार समझौते से भारत के लिए अतिलाभप्रद स्थिति बनने जा रही है।

# ट्रंप के मंसूबों पर फिरेगा पानी ? ग्रीनलैंड और आर्कटिक के लिए नाटो ने बनाया खास प्लान

नई दिल्ली

अमेरिका के ग्रीनलैंड पर दावे के बाद अब नाटो ने भी कमर कस ली है। नाटो के मिलिट्री हेडक्वार्टर के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि नाटो ने आर्कटिक सेंट्री मिशन के लिए मिलिट्री प्लानिंग शुरू कर दी है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने बार-बार कहा है कि वह ग्रीनलैंड को हासिल करना चाहते हैं और यूरोपीय सहयोगियों पर आरोप लगाया है कि वे रूस या चीन से इस बड़े आर्कटिक द्वीप को ठीक से सुरक्षित नहीं कर पा रहे हैं। इससे डेनमार्क के इस विदेशी क्षेत्र को लेकर कोपेनहेगन के साथ विवाद शुरू हो गया है और नाटो के साथ भी तनाव बढ़ गया है।

सुप्रीम हेडक्वार्टर एलाइड पावर्स यूरोप के प्रवक्ता कर्नल मार्टिन ओडोनेल ने जर्मन मैगजीन स्पीगल की एक रिपोर्ट की पुष्टि करते हुए कहा, नाटो की बढ़ी हुई निगरानी गतिविधि आर्कटिक सेंट्री के लिए प्लानिंग चल रही है।

उन्होंने ज़्यादा जानकारी देने से मना कर दिया क्योंकि प्लानिंग अभी-अभी शुरू हुई थी।



जनवरी में दावोस में ट्रंप से मिलने के बाद, नाटो के सेक्रेटरी-जनरल मार्क रुटे ने कहा कि उन्होंने इस बात पर चर्चा की थी कि नाटो सहयोगी आर्कटिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मिलकर कैसे काम कर सकते हैं। इसमें आर्कटिक में जमीन वाले सात नाटो देश भी शामिल हैं। डेनमार्क के रक्षा मंत्री ट्रोल्स लुंड पॉलसेन ने कहा कि यह बहुत संतोषजनक है कि नाटो मिशन के लिए मिलिट्री प्लानिंग चल रही है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, यह बहुत जरूरी है कि हम आर्कटिक और उत्तरी अटलांटिक में सुरक्षा बढ़ाने के लिए अपने नाटो सहयोगियों के साथ मिलकर काम करें।

यह तुरंत साफ नहीं हुआ कि नाटो के रक्षा मंत्री 12 फरवरी को ब्रसेल्स में अपनी बैठक में इस विषय पर चर्चा करेंगे या नहीं। गठबंधन के नियमों के तहत, नाटो सुप्रीम एलाइड कमांडर यूरोप, अमेरिकी जनरल एलेक्सस ग्रिनकेविच के पास सहयोगियों की सर्वसम्मत मंजूरी के बिना बढ़ी हुई निगरानी गतिविधियों की योजना बनाने और उन्हें लागू करने का अधिकार है।

# बीच समुंदर बड़ी कार्रवाई, यूएस ने मार गिराया ईरानी ड्रोन, खामनेई की धमकी से हड़कंप!

वाशिंगटन

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार (6 फरवरी) को दोनों पक्षों के अधिकारियों की ईरान के परमाणु कार्यक्रम और अन्य मुद्दों पर बैठक होने की उम्मीद है, इसी बीच तेहरान ने अरब सागर से गुजर रहे एक अमेरिकी विमानवाहक पोत की ओर ड्रोन भेजा। जवाब में अमेरिकी सेना ने उसे मार गिराया। अमेरिकी सेना के अनुसार, 3 फरवरी को ईरान के शाहेद-130 ड्रोन ने अरब सागर से गुजर रहे यूएसएस अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत की ओर आक्रामक रूप से हमला किया। यह पोत ईरान के दक्षिणी तट से लगभग 500 मील दूर था। इसके जवाब में अमेरिकी युद्धपोत ने एफ-35सी लड़ाकू विमान से ड्रोन को मार गिराया। ईरानी ड्रोन की यह गतिविधि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को नाराज कर सकती है, जो ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करने पर विचार कर रहे हैं। यह



कदम यूएसएस अब्राहम लिंकन की सैन्य शक्ति को दर्शाता है, जिसे अमेरिकी नौसेना दुनिया का सबसे बड़ा युद्धपोत बताती है।

मंगलवार को घटी घटनाओं का वर्णन करते हुए, अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता कैप्टन टिम हॉकिन्स ने बताया कि अमेरिकी सेना ने एक ईरानी ड्रोन को मार गिराया, जब वह मानवरहित विमान यूएसएस अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत की ओर आक्रामक रूप से बढ़ रहा था। यह पोत अरब सागर में ईरान के दक्षिणी तट से लगभग 500 मील दूर स्थित था। हॉकिन्स ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में तैनात अमेरिकी सेना द्वारा तनाव कम करने के उपाय किए जाने के बावजूद, ईरानी ड्रोन पोत की ओर बढ़ता रहा। उन्होंने आगे बताया कि लिंकन के एक एफ-35सी लड़ाकू विमान ने पोत और उसके कर्मियों की सुरक्षा के लिए ड्रोन को मार गिराया। हॉकिन्स ने यह भी बताया, इस घटना में कोई भी अमेरिकी सैनिक घायल नहीं हुआ और न ही किसी अमेरिकी उपकरण को नुकसान पहुंचा। ईरानी मीडिया, तसनीम न्यूज एजेंसी ने भी पुष्टि की कि अरब सागर के अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में जासूसी, निगरानी और फिल्मांकन मिशन पर निकले इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के ड्रोन से ईरान का संपर्क टूट गया।

घटनाओं ने अमेरिकी विमानवाहक पोत के बारे में लोगों की दिलचस्पी बढ़ा दी है, जिसका नाम संयुक्त राज्य अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन के नाम पर रखा गया है। रक्षा विश्लेषक यूएसएस अब्राहम लिंकन को अमेरिकी संकल्प और तकनीकी कौशल का प्रतीक मानते हैं। गल्फ न्यूज़ की एक रिपोर्ट के अनुसार, यूएसएस अब्राहम लिंकन सिर्फ एक जहाज नहीं है- यह युद्ध का तैरता हुआ शहर है, एक तकनीकी चमत्कार है और अमेरिकी नौसैनिक प्रभुत्व का प्रतीक है। 1989 में कमीशन किया गया परमाणु ऊर्जा से चलने वाला विमानवाहक पोत, निमित्ज़ श्रेणी का हिस्सा, यूएसएस अब्राहम लिंकन आधी सदी से अमेरिकी विमानवाहक विमानन की रीढ़ रहा है।

## रूस से तेल नहीं खरीदेगा भारत, अमेरिका से खरीदारी बढ़ाएगा : व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन, (वार्ता)।** व्हाइट हाउस ने बुधवार को दावा किया कि भारत ने अमेरिका के साथ हुए नये समझौते के तहत रूस से कच्चा तेल न लेने और अमेरिका से ज्यादा तेल खरीदने का निर्णय लिया है। व्हाइट हाउस की मीडिया सचिव कैरोलाइन लेविट ने संवाददाताओं से कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच सीधी बातचीत के बाद भारत ने यह प्रतिबद्धता ज़ाहिर की। उन्होंने कहा, जैसा कि आप सब ने देखा, राष्ट्रपति (ट्रंप) ने भारत के साथ एक और बेहतरीन सौदा किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सीधे बात की। उन दोनों का रिश्ता बहुत मजबूत है।

सुश्री लेविट ने कहा, भारत ने न सिर्फ़ रूसी तेल नहीं खरीदने का वादा किया है, बल्कि अमेरिका से भी तेल खरीदने का वादा किया है, और शायद वेनेजुएला से भी। इसका सीधा फ़ायदा अमेरिका और अमेरिकी लोगों को होगा। सुश्री लेविट ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 500 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश का वादा किया है, जिसमें परिवहन, ऊर्जा और कृषि उत्पादों जैसे सेक्टर शामिल हैं।

# बीएलए के हमलों से कांपा ख्वाजा आसिफ

**रक्षा मंत्री ने मानी हार, कहा- इतने बड़े इलाके को संभालना सेना के बस की बात नहीं**

इस्लामाबाद



पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि बलूचिस्तान के विशाल आकार के कारण देश की सुरक्षा बलों को उग्रवादी हिंसा में आई नई तेजी से निपटने में शारीरिक रूप से कठिनाई हो रही है। अधिकारियों ने प्रांत भर में चलाए गए व्यापक आतंकवाद-विरोधी अभियानों में 177 उग्रवादियों को मार गिराने की सूचना दी है। राष्ट्रीय सभा को संबोधित करते हुए, आसिफ ने पाकिस्तान के सबसे बड़े और सबसे कम आबादी वाले प्रांत में तैनात सैनिकों के सामने मौजूद चुनौती की भयावहता का वर्णन किया, जहां समन्वित हमलों ने हाल के वर्षों में सबसे घातक सुरक्षा संकटों में से एक को जन्म दिया है। उनकी यह टिप्पणी उग्रवादियों द्वारा कई कस्बों में एक साथ किए गए हमलों के बाद आई है, जिसमें नागरिकों, घरों और सुरक्षा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया था। भौगोलिक दृष्टि से बलूचिस्तान पाकिस्तान का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है... इस पर नियंत्रण करना किसी घनी आबादी वाले शहर पर नियंत्रण करने से कहीं अधिक कठिन है और इसके लिए भारी संख्या में बलों की तैनाती की आवश्यकता है। हमारे सैनिक वहां तैनात हैं और आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन इतने बड़े क्षेत्र की सुरक्षा और गश्त करने में वे शारीरिक रूप से असमर्थ हैं। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि बड़े पैमाने पर छापेमारी और गोलीबारी के बाद पिछले दो दिनों में मारे गए आतंकवादियों की संख्या बढ़कर 177 हो गई है। विद्रोहियों द्वारा 12 स्थानों पर समन्वित हमले किए जाने के बाद अभियान शुरू किए गए, जिसमें अधिकारियों ने पुष्टि की कि कम से कम 17 पुलिसकर्मी और सुरक्षाकर्मी मारे गए, साथ ही दर्जनों नागरिक भी मारे गए। आसिफ ने कहा कि सप्ताहांत में हुई हिंसा में 33 नागरिकों और सुरक्षा बलों के 17 सदस्यों की जान गई। उन्होंने बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के साथ बातचीत से इनकार करते हुए कहा कि नागरिकों, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं, की हत्या के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों के साथ कोई बातचीत नहीं की जाएगी। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि सरकार को बलूचिस्तान में बड़ी संख्या में सैनिक तैनात करने की आवश्यकता है, क्योंकि यह अशांत प्रांत अपनी विशाल भौगोलिक स्थिति और हाल ही में हमलों में हुई वृद्धि के बीच गंभीर सुरक्षा स्थिति का सामना कर रहा है। सुरक्षा बलों ने अस्थिर प्रांत के 12 स्थानों पर आतंकवादियों द्वारा एक साथ किए गए हमलों के बाद 177 उग्रवादियों को ढेर किया है। नेशनल असेंबली को संबोधित करते हुए आसिफ ने कहा कि विद्रोहियों से लड़ रहे सैनिक क्षेत्र की विशालता के कारण असहाय हैं। उन्होंने कहा, भौगोलिक रूप से पाकिस्तान के 40 प्रतिशत भूभाग पर बलूचिस्तान है‍ जिसे नियंत्रित करना किसी अधिक जनसंख्या वाले शहर की तुलना में कहीं अधिक कठिन है और इसके लिए बड़ी संख्या में बलों की तैनाती की जरूरत है। हमारे सैनिक वहां तैनात हैं और आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन इतनी बड़ी जगह की गश्त और निगरानी के कारण वे शारीरिक रूप से असहाय हैं।

# ममता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा, 'सिर्फ बंगाल ही क्यों?' न्यायालय ने चुनाव आयोग से एसआईआर पर जवाब मांगा

नयी दिल्ली (वार्ता)

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय में खुद पेश होकर आरोप लगाया कि चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जरिये उनके राज्य को चयनात्मक रूप से निशाना बनाया जा रहा है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ ने ईसीआई के खिलाफ सुश्री बनर्जी की याचिका पर सुनवाई की। इसमें आरोप लगाया गया है कि मौजूदा एसआईआर कवायद से बड़े पैमाने पर मतदाताओं का हक छीना जायेगा। उन्होंने इसे एक अपारदर्शी, जल्दबाजी वाली, असंवैधानिक और गैरकानूनी प्रक्रिया बताया।

इसके बाद उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाली



उनकी रिट याचिका पर चुनाव आयोग (ईसीआई) को नोटिस जारी कर उससे सोमवार तक जवाब देने को कहा। मामले की जैसे ही सुनवाई शुरू हुई तो वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने याचिका की गंभीरता का उल्लेख करते हुए बताया कि यह मामला आइटम संख्या 36 और 37 के रूप में सूचीबद्ध नये विषयों से संबंधित है। जब न्यायालय ने संकेत दिया कि वह जल्द ही इस मामले की सुनवाई करेगा तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी स्वयं पोडियम तक गयीं और पीठ को सीधे संबोधित करने का आग्रह किया। सुश्री बनर्जी ने तर्क दिया, यह एसआईआर प्रक्रिया केवल नाम हटाने के लिए है। उन्होंने दावा किया कि विवाह के बाद उपनाम बदलने वाली महिलाओं या निवास बदलने वाले गरीब प्रवासियों जैसी सामाजिक वास्तविकताओं के कारण होने वाली मामूली विसंगतियों के आधार पर वास्तविक मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं।

उन्होंने न्यायालय को बताया कि मतदाताओं के नाम तार्किक विसंगति के आधार पर हटा दिये गये, भले ही वह विसंगति केवल उपनाम या वर्तनी की भिन्नता मात्र थी। गरीब लोगों जो बाहर जाते हैं, उनके नाम हटा दिये गये हैं। यह निष्कासन का आधार क्यों होना चाहिए। सुश्री बनर्जी ने एसआईआर प्रक्रिया के समय और इसके चयनात्मक होने पर सवाल भी उठाया।

## नक्सलवाद को राज्यों की समस्या समझती थी पूर्ववर्ती केंद्र सरकारः राय

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को कहा कि पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार नक्सलवाद को राज्यों की समस्या समझती थी और वोट बैंक के लिए समझौते करती थी जिसके कारण देश से नक्सलवाद समाप्त नहीं हो रहा था। श्री राय ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि मौजूदा सरकार मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद मुक्त करने के लक्ष्य के प्रति कृतसंकल्प है। इसके लिए कई प्रभावी कदम उठाये गये हैं।

उन्होंने कहा कि साल 2014 से पहले की सरकार समझती थी कि यह राज्यों की समस्या है। वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ कोई नीति नहीं थी। उन्होंने आरोप लगाया, वोट (बैंक) की राजनीति के लिए कुछ राजनीतिक दल केंद्र और राज्य में हिंसावादी दलों के साथ समझौते करते रहे।

# डील नहीं - ढील है, यह समझौता नहीं, समर्पण है : अखिलेश यादव

लखनऊ (वार्ता)

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रस्तावित ट्रेड डील को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि डील नहीं, ढील है, जो भी समझौता देश की 70 प्रतिशत कृषि आधारित जनता के हितों के खिलाफ होगा, वह कभी लाभकारी साबित नहीं हो सकता।

बुधवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि सदन में कृषि और डेयरी को बचाने के दावे किए जा रहे हैं, जबकि ज़मीनी सच्चाई कुछ और है। उन्होंने कहा, जब डील की शर्तें अभी तय ही नहीं हुईं और न ही हस्ताक्षर हुए हैं, तो पहले से फायदे के दावे कैसे किए जा सकते हैं? हर ट्रेड डील लाभ‍हानि की तराज़ू पर तोली जाती है,



सवाल यह है कि फ़ायदे में कौन है और नुक़सान में कौन।

उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में इन दावों का संज्ञान लिया जाएगा और अगर ये झूठे साबित हुए तो कार्रवाई की मांग की जाएगी। सपा प्रमुख ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा, भाजपाई हानि का उत्सव न मनाएं। यह डील एक आपदा है, इसमें कमीशनख़ोरी के अवसर न तलाशें।

अखिलेश यादव ने समझौते को समर्पण करार देते हुए कहा कि लोग यह तक कह रहे हैं मानो भारत से 500 अरब डॉलर की रंगदारी वसूली जा रही हो। उन्होंने सरकार समर्थकों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो इसे कूटनीति की जीत बता रहे हैं, वे भी जानते हैं कि अंतरराष्ट्रीय ताक़तें अपनी शर्तों पर मुनाफ़े का ढांचा तैयार कर रही हैं। उन्होंने अंत में कहा कि इस सौदे को मील का पत्थर बताने वालों की समझ पर सवाल उठते हैं और जो इसे सरकार के दबदबे की जीत बता रहे हैं, वे भीतर ही भीतर दबाव महसूस कर रहे हैं।


## अमेरिका-ईरान के बीच ड्रोन हमले की घटना से वार्ता की संभावना धूमिल

**काहिरा, (वार्ता)।** ईरानी सशस्त्र बलों के एक ड्रोन ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्रों में एक निरीक्षण मिशन पूरा किया, जिसके ठीक बाद अमेरिकी सेना ने माना कि उसने एक ईरानी ड्रोन को मार गिराया है जिसने एक विमान वाहक के करीब आक्रामक रूप से आने की कोशिश की थी। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तसनीम ने एक सूत्र के हवाले से कहा कि ईरान का अपने एक ड्रोन से संपर्क टूट गया है जिसके कारणों की जांच की रही है। अज्ञात सूत्रों का हवाले से कहा कि ड्रोन ने ईरान से सटे क्षेत्रों में सैन्य गतिविधियों की सफलतापूर्वक निगरानी की और वास्तविक समय में जमीनी ठिकानों को डेटा भेजा। ऐसे अभियानों को क्षेत्र की समग्र निगरानी के लिए महत्वपूर्ण माना गया है। अमेरिकी केंद्रीय कमान ने इससे पहले कहा था कि अरब सागर में एक अमेरिकी एफ-35सी युद्धक विमान को ईरानी शाहेद-139 ड्रोन को मार गिराने के लिए मजबूर होना पड़ा।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बायोपिक 'मां वंदे' का पहला शेड्यूल पूरा हुआ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बायोपिक 'मां वंदे' का पहला शेड्यूल हैदराबाद में पूरा कर लिया गया है। फिल्म 'मां वंदे' में उन्नी मुकुंदन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर सेट से बिहाइंड द सीन तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें इस बड़े और महत्वाकांक्षी बायोग्राफिकल




ड्रामा की पहली झलक देखने को मिलती है। हैदराबाद शेड्यूल की शुरुआत शुभ मुहूर्त में पारंपरिक पूजा के साथ हुई थी, जिसके बाद फिल्म के कई अहम सीन शूट किए गए। इस चरण के पूरा होते ही अब टीम अगले शेड्यूल के लिए कश्मीर का रुख करने वाली है। सामने आई बीटीएस तस्वीरों में सेट के दिलचस्प पल कैद हैं, जहां निर्देशक क्रांति कुमार सी. एच. उन्नी मुकुंदन के साथ नजर आ रहे हैं। 'मां वंदे' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन सफर से प्रेरित एक बायोग्राफिकल ड्रामा है।इस प्रोजेक्ट का ऐलान सितंबर 2025 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर किया गया था और इसे इंटरनेशनल प्रोडक्शन स्टैंडर्ड्स और मजबूत तकनीकी स्तर के साथ भव्य पैमाने पर बनाया जा रहा है। इस फिल्म का निर्माण वीर रेड्डी एम. ने किया है, जबकि इसकी कहानी और निर्देशन क्रांति कुमार सी. एच. ने संभाला है। 'मां वंदे' में एक जबरदस्त टेक्निकल टीम साथ आई है, जिसमें एक्शन डायरेक्टर किंग सोलोमन, प्रोडक्शन डिजाइनर साबू सायरिल, एडिटर श्रीकर प्रसाद, सिनेमैटोग्राफर के. के. सेंथिल कुमार और म्यूजिक कंपोजर रवि बसुर शामिल हैं। इस टीम के नाम बाहुबली और सालार जैसी यादगार फिल्मों का अनुभव है, वहीं केजीएफ की धमाकेदार धुनों से रवि बसुर पहले ही अपनी पहचान बना चुके हैं।

# अमिताभ ने भगवान दादा की नृत्यशैली को अपनाया

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की नृत्य शैली के कई दीवाने है, लेकिन खुद अमिताभ बच्चन जिनके दीवाने थे और उनकी नृत्य शैली को अपनाया, लेकिन उस अभिनेता को आज की पीढ़ी नही जानती है, यह अभिनेता थे पचास के दशक के सुपरस्टार भगवान दादा। फिल्म जगत में भगवान दादा के नाम से मशहूर भगवान आभा जी पल्लव से फिल्मों से जुड़ी कोई भी विधा अछूती नहीं रही। वह ऐसे हसमुख इंसान थे, जिनकी उपस्थिति मात्र से माहौल खुशनुमा हो उठता था। हंसते हंसाते रहने की प्रवृति को उन्होने अपने अभिनय, निर्माण और निर्देशन में खूब बारीकी से उकेरा। उनका यह अंदाज आज भी उनके चहेतों की यादों मे तरोताजा है ।भगवान दादा का जन्म वर्ष 1913 में मुंबई में एक मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ था। उनके पिता एक मिल वर्कर थे । बचपन के दिनो से भगवान दादा का रूझान फिल्मों की ओर था और वह अभिनेता बनना चाहते थे । अपने शुरूआती दौर में भगवान दादा ने श्रमिक के तौर पर काम किया। भगवान दादा ने अपने फिल्मी करियर के शुरूआती दौर में बतौर अभिनेता मूक फिल्मों में काम किया। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म स्टूडियो में रहकर फिल्म निर्माण के तकनीक सीखनी शुरू कर दी। इस बीच उनकी मुलाकात स्टंट फिल्मों के नामी निर्देशक जी.पी.पवार से हुयी और वह उनके सहायक के तौर पर काम करने लगे। बतौर निर्देशक वर्ष 1938 प्रदर्शित फिल्म 'बहादुर किसान' भगवान दादा के सिने करियर की पहली फिल्म थी जिसमें उन्होंने जी.पी.पवार के साथ मिलकर निर्देशन किया था। इसके बाद भगवान दादा ने 'राजा गोपीचंद बदला,'सुखी जीवन,'बहादुर,'दोस्ती' जैसी कई फिल्मों का निर्देशन किया लेकिन ये सभी टिकट खिड़की पर असफल साबित हुयी।



भगवान दादा की किस्मत का सितारा वर्ष 1951 में प्रदर्शित फिल्म 'अलबेला' से चमका । राजकपूर के कहने पर भगवान दादा ने फिल्म 'अलबेला' का निर्माण और निर्देशन किया। बेहतरीन गीत-संगीत और अभिनय से सजी इस फिल्म की कामयाबी ने भगवान दादा को 'स्टार' के रूप में स्थापित कर दिया। आज भी इस फिल्म के सदाबहार गीत दर्शकों और श्रोताओंको मंत्रमुग्ध कर देते हैं । सी.राम.चंद्र के संगीत निर्देशन में भगवान दादा पर फिल्माये गीत 'शोला जो भड़के दिल मेरा धड़के' उन दिनों युवाओं के बीच क्रेज बन गये थे। इसके अलावा 'भोली सूरत दिल के खोटे नाम बड़े और दर्शन छोटे', ' शाम ढ़ले खिड़की तले तुम सीटी बजाना छोड़ दो' भी श्रोतोओं के बीच लोकप्रिय हुये थे । फिल्म अलबेला की सफलता के बाद भगवान दादा ने झमेला, रंगीला, भला आदमी, शोला जो भड़के, हल्ला गुल्ला जैसी फिल्मों का निर्देशन किया लेकिन ये सारी फिल्म टिकट खिड़की पर असफल साबित हुयी हांलाकि इस बीच उनकी वर्ष 1956 में प्रदर्शित फिल्म 'भागम भाग' हिट रही। वर्ष 1966 में प्रदर्शित फिल्म लाबेला बतौर निर्देशक भगवान दादा के सिने करियर की अंतिम फिल्म साबित हुयी। दुर्भाग्य से इस फिल्म को भी दर्शको ने बुरी तरह नकार दिया । फिल्म 'लाबेला' की असफलता के बाद बतौर निर्देशक भगवान दादा को फिल्मों में काम मिलना बंद कर दिया और बतौर अभिनेता भी उन्हें काम मिलना बंद हो गया। भगवान दादा को परिवार की जरूरत को पूरा करने के लिये अपना बंगला और कार बेचकर एक छोटे से चाल में रहने के लिये विवश होना पड़ा। इसके बाद वह माहौल और फिल्मों के विषय की दिशा बदल जाने पर भगवान दादा चरित्र अभिनेता के रूप में काम करने लगे, लेकिन नौबत यहां तक आ गई कि जो निर्माता-निर्देशक पहले उनको लेकर फिल्म बनाने के लिए लालायित रहते थे। उन्होंने भी उनसे मुंह मोड लिया। इस स्थिति में उन्होंने अपना गुजारा चलाने के लिए फिल्मों में छोटी-छोटी मामूली भूमिकाएं करनी शुर कर दीं । बाद में हालात ऐसे हो गए कि भगवान दादा को फिल्मों में काम मिलना लगभग बंद हो गया। हालात की मार और वक्त के सितम से बुरी तरह टूट चुके हिन्दी फिल्मों के स्वर्णिम युग के अभिनेता भगवान दादा ने चार फरवरी 2002 को गुमनामी के अंधेरे में रहते हुये इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

# मां बहन में कॉमिक अंदाज में नजर आयेंगी तृप्ति डिमरी

बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी अपनी आने वाली फिल्म 'मां बहन' में कॉमिक अंदाज में नजर आयेंगी। 'बुलबुल' और 'क़ाला' के बाद, तृप्ति डिमरी अपनी अगली नेटफ्लिक्स फिल्म 'मां बहन' के साथ एक बार फिर सुर्खियों में हैं। यह एक डार्क कॉमेडी फिल्म है, जिसे सुरेश त्रिवेणी ने निर्देशित किया है। इस फिल्म में माधुरी दीक्षित, रवि किशन और धारणा दुर्गा की भी अहम भूमिका है। इस फिल्म की कहानी रेखा और उसकी दो बेटियों, जया और सुषमा के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्हें उनके मोहल्ले में पहले से ही शक की नजर से देखा जाता है। कहानी तब मजेदार मोड़ लेती है, जब उनकी रसोई में एक लाश मिलती है और



उसे छुपाने के लिए तीनों को मजबूरी में साथ आना पड़ता है। फिल्म मां बहन का टीजर हाल ही में रिलीज किया गया है। तृप्ति डिमरी का डार्क कॉमेडी की ओर रुख करना दर्शकों को खासा पसंद आ रहा है। उनकी शानदार कॉमिक टाइमिंग, 'बड़ी बहन' के किरदार में जिम्मेदारी और हल्की-फुल्की शरारत, साथ ही उनकी सहज घरेलू बोली उनके किरदार को बेहद असली बनाती है। यही वजह है कि दर्शक उनके इस नए अंदाज़ को खूब सराह रहे हैं। 'ओ' रोमियो' में गंभीर और सधी हुई अदाकारी दिखाने के बाद, 'मां बहन' में तृप्ति डिमरी का यह चुलबुला और अनदेखा रूप सामने आ रहा है। यह साफ दिखाता है कि तृप्ति डिमरी आज की सबसे बहुमुखी अभिनेत्रियों में से एक हैं, जो हर किरदार में आसानी से ढल जाती हैं।

# शंखनाद के साथ हुआ हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ




गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष चल रहा है इसी के निमित्त देश भर में मंडल और बस्ती में हिंदू सम्मेलन हो रहे है,इसी क्रम में गाडरवारा नगर की झंडा चौक बस्ती और पुरानी गल्ला मंडी बस्ती का संयुक्त हिंदू सम्मेलन स्थानीय श्री देव जानकी खिरका मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ जिसका प्रथम चरण सांस्कृतिक कार्यक्रम में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ उपस्थित सभी बंधुओ द्वारा किया गया, सत्यव्रत विद्या निकेतन के बच्चों द्वारा स्वागत नृत्य की प्रस्तुति की गई, शिवाजी इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल द्वारा राम मंदिर निर्माण गाथा मनमोहक चित्रण किया,

***द्वितीय चरणों में अतिथियों द्वारा गौ माता पूजन, धरती माता पूजन***- कन्या पूजन, एवं भारत माता की पूजन कर दीप प्रज्वलित किया मुख्य अतिथि- संत विज्ञान चेतन जी महाराज संकट मोचन हनुमान मंदिर तेंदूखेड़ा , पूज्य महंत बालक दास महाराज प्रांतीय संयोजक धर्म जागरण समन्वय विभाग विश्व हिंदू परिषद का स्वागत किया मुख्यवक्ता - हरिनारायण ममार सह जिला कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नरसिंहपुर, विशिष्ठ अतिथि - मातृशक्ति श्रीमती राखी राजपूत चेयरपर्सन दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल , एवं कमलेश भार्गव पुजारी श्री देव अटल बिहारी मंदिर, द्वारा किया गया

संत श्री विज्ञान चेतन महाराज ने कहा हिंदू सम्मेलन का उद्देश्य समाज में नई ऊर्जा चेतना प्रदान कर सनातन संस्कृति सनातन धर्म सामाजिक एकता को बढ़ाना है ,

महंत बालक दास जी ने कहा अपने वक्तव्य में कहा कि हम सबको जाति पाति का भेदभाव छोड़कर हम सब मां भारती की संतानें है ऐसा विचार अपने मन में रखना चाहिए हम सब मिलकर चलेंगे तभी भारत माता संपन्न और वैभवशाली होगी।

मातृशक्ति श्रीमती राखी राजपूत जी ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण , जल संरक्षण पर अपना वक्तव्य दिया। मुख्यवक्ता श्री हरिनारायण जी द्वारा संघ की 100 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डाला

सम्मेलन का समापन वंदे मातरम गीत से हुआ, कार्यक्रम का संचालन अरविंद अग्रवाल नगर सह कार्यवाही एवं आभार प्रदर्शन गौरव शुक्ला बस्ती प्रमुख द्वारा किया गया सम्मेलन में बड़ी संख्या में राष्ट्रप्रेमी मातृशक्ति एवं पुरुष वर्ग उपस्थित थे।



# माँ नर्मदा उत्तर वाहिनी परिक्रमा प्रारंभ

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

ग्राम काटजूनगर ग्राम पंचायत पलोहा जलाराम आश्रम माँ नर्मदा के किनारे से श्री श्री 1008 श्री महामंडलेश्वर श्री सुरेन्द्र दास जी महाराज (इंडियावाड़ा ) जि. नर्मदा, गुजरात की प्रेरणा एवं उनके आशीर्वाद से माँ नर्मदा उत्तर वाहिनी परिक्रमा 1 फरवरी 2026 माघी पूर्णिमा से काटजू नगर घाट से प्रारंभ हो गई है जो नयाखेड़ा ,

टिमरावन, हीरापुर,भटेरा, टिमरावन होती हुई काटजूनगर घाट में 3 मार्च 2026 मंगलवार पूर्णिमा तक पूर्ण होगी । मां नर्मदा उत्तर वाहिनी परिक्रमा के प्रारंभ से मां नर्मदा के भक्तों में काफी उत्साह देखा जा रहा है नर्मदा के घाटों पर विशेष पूजा अर्चना की जा रही है

नमामि देवी नर्मदे के जयकारों लगाते हुए श्रद्धालुजन परिक्रमा में भजन मंडली के साथ भजन गाते हुए चल रहे है । संतो का सानिध्य भी प्राप्त हो रहा है परिक्रमा के दौरान मां नर्मदा के भक्तों के लिए बाल भोग एवं भोजन प्रसादी की व्यवस्था प्रतिदिन जलाराम आश्रम में रखी गई है । लगभग 16 किलोमीटर की इस यात्रा में एक अलग ही माँ नर्मदा की भक्ति देखने को मिल रही है ।

# कलेक्टर ने चीचली उप तहसील में पटवारियों और आरआई के कार्यों की समीक्षा की

### सीएम हेल्पलाइन, फार्मर रजिस्ट्री व आईडी एवं राजस्व प्रकरणों की प्रगति की गहन समीक्षा की

### समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने पर संबंधित के विरुद्ध की जाएगी कड़ी कार्रवाई



नरसिंहपुर

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने बुधवार को जिले की उप तहसील चीचली में पटवारियों एवं राजस्व निरीक्षकों (आरआई) के कार्यों की समीक्षा बैठक में राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की प्रगति की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, फार्मर रजिस्ट्री, नामांतरण, सीमांकन सहित पटवारी स्तर पर संपादित किए जाने वाले कार्यों की प्रगति की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस से अधिक अवधि से लंबित प्रकरणों के संबंध में निर्देशित किया कि ऐसे सभी प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ समय- सीमा में एवं आवेदक की पूर्ण संतुष्टि के साथ सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमणों को चिन्हित कर हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नामांतरण, सीमांकन एवं अन्य राजस्व प्रकरणों व कार्यों, जिनकी निर्धारित समय-सीमा 45 दिवस है, के लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्धारित समय सीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण और संबंधित कार्य नहीं किए जाने पर संबंधित पटवारी का एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त कलेक्टर श्रीमती सिंह ने किसानों की फार्मर रजिस्ट्री के कार्य समय पर पूर्ण कर उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व अमले को कार्यों में पारदर्शिता, तत्परता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, तहसीलदार श्री नितिन राय, नायब तहसीलदार सुश्री प्रियंका नेताम सहित संबंधित पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

## नरसिंहपुर में 6 फरवरी को आयोजित होगा नि:शुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण शिविर

**नरसिंहपुर।** राज्य शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा 13 फरवरी 2026 तक पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आमजन एवं पशुपालकों की सुरक्षा तथा पशु स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए शुक्रवार 6 फरवरी को जिला पशु पॉलीक्लीनिक नरसिंहपुर के प्रांगण में एक विशाल नि:शुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण एवं पशु जागरूकता शिविर का आयोजन प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक किया जाएगा। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. सुनील बृजपुरिया ने बताया कि यह शिविर पूर्णतः नि:शुल्क रहेगा। शिविर के दौरान न केवल पालतू श्वानों के साथ- साथ लावारिस श्वानों का प्राथमिकता से टीकाकरण किया जाएगा, ताकि जिले को रेबीज मुक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। साथ ही पशुपालकों को पशु कल्याण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी जाएंगी। इस शिविर का संचालन पॉलीक्लीनिक की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया जाएगा। टीकाकरण एवं परामर्श डॉ. नितिन किरार एव्हीएफओ, श्री बीएल प्रधान, छाया मुड़िया, आरती मुड़िया एवं अन्य सहायक स्टाफ की देखरेख में संपन्न होगा। पशुपालन विभाग ने जिले के समस्त नागरिकों और पशुपालकों से अपील की है कि वे इस शिविर का लाभ उठाएं और निर्धारित समय पर अपने श्वानों का टीकाकरण कराकर उन्हें सुरक्षित करें।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन

### राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन



नरसिंहपुर

शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम खापा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह शिविर कार्यक्रम अधिकारी श्री एस.के. बक्शी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संचालित किया गया।समापन समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं प्रेरणापुंज स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर पूजन-अर्चन के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वयंसेवक नीतेश ठाकुर एवं रंजीत ठाकुर द्वारा लक्ष्य गीत के सुमधुर गायन से हुई। इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी श्री एस.के. बक्शी ने शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए सात दिनों में संपन्न गतिविधियों की जानकारी दी।कार्यक्रम में उपसरपंच महोदय द्वारा स्वयंसेवकों को प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक श्री ओंकार गोस्वामी द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने स्वयंसेवकों की दिनचर्या एवं शिविर के दौरान किए गए कार्यों का विस्तार से उल्लेख किया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम में स्वच्छता अभियान, नारे लेखन, जागरूकता रैली, नशामुक्ति अभियान सहित अनेक सामाजिक गतिविधियाँ संपन्न की गईं। समापन समारोह में शिक्षक कुबेर सिंह पटेल, डी.पी. ठाकुर, भूपेंद्र पटेल, अनुपमा सराठे, कृपाराम ठाकुर, गेंदालाल काछी, नजीर खान सहित अन्य गणमान्य जनों की उपस्थिति रही।इस शिविर को सफल बनाने में शशांक सराठे, विजय पटेल, किशन ठाकुर एवं महेश कहार का विशेष सहयोग रहा। समापन अवसर पर पूर्व स्वयंसेवक कृष्ण कुमार राजपूत, रामेश्वर यादव, शिवम सराठे, दिलीप ठाकुर, दिनेश ठाकुर सहित वर्तमान स्वयंसेवक राजा ठाकुर, दीवानचंद, हरिशंकर, संजय, मनीष, सूरज, नीरज, समीर, आकाश आदि द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।अंत में शिक्षक श्री गेंदालाल काछी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया और शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



## कलेक्टर रजनी सिंह ने नगर परिषद चीचली में स्थापित होने वाले एसटीपी प्लांट का किया स्थल निरीक्षण

नरसिंहपुर

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने नगर परिषद चीचली क्षेत्र में नदी में गंदे पानी के प्रवाह को रोकने और उसका पुनः उपयोग करने के उद्देश्य से प्रस्तावित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से सीवर के पानी के शोधन के लिए स्थापित किए जा रहे एसटीपी प्लांट की वर्तमान स्थिति व क्षमता और कार्य योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के समय नगर परिषद के अधिकारी एवं संबंधित विभागीय अमला उपस्थित रहा।

## अधिकारियों ने किया गाडरवारा के एमआरएफ प्लांट का निरीक्षण

नरसिंहपुर

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद गाडरवारा के एमआरएफ प्लांट, सीएंडडी प्लांट, कंपोस्ट पीट एवं रिड्यूस रीयूज रिसाइकिल पार्क का निरीक्षण अधिकारियों द्वारा किया गया। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी गाडरवारा, नरसिंहपुर, करेली, सालीचौका व साईंखेड़ा और संबंधित इंजीनियर एवं हेल्थ ऑफिसर मौजूद थे।

# जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल से बदली ग्राम मानेगांव की तस्वीर

नरसिंहपुर

जिले के गोटेगांव विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम मानेगांव में जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजना ने ग्रामीण परिवारों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की नई कहानी लिख दी है। अब स्वच्छ पेयजल ग्राम के घरों की देहरी तक उपलब्ध हो गया है। नल जल योजना के क्रियान्वयन से ग्राम मानेगांव के प्रत्येक परिवार को सुरक्षित एवं पर्याप्त पेयजल मिलने लगा है। इससे जहां महिलाओं को पानी भरने की दैनिक मशक्कत से मुक्ति मिली है, वहीं बच्चों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। स्वच्छ जल की उपलब्धता से बीमारियों में कमी आई है और स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है। मानेगांव की पूजा यादव बताती हैं कि पहले पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, जिससे समय और ऊर्जा दोनों की हानि होती थी। अब घर में नल से जल मिलने से दैनिक कार्य सहज हो गए हैं और जीवन में सुकून आया है। जल जीवन मिशन के माध्यम से सरकार का हर घर जल का संकल्प ग्राम मानेगांव में साकार हुआ है, जिससे ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है। यह योजना न केवल बुनियादी सुविधा उपलब्ध करा रही है, बल्कि ग्रामीण विकास की मजबूत नींव भी रख रही है। इस जनकल्याणकारी योजना के लिए पूजा यादव सहित अन्य ग्रामवासियों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है।

## एकीकृत शासकीय प्राथमिक शाला रांकई में कलेक्टर ने किया शैक्षणिक सहित अन्य सामग्री का शुभारंभ

### स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की सामुदायिक विकास निधि के तहत विद्यालय को प्राप्त हुई विभिन्न सामग्री

नरसिंहपुर

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिले की जनपद पंचायत करेली के अंतर्गत आने वाले एकीकृत शासकीय प्राथमिक शाला रांकाई को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की सामुदायिक विकास निधि (सीएसआर) के अंतर्गत सौंपी गई शैक्षणिक सहित अन्य सामग्री का शुभारंभ किया। बैंक द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी की पहल पर सौर ऊर्जा पैनल, वाटर फिल्टर एवं कूलर, कंप्यूटर, अलमारी तथा विद्यार्थियों के लिए डेस्क और टेबल प्रदान की गई। साथ ही विद्यालय भवन की मरम्मत एवं रंगाई पुताई भी करवाई गई। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती सिंह ने विद्यालय प्रबंधन एवं ग्रामीणजनों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि डिजिटल संसाधनों एवं आवश्यक शैक्षणिक सुविधाओं की उपलब्धता से बच्चों की अध्ययन गुणवत्ता में सुधार होगा तथा उन्हें आधुनिक शिक्षा से जोड़ने में सहायता मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदान की गई सामग्री का समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को अधिकतम शैक्षणिक लाभ प्राप्त हो सके। कलेक्टर ने समाज के उत्थान के लिए एसबीआई की इस पहल को सराहना की। साथ ही विद्यालय प्रबंधन से आशा व्यक्त की कि इन संसाधनों का नियमित रखरखाव किया जाए, ताकि लंबे समय तक यह सुविधाएं छात्र- छात्राओं के लिए उपयोगी बनी रहें। क्षेत्रीय प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्र 2 जबलपुर श्री अमित भगत ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक निरंतर सेवा के लिए समर्पित है और भविष्य में भी जनहित के ऐसे कार्य जारी रहेंगे। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक श्री अरविंद वर्मा, श्री आभास मिश्रा, मुख्य प्रबंधक एसबीआई नरसिंहपुर श्री शुभम श्रीवास्तव, मुख्य प्रबंधक एसीबी नरसिंहपुर श्री गणेश कुमार, मुख्य प्रबंधक जीएल दास, विद्यालय का स्टाफ और छात्र- छात्राएं मौजूद थी।

## दादा दादी, नाना-नानीऔर युवा पीढी के बीच आपसी संबंधों के महत्व पर प्रकाश डाला




नरसिंहपुर

भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय और ब्रह्माकुमारी के समाज सेवा प्रभाग के मध्य हुए शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में स्थानीय प्रजापिता ब्रह्माकुमारीईश्वरीय विश्वविद्यालय दिव्य संस्कार भवन से पधारी बी.के. अनुपमा बहन और कु. रिचाबहन ने समाज के वरिष्ठ जनों दादा दादी, नाना-नानीऔर युवा पीढी के बीच आपसी संबंधो को जैसी प्राचीन भारतीय मूल्यों को पुनर्जीवित करनेसे संबंधित विचार व्यक्त किये। बी.के. अनुपमा बहन ने परिवार के वरिष्ठ जनों को रत्न कीसंझा की और उनके सम्मान को बढाने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। कहानी के माध्यम से वरिष्ठ जनों के प्रति सहानभूति ,कृतज्ञ भाव बढाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्रीमतीप्रीति पाराशर द्वारा संस्था में उपस्थिति बहनों का श्रीफल से स्वागत किया, साथ ही अपने विचार व्यक्त करते हुए बागवान फिल्म का उदाहण देते हुए समाज में हो रहे बदलाव के तहत वरिष्ठों के प्रति होरहे अनादर के भाव को बताते हुए उनके प्रति सम्मान , इज्जत और समाज में उनकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। साथ ही उपस्थित बहनो का आभारप्रदर्शित किया । कार्यक्रम का मंच संचालन श्री प्रमेश कौरव द्वारा किया गया। कार्यक्रमको सफल बनाने में समस्त श्री ए.आर.राव, श्री आर.एन.रावत, एवं समस्त स्टॉफ की भूमिका रही।

# आस्था साधना और शिवकृपा का केंद्र बना नीलकंठेश्वर भक्ति धाम

## महाशिवरात्रि महोत्सव में उमड़ेगा श्रद्धा का महासागर, तैयारिया हुई पूर्ण

कटनी (स्वतंत्र मत)।

कटनी जिला अंतर्गत विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र मे एक इसा धार्मिक स्थल विख्यात हुआ जिसकी पताका दूर दूर दिखाई दे रही है। जहां आस्था सांस लेती है जहां हर पत्थर में शिव का वास महसूस होता है और जहां भक्ति स्वयं साधना बन जाती है वह पावन भूमि है नीलकंठेश्वर भक्ति धाम। वर्षों से यह धाम केवल एक धार्मिक स्थल नहीं बल्कि सनातन चेतना शिव-शक्ति और जनआस्था का प्रकाश स्तंभ बन चुका है। आज इसकी ख्याति दूर-दूर तक फैल रही है और भक्तों के हृदय में यह धाम एक तीर्थ के रूप में प्रतिष्ठित हो चुका है। आशुतोष चंद्रमौलि भगवान शिव की असीम अनुकंपा से नीलकंठेश्वर धाम में 36वां महाशिवरात्रि महोत्सव श्रद्धा भक्ति और दिव्यता के साथ मनाया जा रहा है। यह महोत्सव केवल आयोजन नहीं बल्कि शिव से





साक्षात्कार का अवसर है जहां हर हर महादेव की गूंज आत्मा को स्पर्श करती है।

जिस नींव में थी तपस्या वही आज परंपरा बनी, नीलकंठेश्वर धाम की स्थापना केवल ईंट-पत्थरों से नहीं हुई बल्कि इसके मूल में थी अटूट आस्था और शिवभक्ति। वर्षों पूर्व इस पावन धाम की नींव हरिश्चंद्र पद्मभूषण से सम्मानित शिव शक्ति उपासक मदनलाल ग्रोवर ने रखी थी। उनका जीवन स्वयं शिव साधना का उदाहरण बन चुका है सादगी सेवा और समर्पण से भरा हुआ। उसी पावन परंपरा का निर्वाहन बाबू ग्रोवर एवं रुद्राक्ष ग्रोवर द्वारा पूरी निष्ठा श्रद्धा और सेवा भाव से किया जा रहा है। यह केवल व्यवस्थापक नहीं बल्कि पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही शिवसेवा की साधना है जो नीलकंठेश्वर धाम को और अधिक दिव्य बना रही है। महाशिवरात्रि महोत्सव भक्ति का विराट स्वरूप महोत्सव के अंतर्गत श्रीरामचरितमानस पाठ एवं 231 दिवसीय अनुष्ठान पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं महाअभिषेक भव्य शिवजी बारात श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारा तथा श्रद्धात्मक पूर्णाहुति एवं देवी जागरण जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से शिवभक्ति अपने चरम पर पहुंचेगी। भजन सम्राट हेमन ब्रजवासी (मथुरा) की दिव्य प्रस्तुति से वातावरण भक्तिरस में डूब जाएगा जहां हर स्वर शिवमय होगा और हर ताल हृदय को झंकृत करेगी। नीलकंठेश्वर भक्ति धाम जहां शिव सजीव हैं नीलकंठेश्वर धाम केवल स्थानीय आस्था का केंद्र नहीं रहा। इसकी ख्याति अब जिले और प्रदेश की सीमाओं को पार कर देशभर के श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही है। यहां आने वाला हर भक्त यही कहता है यहां आकर मन को शांति मिलती है जैसे स्वयं भोलेनाथ सान्निध्य दे रहे हों।

आयोजक परिवार एवं समस्त नीलकंठेश्वर भक्तिमंडल द्वारा सभी श्रद्धालुओं से विनम्र आग्रह किया गया है कि वे इस महाशिवरात्रि महोत्सव में सहभागी बनकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करें। नीलकंठेश्वर धाम जहां इतिहास है परंपरा है और सबसे बढ़कर 3 स्वयं महादेव का वास है। इस आयोजन के संरक्षक विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक व आयोजक मदनलाल ग्रोवर बाबू ग्रोवर रुद्राक्ष ग्रोवर के अलावा सम्पूर्ण निलकंठेशवर भक्ति धाम परिवार है।



## चिकित्सक डॉ. मनीष गट्टानी व डॉ. अभिषेक शर्मा जबलपुर में सम्मानित

कटनी (स्वतंत्र मत)।

गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल जबलपुर में विगत 1 फरवरी को वार्षिक इको-कार्डियोग्राफी वर्कशॉप /कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें जबलपुर, कटनी सहित कई शहरों के चिकित्सकों ने सहभागिता निभाई। इको-कार्डियोग्राफी वर्कशॉप/कांफ्रेंस में कटनी जिले के सर्वश्रेष्ठ चांडक हास्पिटल के संचालक युवा चिकित्सक डॉ. मनीष गट्टानी, डॉ. ज्योत्सना सहाय एवं जिले के प्रतिष्ठित चिकित्सक एवं पूर्व सिविल सर्जन डॉ. एसके शर्मा के सुपुत्र डॉ. अभिषेक शर्मा को जिले में उनके द्वारा दी गई हदय रोग संबंधित उत्कृष्ट चिकित्सकीय सेवाओं के लिए डॉ. विजय लक्ष्मी (बंगलौर) के द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए सम्मानित किया गया। कटनी के चिकित्सकों को सम्मानित किए जाने पर चिकित्सकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है एवं उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## फर्जी मार्कशीट से पेट्रोल पंप लेने पर मामला दर्ज



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** फर्जी व कूट रचित मार्कशीट के आधार पर सुभांशु नगरिया निवासी डन कॉलोनी, मदन मोहन चौबे वार्ड, कटनी को रीठी में गोपाल फिलिंग के नाम से पेट्रोल पंप लेना मंहगा पड़ गया है। फरियादी सुनील सेन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मिथलेश जैन ने न्यायालय को बतलाया कि आरोपी द्वारा फर्जी व कूट रचित मार्कशीट तैयार कर तथा उसे भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड में देकर पेट्रोल पंप प्राप्त करने का गंभीर अपराध किया है, उनके तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी, कटनी के द्वारा सुभांशु नगरिया के विरुद्ध भा.द.सं. की धारा 467, 468 एवं 471 का मामला पंजीबद्ध करने का आदेश जारी किया गया है। विदित है कि रीठी में पेट्रोल पंप आवंटित किये जाने हेतु भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड ने वर्ष 2015 में आवेदन मंगवाये थे जिसमें आरोपी सुभांशु नगरिया ने अपने आवेदन पत्र के साथ तमिलनाडू विश्वविद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण करने की एक मार्कशीट लगाई थी। इन दस्तावेजों के आधार पर उसे पेट्रोल पंप आवंटित कर दिया गया, जिसे कि उसके द्वारा गोपाल फिलिंग के नाम से संचालित किया जाने लगा। समाज सेवी एवं आर.टी.आई. एक्टिवीस्ट सुनील सेन को उक्त जानकारी मिलने पर उनके द्वारा भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड में शिकायत की गई। शिकायत पर जॉंच होने के उपरांत भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड ने शिकायत को सही पाकर व मार्कशीट फर्जी होना पाकर पेट्रोल पंप का आवंटन निरस्त कर दिया। सुनील सेन द्वारा इस संबंध में आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध करने हेतु पुलिस को शिकायत की थी लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न करने पर न्यायालय की शरण ली और न्यायालय ने शिकायतकर्ता सुनील सेन एवं भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक जबलपुर की साक्ष्य लेने व दस्तावेजों को देखने के उपरांत सुभांशु नगरिया के विरुद्ध धारा 467, 468, 471 भा.द.सं. का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# विद्युत चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध छापेमार कार्यवाही करते हुए धर-दबोचा

कटनी (स्वतंत्रमत)।

कार्यपालन अभियंता मुकेश मोहबे शहर संभाग कटनी द्वारा जानकारी से अवगत कराया गया है। कि लगातार शहर संभाग अतंर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत चोरी को रोकने का प्रयास जारी है। एक वर्ष से खिरहनी वितरण केन्द्र के घंघरी खुर्द गांव में लगातार विद्युत चोरी की घटना सामने आ रही थी, जिसमें उपभोक्ताओं को समझाइस एंव चैकिंग करने के बावजूद भी उपभोक्ताओं के द्वारा कृषि कार्य हेतु अस्थाई विद्युत कनेक्शन नहीं लिये गये थे। घंघरी खर्द में पिछले एक वर्षों में कई बार चैकिंग के दौरान विवाद की स्थिति बनी जिसमें 02 नग उपभोक्ताओं के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज हुई थी जिसको ध्यान में रखते हुए 03 फरवरी को मनोज तिवारी कनि.अभि. खिरहनी-2 वितरण केन्द्र प्रभारी द्वारा टीम गठित करते हुए पुलिस बल के साथ अवैध कनेक्शनों की जांच की गयी जिसमें भारी संख्या में अवैध कनेक्शन चलते पाये जाने पर उपभोक्ता शंकर तिवारी, भोले भाले तिवारीए एंव रामशरण कोरी पर कार्यवाही करते हुए प्रकरण पंजीबद्ध कर उपभोक्ताओं के सर्विस तार मोटर तथा वायर जप्त किये गये है एंव मौके पर 03 नग उपभोक्ता हरीवंश तिवारी, आत्मज भगवानदास तिवारी, सुरेश पटेल, आत्मज गोकुल प्रसाद पटेल एंव आनंद पटेल, आत्मज अमृत पटेल द्वारा भुगतान कराते हुए अस्थाई कनेक्शन प्रदान किया गया है एव अवैध कनेक्शनों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी है जिसमें पंचनामा तैयार करते हुए प्रकरण पंजीबद्ध किये जा रहे है। शहर संभाग कटनी अंतर्गत विगत एक वर्ष में खिरहनी-2 वितरण केन्द्र में 348 नंबर अस्थाई कनेक्शन प्रदान कर 109 नग उपभोक्ताओं की मोटर सर्विस तार एंव वायर जप्त कर कार्यवाही करते हुए भुगतान कराया गया। शहर संभाग कटनी अंतर्गत लगातार 03 माहो से चैकिंग एंव अवैध कनेक्शनों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी है, जिसमें पंचनामा तैयार करते हुए प्रकरण पंजीबद्ध किये गये है।

## 5 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार से किया सम्मानित

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** कटनी जिले में आम नागरिकों को बेहतर, संवेदनशील एवं प्रभावी पुलिसिंग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कटनी के निर्देशन में साप्ताहिक पुरस्कार कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करना है। इसी क्रम में 03 फरवरी को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कटनी में आयोजित साप्ताहिक पुरस्कार कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले कुल 05 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित पुलिसकर्मी निम्नानुसार हैं:- थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेंद्र मिश्रा, उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक 182 संतोष प्रजापति, आरक्षक 626 अजय शंकर सायबर सेल, आरक्षक 568 लव उपाध्याय पुलिस अधीक्षक ने सभी सम्मानित पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं उत्कृष्टता के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने सम्मानित पुलिसकर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया।

# कलेक्टर आशीष तिवारी का संस्था मानव जीवन विकास समिति में आकस्मिक दौरा

कटनी (स्वतंत्रमत)।

मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह द्वारा बताया गया की समिति प्रांगण बिजौरी में कटनी कलेक्टर आशीष तिवारी का आकस्मिक दौरा हुआ। समिति सचिव सिंह बताते है की हम विगत 25 वर्षों से किसानों की स्थाई आजीविका सुनिश्चित करने प्रयासरत है।

हमारे द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने गांव गांव में बीआरसी केंद्र का भी संचालन किया जा रहा है जहाँ से किसानों को उचित मूल्य में जैविक खाद और दवाई मिल जाती है। एफपीओ की जानकारी- किसानों के डेवलपमेंट के लिए हमने बड़वारा और ढीमरखेड़ा ब्लॉक के किसानों को मिलकर संगमबीडी फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी (एफपीओ) बनाया है जो इस वर्ष कोदो कुटकी का खरीदी भी





किया है। प्रोसेसिंग यूनिट का विजिट- समिति सचिव सिंह द्वारा बताया गया की हमने एक अलाइव कम्पनी भी बनाया है जिसके माध्यम से किसानों द्वारा उत्पादित वस्तुओं को प्रोसेस करके ब्रांडिंग और पैकेजिंग कर बाजार में मार्केटिंग करते है।

औषधीय फसल जानकारी- यह की बताया गया की औषधीय फसल अदरक और हल्दी की खेती किसानो के लिए फायदेमंद है प्रति एकड़ 5 से 6 क्विण्टल उत्पादन होता है जिसका मार्केट वैल्यू भी अच्छी होती है। प्रदर्शनी का भी अवलोकन- प्रदर्शनी में विलुप्त हो रही विभिन्न प्रकार की फसलों के संगृहीत बीजों को कलेक्टर ने अवलोकन किया है।

मानव जीवन विकास समिति परिसर का विजिट कर समिति के कार्यों को गहराई से जाने और महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करते हुए कलेक्टर द्वारा समिति के कार्यों की सराहना की गई। विजिट के दौरान जिला पंचायत मुख्यकार्यपालन अधिकारी हरसिमरनप्रीत कौर, बड़वारा तहसीलदार ऋषि गौतम, आत्मा परियोजना संचालक अरुणिमा सेन की भी उपस्तिथि रही है। समिति की तरफ से हम प्रशासन को धन्यवाद देते है।

# वार्डन नियुक्ति में गंभीर अनियमितता का आरोप

## दोषी शिक्षिका पर सख्त कार्रवाई की मांग

कटनी (स्वतंत्रमत)।

शिकायतकर्ता गोविन्द लोधी द्वारा छात्रावास वार्डन नियुक्ति प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं एवं जांच में लीपापोती किए जाने का आरोप लगाते हुए पुन: विभागीय जांच की मांग की गई है। शिकायतकर्ता के अनुसार उन्होंने पूर्व में 30-06-2024 को संबंधित मामले में शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर विभागीय जांच बैठाई गई थी, जबकि उस समय वार्डन नियुक्ति प्रक्रिया प्रचलन में थी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा उनके बयान लिए बिना ही संबंधित कंचन खरे की विभागीय जांच समाप्त कर उन्हें वार्डन नियुक्त कर दिया गया, जो नियम विरुद्ध एवं गलत था। इसके बाद शिकायतकर्ता ने पुन: 08-07-2024 को दूसरी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन वर्तमान में पदस्थ प्रभारी डीओं जिला कार्यालय अग्रहरी द्वारा इस शिकायत पर भी लीपापोती करते हुए कंचन खरे को निर्दोष घोषित कर दिया गया। शिकायतकर्ता ने पुन: जांच एवं परीक्षण कराए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया, जिसके बाद जिला कार्यालय से आदेश जारी कर मामला विकासखंड शिक्षा अधिकारी बड़वारा को भेजा



गया। उत्तर पुस्तिकाओं में लेखनी मिलान से सामने आया मामला विकासखंड शिक्षा अधिकारी बड़वारा द्वारा गंभीरता से जांच करते हुए सत्र 2023-24 की वार्षिक परीक्षा में कक्षा 5वीं की उत्तर पुस्तिकाएं खोजी गईं।

जांच के दौरान उत्तर पुस्तिकाओं का मिलान करने पर यह पाया गया कि उत्तर पुस्तिकाओं की लेखनी संबंधित शिक्षिका कंचन खरे की लेखनी से मेल खाती है। प्रारंभिक जांच में शिकायतकर्ता की शिकायत को सही मानते हुए संबंधित शिक्षिका को दोषी पाया गया। नाम मात्र की सजा देने का आरोप शिकायतकर्ता का आरोप है कि दोषी पाए जाने के बावजूद जिला शिक्षा अधिकारी कटनी द्वारा केवल वेतन वृद्धि रोकने जैसी नाम मात्र की सजा दी गई, जो नियम अनुसार उचित नहीं है। वार्डन पद से हटाने और विभागीय जांच की मांग शिकायतकर्ता गोविन्द लोधी ने मांग की है कि दोषी शिक्षिका को तत्काल छात्रावास के प्रभार से हटाया जाए एवं उसके विरुद्ध पुन: विस्तृत विभागीय जांच कराई जाए। इसी मांग को लेकर शिकायतकर्ता द्वारा ०4 फरवरी 2026 को एक आवेदन उच्च मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भी सौंपा गया है।

## वित्तीय ठगी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**पथरिया (स्वतंत्र मत)।** पथरिया पुलिस को मिली वित्तीय ठगी मामले में सफलता। दरअसल यह समस्त मामला साइबर सेल से जुड़ा है। जहां पुलिस मुख्यालय द्वारा चिन्हित म्यूल खाता धारक राजकुमार प्रजापति निवासी जमुनिया माल थाना पथरिया के विरुद्ध पथरिया थाना में मामला पंजीबदी कराया गया था कि उसने अपना खाता किसी अन्य व्यक्ति को उपयोग करने दिया जिसके द्वारा उस खाते से लाखों रुपए का अवैध लेनदेन किया गया जिसकी जानकारी आरोपी राजकुमार को भी थी। यह दोनों आरोपी मिलकर लोगों को फोन कॉल के जरिए भ्रमित कर कई प्रकार से ठगी किया करते थे जिससे जो भी वित्त एकत्रित होता था वह राजकुमार के खाते में आता था और इसी एवज में वह खाता उपयोगकर्ता द्वारा पैसे लेनदेन करता था और इन दोनों द्वारा उस पैसे का अवैध लाभ अर्जित किया जाता था।

# पूज्य इंद्रेश महाराज का श्री हरिहर तीर्थ क्षेत्र में पावन भ्रमण

कटनी (स्वतंत्र मत)।

विजयराघवगढ़ स्थित प्राचीन श्री हरिहर तीर्थ क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का अनुपम दृश्य देखने को मिला, जब पूज्य इंद्रेश उपाध्याय महाराज ने तीर्थ क्षेत्र का विधिवत भ्रमण किया। इस अवसर पर उनके साथ क्षेत्रीय विधायक संजय पाठक भी उपस्थित रहे। पूज्य महाराज ने तीर्थ परिसर में भगवान श्री हरिहर के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की आध्यात्मिक महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्री हरिहर तीर्थ न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है। महाराज के आगमन से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। विधायक संजय पाठक ने पूज्य महाराज का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे संत-महात्माओं के आगमन से क्षेत्र में आध्यात्मिक



ऊर्जा का संचार होता है और युवा पीढ़ी को धर्म व संस्कृति से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने तीर्थ क्षेत्र के संरक्षण एवं विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जाने की बात भी कही। इस दौरान स्थानीय श्रद्धालु, संतगण एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूज्य महाराज के आशीर्वचन से वातावरण भक्तिमय हो गया और पूरे परिसर में जय-जयकार गूंज उठी।

# पवन मित्तल निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित, नई कार्यकारिणी घोषित

कटनी (स्वतंत्रमत)।

स्थानीय अग्रवाल समाज के वार्षिक चुनाव उत्साहपूर्ण वातावरण के साथ संपन्न हुए। इस चुनाव में समाज के प्रबुद्ध जनों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से अपनी नई कार्यकारिणी का चयन किया। चुनाव परिणामों की घोषणा के साथ ही समाज में हर्ष की लहर दौड़ गई। चुनाव में एकता और सर्वसम्मति की मिसाल पेश करते हुए पवन मित्तल जी को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इसी क्रम में, सुरेश चंद्र अग्रवाल बैंक वाले को भी सर्वसम्मति से निर्विरोध कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। अग्रवाल समाज के इस चुनाव में विभिन्न पदों के लिए मतदान के परिणाम बेहद उत्साहजनक रहे।



उपाध्यक्ष पद अनूप अग्रवाल, कन्छेदी लाल अग्रवाल नमक वाले विजयी घोषित सचिव आनंद राज अग्रवाल, सहसचिव सागर अग्रवाल और सत्यम मोदी, विजयी रहे प्रचार सचिव के पद पर वैभव अग्रवाल, आय-व्यय निरीक्षक के पद पर शैलेष अग्रवाल विजय प्राप्त इसके अलावा इस चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए इतने दिनों से अपना समय देने के लिए चुनाव अधिकारी दुर्गा प्रसाद अग्रवाल एवं सुरेंद्र कुमार अग्रवाल का हृदय से आभार और सुबह से समय देने वाले उनकी टीम अनंतराम अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, निशांत अग्रवाल, नवलेश अग्रवाल, प्रखर अग्रवाल, अमितेश अग्रवाल रहे।

## पुख्ता हो सुरक्षा के इंतजाम भवन निर्माण में न करें लापरवाही

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कटनी जिले के शहरी क्षेत्र एंव ग्रामीण अंचलों में लंबे वर्षो से विभिन्न क्षेत्रों में 11 के.व्ही.ए. एंव 33 के.व्ही.ए. लाइने गुजरती है, जिसमें उपभोक्ताओं के द्वारा लगातार ऐसी घटना संज्ञान में आ रही है कि बिना किसी विभाग की अनुमति एंव बिना विद्युतीय सुरक्षों के मानकों को ध्यान में रखते हुए उपभोक्ता भवन निर्माण का कार्य करा रहे है जो उचित नही है। पूर्व में भी विभिन्न पत्राचारों के माध्यम से लगातार उपभोक्ताओं को इस संबंध में अवगत कराया जाता रहा है कि किसी भी परिस्थिति में हाइटेंशन लाइनों के बीच भवन का निर्माण न करें किंतु उपभोक्ताओं द्वारा सुरक्षा मानकों को दर-किनार करते हुए लगातार भवन निर्माण का कार्य कर रहे है। विद्युत विभाग अपने स्तर से भी नयी लाइनों का निर्माण सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए आवासीय परिसर के उपर से नहीं करता है। ऐसा करने पर एफ.आई.आर. संबधी कार्यवाही करने का भी प्रावधान है। अत: संबधित उपभोक्ताओं से अपील है कि सुरक्षा के पुक्ता इंतजाम करते हुए लाइनों को केन्द्रीय विद्युत सुरक्षों मानकों के अनुसार सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कराते हुए भवन निर्माण का कार्य करायें जिससे किसी भी प्रकार की घातीय दुर्घटना न घटित हो।


**नाम संबंधी घोषणा**

मेरा नाम इरफान अहमद मंसूरी है। पूर्व में मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम केवल (इरफान अहमद) दर्ज है, जबकि मेरे अन्य समस्त दस्तावेजों (आधार कार्ड/पैन कार्ड/अन्य दस्तावेजो) में मेरा पूरा नाम (इरफान अहमद मंसूरी) अंकित है। अतः मैं दिनांक 04/02/2026 से अपने पूर्ण नाम (इरफान अहमद मंसूरी) से ही जाना एवं पहचाना जाऊँगा तथा भविष्य में सभी कार्यों/दस्तावेजों में यही नाम मान्य होगा।

# भारत अंडर-19 विश्वकप के फाइनल में

## ऐरन जॉर्ज का शतक, अफगानिस्तान को सात विकेट से हराया

**हरारे (वार्ता)।** सलामी बल्लेबाज ऐरन जॉर्ज (115) की शतकीय, वैभव सूर्यवंशी (68) और कप्तान आयुष म्हात्रे (62) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत ने बुधवार को अंडर-19 विश्वकप के दूसरे सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को 53 गेंदें शेष रहते सात विकेट से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल मे प्रवेश किया। 311 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिए वैभव सूर्यवंशी और ऐरन जॉर्ज की सलामी जोड़ी ने विस्फोटक शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 92 रन जोड़े। 10वें ओवर में नूरीसतानी ओमरजई ने वैभव सूर्यवंशी को आउटकर अफगानिस्तान को पहली सफलता दिलाई। वैभव सूर्यवंशी ने 33 गेंदों में नौ चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 68 रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान आयुष म्हात्रे ने ऐरन जॉर्ज के साथ दूसरे विकेट के लिए 114 रनों की साझेदारी की। 27वें ओवर में नूरीसतानी ओमरजई ने आयुष



म्हात्रे को आउट किया। आयुष म्हात्रे ने 59 गेंदों में पांच चौके और चार छक्के लगाते हुए 62 रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये विहान मल्होत्रा ने जॉर्ज के साथ 96 रन जोड़कर भारत की जीत पक्की कर दी। इसी दौरान जॉर्ज ने अपना शतक पूरा किया। 40वें ओवर में वाहिदउल्लाह जदरान ने जॉर्ज को आउटकर दिया। जॉर्ज ने 104 गेंदों में 15 चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 115 रनों की शानदार पारी खेली। भारत ने 41.1 ओवर में तीन विकेट पर 311 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से अपने नाम किया। विहान मल्होत्रा 38 रन बनाकर नाबाद रहे।

### अफगानिस्तान ने बनाए थे 310 रन

इससे पहले आज यहां फैसल शिनोजादा (110) और उजैरुल्लाह नियाजई (नाबाद 101) की शानदार शतकीय पारियों के दम पर अफगानिस्तान ने भारत के खिलाफ चार विकेट पर 310 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी उस्मान सादत और खालिद अहमदजई की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 53 रन जोड़े। 13वें ओवर में दीपेश देवेंद्रन ने खालिद अहमदजई को आउटकर भारत को पहली सफलता दिलाई। अहमदजई ने 39 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए 31 रन बनाये।

### फैसल शिनोजादा ने लगाया शतक

तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आये फैसल शिनोजादा ने उस्मान सादत के साथ पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 64 रनों की साझेदारी की। 25वें ओवर में कनिष्क चौहान ने उस्मान सादत को आउटकर पवेलियन भेज दिया। उस्मान सादत ने 70 गेंदों में तीन चौके लगाते हुए 39 रन बनाये। फैसल शिनोजादा और उजैरुल्लाह नियाजई के बीच तीसरे विकेट के लिए 148 रनों की साझेदारी हुई। 46वें ओवर में दीपेश देवेंद्रन ने फैसल शिनोजादा को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। फैसल शिनोजादा ने 93 गेंदों में 15 चौके लगाते हुए 110 रनों की पारी खेली। 49वें ओवर में कनिष्क चौहान ने अजिजुल्लाह मियाखिल (12) को आउट कर अपना दूसरा विकेट लिया। अफगानिस्तान ने निर्धारित 50 ओवरों में चार विकेट पर 310 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। उजैरुल्लाह नियाजई ने 86 गेंदों में 12 चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 101 रनों की पारी खेली। अब्दुल अजीज सात रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से दीपेश देवेंद्रन और कनिष्क चौहान ने दो-दो विकेट लिये।

# हितेश, प्रीति ने पहले दिन भारत को जबरदस्त शुरुआत दिलाई

ला नुसिया (वार्ता)।



भारत ने बॉक्सम एलिट इंटरनेशनल मुक्केबाजी 2026 में अपने अभियान की ज़ोरदार शुरुआत की, इस मशहूर टूर्नामेंट के पहले दिन कई शानदार प्रदर्शन किए, जिसमें 21 देशों के 214 बॉक्सर हिस्सा ले रहे हैं। भारत की तरफ से वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स के चैंपियन हितेश गुलिया (70किग्रा) और प्रीति (54किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन किया, दोनों ने शानदार जीत हासिल की और भारत ने कई वेट कैटेगरी में जीत हासिल की। हितेश ने पुरुषों के 70 किग्रा के एलीट मुकाबले में पूरा कंट्रोल रखा, उन्होंने नीदरलैंड्स के फिन बोस को 5-0 के बड़े अंतर से हराया। शांत, सधे हुए और तेज, इस भारतीय ने अपनी खास रिंग इंटेलिजेंस और टाइमिंग का प्रदर्शन करते हुए शुरू से आखिर तक मैच पर कब्ज़ा कर लिया।

इससे पहले, प्रीति ने एलीट महिलाओं के 54किग्रा डिवीजन में कज़ाकिस्तान की आलियास्कर सिम्बत पर 5-0 से शानदार जीत हासिल करके माहौल बनाया। उन्होंने अपने तेज कॉम्बिनेशन और डिसिप्लिन्ड डिफेंस का इस्तेमाल करके अपनी विरोधी को पूरी तरह से हरा दिया। भारत की महिलाओं ने अपना मजबूत प्रदर्शन जारी रखा, जिसमें प्राची (57किग्रा), प्रिया (60किग्रा) और काजल (65किग्रा) सभी शानदार तरीके से आगे बढ़ीं। प्राची और प्रिया ने क्रमशः स्पेन की वेनेसा मोरेल रामिरेज़ और कनाडा की एलेसिया मानसुएटो पर 5-0 से एक जैसी जीत हासिल की, जबकि काजल ने एक कड़े मुकाबले में कज़ाकिस्तान की असेम तनातर को 4-1 से हराया। पुरुषों के ड्रॉ में, भारत ने लगातार पक्के प्रदर्शन से दबाव बनाया।

सचिन (60किग्रा) ने स्पेन के ब्रैंडन एलेजांद्रो को 5-0 से हराया, जबकि मोहम्मद हुसैन उद्दीन (60किग्रा) ने डेनमार्क के मटियास मेहमत बुयुकदेमिर को 4:1 से हराया। अभिनाश जामवाल (65किग्रा) ने डेनमार्क के कलीद उस्मान पर 5:0 से क्लीन जीत हासिल करके सबको इम्प्रेस किया, और दीपक (70किग्रा) ने बेल्जियम के हॉर्नेल आयतेवी के खिलाफ 4:1 से सॉलिड जीत हासिल की। आकाश (75किग्रा) और अंकुश (80किग्रा) भी 4:1 से जीत के साथ आगे बढ़े, हालांकि आदित्य प्रताप यादव (65किग्रा) इंग्लैंड के जो टर्नर के खिलाफ कड़े मुकाबले के बाद बाहर हो गए।

# सचिन ने मुंबई रणजी टीम के खिलाड़ियों को किया प्रेरित

**मुंबई (वार्ता)।** क्रिकेट लीजेंड सचिन तेंदुलकर ने आज मुंबई रणजी टीम से बात की और उन्हें आने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टरफाइनल की तैयारी के लिए मोटिवेट किया, जो बीकेसी के एमसीए ग्राउंड पर होगा। सचिन ने मुंबई टीम के ड्रेसिंग रूम में बाकायदा खिलाड़ियों से बात की और उन्हें बताया कि उन्हें मैदान पर क्या करना चाहिए। मुंबई की टीम रणजी ग्रुप



डी में सात मैच में चार जीत और तीन ड्रा के साथ 33 अंक लेकर क्वार्टरफाइनल में पहुंच चुकी है जहां उसका मुकाबला कर्नाटक से मुंबई में होगा। शार्दुल ठाकुर और यशस्वी जायसवाल को कर्नाटक के खिलाफ छह फरवरी से शुरु होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के लिए 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। ठाकुर और जायसवाल दोनों अलग-अलग कारणों से पिछले कुछ मैच नहीं खेल पाए थे। ठाकुर चोट की वजह से बाहर थे, जबकि जायसवाल के न खेलने का कारण मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) को भी नहीं पता था। मुंबई 42 बार की रणजी चैंपियन है।

# मनीषा कीर और भवनीश मेंदीरत्ता ने ट्रैप टी1 फाइनल्स में हासिल किया शीर्ष स्थान

नयी दिल्ली (वार्ता)।

डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित शॉटगन राष्ट्रीय चयन ट्रायल 1 और 2 में महिलाओं के ट्रैप टी1 में मनीषा कीर और पुरुषों के ट्रैप टी1 में भवनीश मेंदीरत्ता ने शीर्ष स्थान हासिल किया। महिलाओं के फाइनल में मनीषा कीर ने 27 टारगेट हिट कर नीरू धांडा (25 हिट्स) को पीछे छोड़ा। आशिमा अहलावत 20 हिट्स के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। क्वालिफिकेशन में कीर्ति गुप्ता ने 118 का स्कोर कर शीर्ष स्थान हासिल किया, हालांकि फाइनल में वह सातवें स्थान पर रहीं। राजेश्वरी कुमारी और आशिमा अहलावत ने 114 का स्कोर किया। इसके बाद प्रीति रजक (113), मनीषा कीर (110), नीरू धांडा (109), वर्षा वर्मन (107) और शगुन चौधरी (106) ने शीर्ष आठ में जगह बनाई। पुरुषों के फाइनल में भवनीश मेंदीरत्ता ने पृथ्वीराज टोंडईमान को 28-27 से



हराकर पहला स्थान हासिल किया। वर्ल्ड कप फाइनल 2024 के पदक विजेता विवान कपूर 23 हिट्स के साथ तीसरे स्थान पर रहे। क्वालिफिकेशन में कीनन चेनई ने 122 के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि पृथ्वीराज टोंडईमान ने 120 स्कोर किया। विवान कपूर और अहवर रिज़वी ने 119 के स्कोर के साथ अगले स्थान हासिल किए। भवनीश मेंदीरत्ता, अरशद हसन खान, अली अमन इलाही और उदैवीर सिंह जाजी ने 118 स्कोर कर शीर्ष आठ पूरा किया। विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता ज़ोरावर सिंह संधू ने भी 118 स्कोर किया, लेकिन कट-बैक नियम के कारण वह शीर्ष आठ से बाहर रहे।

महिला जूनियर फाइनल में वर्ल्ड कप मिक्स्ड टीम पदक विजेता सबीरा हारिस ने अड्डुया कात्याल को 25-24 से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। अड्डुया कात्याल ने क्वालिफिकेशन में 114 के स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया था। इशिका भारद्वाज ने क्वालिफिकेशन में 103 स्कोर करने के बाद फाइनल में 19 हिट्स के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। सबीरा हारिस ने 112 स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन में दूसरा स्थान पाया। दर्शन राठौर (111), भाव्या त्रिपाठी (109), तनिस्का सेंथिलकुमार (108), तनिषा सिंह चंद्रावत (104) और निला राजाबालु (103) ने शीर्ष आठ पूरा किया।

# विश्व कप में न खेल पाने की निराशा को पीछे छोड़ पाना मुश्किल : सलाहुद्दीन

**ढाका (वार्ता)।** बांग्लादेश के सीनियर असिस्टेंट कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन ने बुधवार को कहा कि क्रिकेटरों के लिए आने वाले टी20 विश्व कप में हिस्सा न लेने की निराशा को पीछे छोड़ना मुश्किल है। बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए भारत न आने का फैसला किया और बाद में आईसीसी ने उनकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल कर लिया। यह पहली बार है जब बांग्लादेश टीम मैनेजमेंट के किसी सदस्य ने सबके सामने कहा है कि टी20 विश्व कप में खेलने का मौका गंवाना पूरी तरह से निराशाजनक बात है। सलाहुद्दीन ने बुधवार को शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रिपोर्टर्स से कहा, सच कहूं तो, इसे दिमाग से पूरी तरह मिटाना बहुत मुश्किल है। हर कोई मेंटली इतना मजबूत नहीं होता कि इससे आसानी से निपट सके। उस निराशा से उबरना मुश्किल है। उन्होंने कहा, इसलिए मेन फोकस इस बात पर होना चाहिए कि आप अपनी अभी की सिचुएशन में सबसे अच्छा क्या दे सकते हैं। प्रोफेशनल प्लेयर्स के तौर पर, वे इसे उसी तरह देखने की कोशिश करेंगे। लेकिन इमोशंस को हमेशा कंट्रोल नहीं किया जा सकता, यह नामुमकिन है। हम इंसान हैं; दुख, दर्द, खुशी-सब कुछ हमारे अंदर मौजूद है। जरूरी यह है कि हम आगे कैसे बढ़ें, और उसके लिए, अभी पर फोकस रखना सबसे ज़रूरी है।



# एनएमडीसी ने 2025-26 के दस महीनों में दर्ज किया अपना सबसे अच्छा परिणाम

नयी दिल्ली (वार्ता)

देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक और सरकारी क्षेत्र की कंपनी एनएमडीसी ने जनवरी 2026 में 55.6 लाख टन के रिकार्ड उत्पादन के साथ वित्त वर्ष 2026 के पहले माह में उत्पादन मात्रा और वित्तीय कारोबार दोनों क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि के साथ शानदार प्रदर्शन किया। कंपनी की ओर से वित्त मंत्रालय की बुधवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार कंपनी ने जनवरी में अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन एवं बिक्री दर्ज की, जिससे कंपनी की प्रचालन गति और मजबूत हुई। कंपनी ने जनवरी में 55.6 लाख टन लौह अयस्क का उत्पादन और 47.9 लाख टन की बिक्री की, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में उत्पादन में नौ प्रतिशत और बिक्री में सात प्रतिशत की मजबूत वार्षिक वृद्धि दर्शाती है।

चालू वित्त वर्ष में जनवरी 2026 तक के दस महीनों में कंपनी का उत्पादन बढ़कर 426.5




लाख टन रहा जो 19 प्रतिशत की सर्वोच्च वृद्धि को दर्शाता है। जबकि बिक्री इसी साल की पिछली अवधि से 9.7 प्रतिशत बढ़कर 397.3 लाख टन हो गई है। एनएमडीसी ने अपनी स्थापना के बाद चालू वित्त वर्ष के प्रथम नौ माह में शानदार प्रदर्शन कर 22 प्रतिशत की वृद्धि दर से 20,381 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जबकि परिचालन लाभ (पीबीटी) पांच प्रतिशत की वृद्धि के साथ 7,280 करोड़ रुपये रहा । पहले नौ महीनों में कंपनी ने चार प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ 5,401 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। यह बढ़कर 7,666 करोड़ हो गया, जो पांच प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

एनएमडीसी ने अपने शेयरधारकों के लिए प्रति शेयर 2.50 रुपये का अंतरिम लाभांश भी घोषित किया है। यह प्रदर्शन रिकॉर्ड मात्रा और निरंतर प्रचालन उत्कृष्टता के कारण ही संभव हुआ, जिससे एनएमडीसी भारत की सबसे मजबूत खनन कंपनियों में से श्रेष्ठ कंपनी के रूप में स्थापित हो गई है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि अपनी स्थापना के बाद से अब तक के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े हासिल करके एनएमडीसी अपने वार्षिक लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रही है। जनवरी में कंपनी की प्रथम कोयला खदान - झारखंड में टोकीसुद नॉर्थ कोयला खदान का उद्घाटन भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो एनएमडीसी के इतिहास में एक और बड़ी सफलता हासिल की गयी है।

## एप्पल अपने आपूर्तिकर्ताओं के कर्मचारियों को देगा प्रशिक्षण

*नयी दिल्ली ( वार्ता )।*

*अमेरिकी हाईटेक कंपनी एप्पल ने उसके लिए कंपोनेंट बनाने वाली कंपनियों के कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए बेंगलुरु में नया शिक्षण केंद्र बनाने की घोषणा की है। एप्पल ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह प्रशिक्षण उसके सभी आपूर्तिकर्ताओं के कर्मचारियों के लिए उपलब्ध होगा। शिक्षण केंद्र का परिचालन मणिपाल अकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन के सहयोग से किया जायेगा। पहला कोर्स इस साल मार्च में शुरू होगा। इसके लिए पांच करोड़ डॉलर के सप्लायर इम्पलॉई डेवलपमेंट फंड से राशि दी जायेगी। पहले कोर्स में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जायेगा। पाठ्यक्रम के तहत डिजिटल लिट्रेसी, स्विफ्ट कोड, रोबोटिक्स, ऑटोमेशन प्रौद्योगिकी और स्मार्ट विनिर्माण के बारे में बताया जायेगा।*

# सेवा क्षेत्र की रफ्तार जनवरी में और बढ़ी

**मुंबई (वार्ता)।** नये ऑर्डर और उत्पादन में तेजी से इस साल जनवरी में सेवा क्षेत्र की रफ्तार और तेज हो गयी तथा इसका एचएसबीसी भारत सेवा पीएमआई कोरोबारी गतिविधि सूचकांक 58.8 पर पहुंच गया। पिछले साल दिसंबर में सूचकांक 58 पर रहा था। सूचकांक का 50 से ऊपर रहना वृद्धि को और इससे नीचे रहना गिरावट को दर्शाता है जबकि 50 का स्तर स्थिरता का द्योतक है।

भारत में एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने बुधवार को जारी रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह आंकड़ा सेवा क्षेत्र की सतत गति को दर्शाता है। नये ऑर्डरों में स्थिर वृद्धि के दम पर उत्पादन मजबूत बना हुआ है। दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया समेत विदेशों से मांग में वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि कारोबारी विश्वास तीन महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। लागत और उत्पाद मूल्य बढ़ रहे हैं, लेकिन इनकी वृद्धि दर लंबे समय के औसत से कम है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नये ऑर्डरों में दो महीने की सबसे तेज वृद्धि देखी गयी। दिसंबर में इसकी रफ्तार 11 महीने के निचले स्तर पर दर्ज की गयी थी। कंपनियों ने बताया कि ऑनलाइन



उपस्थिति बढ़ाने से भी बिक्री बढ़ाने में मदद मिल रही है।

सेवा क्षेत्र के भीतर वित्त एवं बीमा खंड का प्रदर्शन जनवरी में नये ऑर्डर और उत्पादन दोनों ही मामलों में सबसे अच्छा रहा। नये ऑर्डर में वृद्धि मुख्यतः घरेलू बाजार की बदौलत हुई है। विदेशों से मिलने वाले ऑर्डर में भी मजबूत तेजी रही। नये ऑर्डरों में तीन महीने की सबसे तेज बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। विनिर्माण और सेवा क्षेत्र को मिलाकर संयुक्त पीएमआई दिसंबर 2025 के 57.8 से बढ़कर जनवरी में 58.4 पर पहुंच गया। साल के पहले महीने में रोजगार में भी वृद्धि देखी गयी।

# चावल, गेहूं महंगा- चीनी सस्ती,दालों, तेलों में घटबढ़

नयी दिल्ली, (वार्ता)।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव बढ़ गये। चावल के साथ गेहूं भी महंगा हुआ जबकि चीनी में नरमी रही। वहीं, दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 16 रुपये बढ़कर 3,866 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं भी 16 रुपये मजबूत हुआ और 2,875 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी चार रुपये महंगा हुआ।

दाल-दलहनों में घटबढ़ रही। उड़द दाल की औसत कीमत 22 रुपये और तुअर दाल की 20 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मसूर दाल में 43 रुपये की गिरावट रही। मूंग दाल 22 रुपये और चना दाल 13 रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया



डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा सात रिंगिट चढ़कर 4,222 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 0.11 प्रतिशत की तेजी में 54.55 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 46 रुपये और सूरजमुखी तेल 37 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल की कीमत 33 रुपये और वनस्पति की तीन रुपये बढ़ी। वहीं, सरसों तेल में सात रुपये और सोया तेल में पांच रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही।

मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव आठ रुपये प्रति क्विंटल गिर गये। चीनी भी नौ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई।

## अकासा एयर के बेड़े में शामिल हुआ 33वां विमान

*नयी दिल्ली ( वार्ता )। नवोदित विमान सेवा कंपनी अकासा एयर के बेड़े में बुधवार को 33वां विमान शामिल हुआ। एयरलाइन ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि नया बोइंग 737 मैक्स 8-200 विमान आज बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा हवाई अड्डे पर उतरा। इस साल कंपनी के बेड़े में शामिल होने वाला यह दूसरा विमान है। अकासा लगातार अपने बेड़े और नेटवर्क का विस्तार कर रही है। उसने साल 2030 तक दुनिया की शीर्ष 30 विमान सेवा कंपनियों में शामिल होने का लक्ष्य रखा है। साल 2022 में परिचालन की शुरुआत करने वाली एयरलाइंस ने बताया कि उसने कुल 226 बोइंग 737 मैक्स विमानों के ऑर्डर दिये हैं जिनमें 33 की डिलिवरी हो चुकी है और अन्य 193 की डिलिवरी अगले छह साल में होनी है। अकासा एयर के इस विमान को बेंगलुरु हवाई अड्डे पर लेकर आने वाले चालक दल के सदस्यों में दोनों महिला पायलट हैं।*

# लगातार दूसरे दिन चढ़े शेयर बाजार

## आईटी कंपनियों में बड़ी गिरावट

**मुंबई, (वार्ता)।** अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की घोषणा के बाद घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी देखी गयी, हालांकि आईटी सेक्टर की कंपनियों में बड़ी गिरावट रही। बीएसई का सेंसेक्स 78.56 अंक (0.09 प्रतिशत) चढ़कर 83,817.69 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 48.45 अंक यानी 0.19 प्रतिशत ऊपर 25,776 अंक पर पहुंच गया। यह दोनों सूचकांकों का 12 जनवरी के बाद का उच्चतम स्तर है। इस बीच, आईटी कंपनियों में भारी दबाव रहा जिसके कारण सुबह प्रमुख सूचकांकों में गिरावट थी और एक समय सेंसेक्स 600 अंक से अधिक टूट गया था। अमेरिकी शेयर बाजारों में सूचीबद्ध भारतीय



आईटी कंपनियों के शेयर सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। बताया जा रहा है कि एक ऐसे एआई टूल के विकास की खबर आने के बाद ये कंपनियां दबाव में आ गयीं जो दस्तावेजों की समीक्षा और आंकड़ों के विश्लेषण का काम कर सकती हैं।

ज्यादातर कंपनियां वर्तमान में ये काम भारतीय कंपनियों से आउटसोर्स करवाती हैं। उसी का असर आज बाजार खुलते ही दिखा। सेंसेक्स में आईटी कंपनियों में ही सबसे अधिक गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर सात प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। टीसीएस में भी लगभग सात फीसदी की गिरावट रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टेक महिंद्रा के शेयर चार प्रतिशत से अधिक टूटे। तीस कंपनियों वाले संवेदी सूचकांक में इटरनल का शेयर पांच प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा। ट्रेंट का शेयर पांच प्रतिशत के करीब चढ़ा। एनटीपीसी, अडानी पोर्ट्स और पावरग्रिड में दो से ढाई प्रतिशत की तेजी रही। मारुति सुजुकी, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एलएंडटी, टाटा स्टील, आईटीसी और एशियन पेंट्स के शेयर एक से दो प्रतिशत तक की बढ़त में बंद हुए। एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और बजाज फिनसर्व के शेयर भी हरे निशान में रहे।

एक्सिस बैंक का शेयर एक प्रतिशत से अधिक टूटा। कोटक महिंद्रा बैंक भी गिरावट में बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.65 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.27 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। निफ्टी आईटी सूचकांक करीब छह प्रतिशत लुढ़क गया। फार्मा और स्वास्थ्य सेक्टरों में भी गिरावट रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, ऑटो, धातु, रियलिटी, मीडिया, बैंकिंग और रसायन सेक्टरों के सूचकांक तेजी में रहे।

# अधोसंरचना विस्तार के साथ बेहतर स्वास्थ्य संकेतकों की ओर तेज गति से अग्रसर हो रहा है प्रदेश : डॉ. यादव

## सुदृढ़ हो रही हैं मध्यप्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएँ

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आम नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य के लिये मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को निरंतर सशक्त किया जा रहा है। समन्वित प्रयासों से स्वास्थ्य अधोसंरचना का व्यापक विस्तार हुआ है और आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। मेडिकल शिक्षा, सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं, मातृ–शिशु स्वास्थ्य एवं जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों में उल्लेखनीय प्रगति के साथ मध्यप्रदेश स्वास्थ्य संकेतकों में निरंतर सुधार की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मातृ–शिशु स्वास्थ्य में भी महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की गई है। प्रदेश में मातृ मृत्यु दर 173 से घटकर 142 तथा शिशु मृत्यु दर 41 से घटकर 37 हुई है। जननी सुरक्षा योजना एवं मुख्यमंत्री प्रसूति सहायता योजना के अंतर्गत लाखों लाभार्थियों को हजारों करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई है। नवजात एवं कुपोषण प्रबंधन में एसएनसीयू एवं एनआरसी की सफल डिस्चार्ज दरों में भी वृद्धि हुई है।



## आयुष्मान भारत योजना में 4.43 करोड़ कार्ड तैयार

जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों के अंतर्गत टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में मध्यप्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष 5 प्रदर्शनकारी राज्यों में शामिल हुआ है। सिकल सेल मिशन के अंतर्गत व्यापक स्क्रीनिंग एवं उपचार सुविधाएँ विकसित की गई हैं। आयुष्मान भारत योजना में 4.43 करोड़ कार्ड तैयार कर प्रदेश के नागरिकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की गई है। योजनांतर्गत पात्र परिवारों को 5 लाख रूपये तक निःशुल्क उपचार दिया जा रहा है। साथ ही गंभीर रोगियों को आपात स्थिति में त्वरित रूप से उच्च स्तरीय उपचार पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा से मुहैया कराया जा रहा है। अब तक 120 से अधिक नागरिकों को आपात स्थिति में सेवा का लाभ मिला है। मानवीय संवेदनाओं के दृष्टिगत निःशुल्क एवं सम्मानजनक शव–परिवहन सेवा भी प्रारंभ की गई है। राह–वीर योजना में आपात काल में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुंचाकर जान बचाने वाले नागरिक को 25 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। साथ ही, मोबाइल मेडिकल यूनिटों के माध्यम से दूरस्थ एवं जनजातीय क्षेत्रों में नियमित स्वास्थ्य सेवाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं।

## मेडिकल हब बनने की ओर अग्रसर है मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2003 तक प्रदेश में सिर्फ 6 मेडिकल कॉलेज थे। वर्तमान में प्रदेश में 33 मेडिकल कॉलेज है। विगत 2 वर्षों में शासकीय मेडिकल कॉलेजों की संख्या 14 से बढ़कर 19 तथा निजी मेडिकल कॉलेजों की संख्या 12 से बढ़कर 14 हो गई है। ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज, इंदौर में 50 एमबीबीएस सीटों के साथ संचालन प्रारंभ किया गया है। आगामी 2 वर्षों में 6 शासकीय एवं पीपीपी मोड पर 13 मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किया जाना योजना में शामिल है। विगत 2 वर्षों में सरकारी एमबीबीएस सीटें 2275 से बढ़कर 2850 हुई हैं, जबकि सरकारी एवं निजी मिलाकर कुल एमबीबीएस सीटें 5550 हो गई हैं। पीजी (एमडी/एमएस) सीटों में भी वृद्धि करते हुए सरकारी पीजी सीटें 1262 से बढ़कर 1468 तथा कुल पीजी सीटें 2862 हो गई हैं। इसके अतिरिक्त 93 सुपर स्पेशियलिटी सीटें उपलब्ध कराई गई हैं। सशक्त स्वास्थ्य सेवाओं से मध्यप्रदेश मेडिकल हब बनने की ओर अग्रसर है।

## आधुनिक चिकित्सा सेवाओं का विस्तार

आधुनिक चिकित्सा सेवाओं के विस्तार के अंतर्गत इंदौर, जबलपुर, रीवा और ग्वालियर में लिनियर एक्स–रेटर मशीनों की स्वीकृति दी गई है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा और सागर में सीटी स्कैन एवं एमआरआई मशीनें स्थापित की गई हैं। भोपाल एवं रीवा में कार्डियक कैथ लैब की स्थापना की गई है। इंदौर और जबलपुर में बोन मैरो ट्रांसप्लांट सेवाएँ प्रारंभ हुई हैं, वहीं इंदौर में कार–टी सेल थेरेपी एवं ब्लड कैंसर उपचार हेतु अत्याधुनिक मशीन स्थापित की गई है। मानव संसाधन सुदृढ़ीकरण के तहत मेडिकल कॉलेजों में 354 नए सीनियर रेजिडेंट पद सृजित किए गए हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की व्यापक भर्ती की गई है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और उपलब्धता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

## नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना प्रगति पर

पीपीपी मॉडल पर कटनी, धार, पन्ना और बैतूल में नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना प्रगति पर है। एम.जी.एम. मेडिकल कॉलेज, इंदौर में अस्पताल भवन, मिनी ऑडिटोरियम एवं नर्सिंग हॉस्टल जैसे अधोसंरचनात्मक कार्यों हेतु 773.07 करोड़ रूपये के कार्य प्रारंभ किए गए हैं। श्यामशाह मेडिकल कॉलेज, रीवा के लिए 321.94 करोड़ रूपये तथा सतना मेडिकल कॉलेज से जुड़े नए अस्पताल हेतु 383.22 करोड़ रूपये के कार्य प्रारंभ किए गए हैं। इसके साथ ही 13 नए नर्सिंग कॉलेजों के लिए 192.40 करोड़ रूपये स्वीकृत किए गए हैं।



# उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने किया ओलावृष्टि प्रभावित फसलों का निरीक्षण

## हर खेत पर जाकर फसल नुकसान का शीघ्र सर्वे कराने के दिए निर्देश

भोपाल (स्वतंत्र मत)

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने बुधवार को मंदसौर जिले के मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कित्तुखेड़ी, गोपालपुरा, लोहाखेड़ा, झारड़ा एवं अड़मालिया में ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का निरीक्षण किया और किसानों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में राज्य सरकार पूरी संवेदना के साथ किसानों के साथ खड़ी है और हर संभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में फसल नुकसान का शीघ्र सर्वे कराकर राहत प्रदान की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने किसानों से कहा कि सरकार सभी प्रभावित क्षेत्रों के हर खेत पर जाकर सर्वे किया जाएगा, इसके लिए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए गए। उन्होंने कहा कि अधिकारी खेतों तक पहुँच कर वास्तविक स्थिति का आंकलन कर रहे हैं अफीम खेती के संबंध में नारकोटिस विभाग भी मौके पर जाकर खेतों का निरीक्षण करेंगे। साथ ही केन्द्र सरकार से चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। फसल बीमा के मामले में भी किसानों को फसल का पूरा लाभ प्रदान किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि इस प्राकृतिक आपदा की इस कठिन घड़ी में सरकार किसानों की हर चिंता और दुख में इनके साथ है। निरीक्षण दौरान जिला योजना समिति के सदस्य राजेश दीक्षित सहित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# कृषक कल्याण वर्ष में किसानों को मिल रही है वैज्ञानिक कृषि तकनीक की जानकारी

## कृषि रथ से किसानों को मिट्टी में मौजूद तत्वों के अनुसार फसल कॉम्बीनेशन की मिल रही जानकारी

भोपाल (स्वतंत्र मत)



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। कृषि को आधुनिक तकनीक, परम्परागत ज्ञान और प्राकृतिक संतुलन के साथ नई ऊँचाइयों तक ले जाने तथा अन्नदाता के सम्मान और समग्र उत्थान की दिशा में इस महा अभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा किया गया है। बुरहानपुर जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम एवं संवाद–सत्र के आयोजन के साथ ''कृषि रथ'' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर बुरहानपुर विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस, जनप्रतिनिधि, प्रगतिशील कृषकगण उपस्थित रहे। कृषि रथ द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत में पहुंचकर किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, कीट एवं रोग प्रबंधन, फसल विविधिकरण, कृषि को लाभकारी बनाने के उपाय, विभागीय योजना, ई–टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था तथा पराली प्रबंधन संबंधित योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। प्रगतिशील किसानों को उत्पादन लागत को कम करने के लिये सही मिट्टी, सही खेती एवं सही फसल का कॉम्बीनेशन की जानकारी भी दी जा रही है।

***ग्राम पातोंडा, चिंचाला एवं एमागिर्द में कृषक चौपाल आयोजित***– बुरहानपुर जिले में कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र, पशुपालन विभाग, सहकारिता विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम पंचायत पातोंडा, चिंचाला एवं एमागिर्द में कृषक चौपाल का आयोजन किया गया। कृषक चौपाल में उर्वरक वितरण की ई–टोकन प्रणाली, प्राकृतिक खेती के आधार जैसेः–जीवामृत, बीजामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, दसपर्णी अर्क को बनाने की विधि की विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से मृदा के स्वास्थ्य पर होने वाले प्रभावों, मिट्टी नमूना लेने की विधि एवं संतुलित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग की अनुशंसा करने की सलाह दी गयी। दलहन एवं तिलहन फसलों को बढ़ावा देने के लिए जायद फसल उड़द और मूंगफली के बारे में बताया गया एवं बुवाई के लिए प्रेरित भी किया गया। बुरहानपुर जिले के विभिन्न ग्रामों में आयोजित हो रही कृषक चौपालों में पराली प्रबंधन सहित योजनाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर भी जानकारी दी जा रही है।

***ग्राम बाकड़ी में लगी कृषि चौपाल, योजनाओं की दी जानकारी***– कृषक कल्याण वर्ष–2026 अंतर्गत बुरहानपुर जिले के ग्राम बाकड़ी में कृषि रथ पहुंचा। इस दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा चौपाल लगाकर ग्रामीणों को उन्नत कृषि एवं तकनीकियों की बारीकी से जानकारी दी गयी। ग्रामीणों को जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, कीट व रोग प्रबंधन, फसल विविधीकरण, उर्वरकों के संतुलित उपयोग तथा कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने के उपाय बताये गये। कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि रथ गांव–गांव पहुंचकर किसानों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रहा है। प्रदेश सरकार के नेतृत्व में जिले में समृद्ध किसान से समृद्ध प्रदेश बनाने के लिये निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।

***प्रत्येक गुरूवार को ''प्राकृतिक हाट बाजार'' आयोजित***– बुरहानपुर जिले में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने एवं उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रति गुरुवार को महात्मा ज्योतिबा फुले कृषि उपज मंडी, शनवारा में ''प्राकृतिक हाट बाजार'' का आयोजन किया जा रहा है।

## 9 को आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बनेगा आयोजन

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** 9 फरवरी को दमोह की पावन धरती पर जीवन मुक्त सतगुरु साई ईश्वर शाह साहिब का आगमन होने जा रहा है जो 10 वर्ष 11 माह के लंबे अंतराल के बाद हो रहा है। इस अवसर पर दमोह और आसपास के क्षेत्रों में अपार उत्साह और श्रद्धा का माहौल है। 9 फरवरी की शाम 7 बजे सतगुरु साई ईश्वर शाह साहिब के पावन आगमन पर विशाल एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें श्रद्धालु भजन–कीर्तन और जयकारों के साथ गुरु चरणों में अपनी आस्था अर्पित करेंगे। इसके अलावा, 10 फरवरी सुबह 10 से तहसील ग्राउंड दमोह में सतगुरु साहिब के पावन सानिध्य में विशाल हरे माधव सत्संग का आयोजन किया गया है, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बनेगा, बल्कि प्रेम, सदभाव और मानवता के संदेश को भी जन–जन तक पहुंचाएगा। दमोह का हर कोना सत्संगमय होगा और हर हृदय हरे माधव नाम से गूंजेगा।

# अतिरुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत कथा की तैयारियां संपन्न

## आज निकलेगी कलश यात्रा

हटा (स्वतंत्र मत)। देवश्री गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में 5 से 15 फरवरी तक आयोजित होने जा रहे अतिरुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत कथा के आयोजन की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। कथा के लिए दद्दा कला मंच एवं यज्ञ शाला की साज सज्जा पूर्ण हो चुकी है। अतिरुद्र महायज्ञ यज्ञाचार्य पंण्मथुरा प्रसाद शुक्ल वाराणसी के निर्देशन में होगा एवं श्रीमद भागवत कथा व्यास पं. डॉ अनिल शास्त्री द्वारा सम्पन्न की जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा से आज गुरुवार दोपहर



1:30 बजे सुनार नदी के तट स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर से प्रारम्भ होकर बजरिया होते हुए देव श्री गौरीशंकर मंदिर परिसर में पहुंचेगी। जिसमें सभी नगर वासियों एवं क्षेत्रवासियों से शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की गई है। जबकि 6 फरवरी से प्रातः 7 बजे से शिवलिंग निर्माण प्रातः 8 बजे से हवन एवं दोपहर 11 बजे रुद्र अभिषेक तथा विसर्जन प्रतिदिन सम्पन्न होगा।

# दो वर्ष पूर्व बनी सिविल अस्पताल की बिल्डिंग के टाइल्स गिरे

## ठेकेदार ने पेंच लगाकर किया किनारा, अधिकारी अंजान

हटा (स्वतंत्र मत)। पीआईयू द्वारा बर्ष 2023 में हटा सिविल अस्पताल को करीब चार करोड़ रुपए की बिल्डिंग हेंड ओवर की थी। निर्माण कार्य के बाद बिल्डिंग गारंटी पीरियड में होने के चलते अस्पताल प्रबंधन ने एक शिकायत पीआईयू के अधिकारियों को की जिसमें बताया गया है बिल्डिंग में लगे टाइल्स गिर रहे हैं जिससे मरीज एवं उनके परिजन कभी भी घायल हो सकते हैं। इस पर ठेकेदार ने अपनी नई तकनीक इजात कर गिरे हुए टाइल्स को ड्रिल से पेंच लगाकर लगाने का कार्य किया जा रहा है जबकि टाइल्स को सीमेंट से लगाया जाना है। यहां बता दें कि हेंड ओवर के समय ही टाइल्स गिरने की शिकायत की गई थी लेकिन विभागीय अधिकारियों ने अनसुना कर भवन को हेंड ओवर करा दिया। दीवार पर लगे टाइल्स जहां भी गिर रहे हैं वहां पर सीमेंट और रेत की मात्रा बहुत कम है बीच बीच में अंतर है इस कारण सभी जगह के टाइल्स गिर रहे हैं। बीएमओ डॉ. उमाशंकर पटेल का कहना है कि एनआरसी नए भवन में सिप्ट करना है। टाइल्स गिर रहे थे इसलिए विभाग को बताया गया है।

# दलहन क्षेत्र का राष्ट्रीय सम्मेलन 7 फरवरी को सीहोर के अमलाहा में

## दलहन क्षेत्र में नीति निर्धारण और अनुसंधान में मील का पत्थर होगा साबित : कंषाना

**भोपाल।** प्रदेश के अमलाहा, जिला सीहोर में 7 फरवरी को दलहन उत्पादन एवं उत्पादकता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार–विमर्श के लिये एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में दलहन क्षेत्र की मूल संवेदनाओं, वर्तमान चुनौतियों तथा भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में देश के प्रमुख दलहन उत्पादक राज्यों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारीगण, दलहन अनुसंधान से जुड़े वैज्ञानिक, सरकारी बीज उत्पादक संस्थाएँ, दाल उद्योग से संबंधित प्रतिनिधि एवं अन्य सहयोगी एजेंसियाँ भाग लेंगी। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा कि दलहन उत्पादन को सुदृढ़ करने, किसानों की आय बढ़ाने तथा उन्नत तकनीकों के माध्यम से उत्पादकता सुधार पर अपने विचार साझा करेंगे। यह सम्मेलन दलहन क्षेत्र में नीति निर्धारण और अनुसंधान में मील का पत्थर साबित होगा। सम्मेलन का उद्देश्य किसानों तक नवीन शोध, गुणवत्तापूर्ण बीज, आधुनिक खेती पद्धतियों तथा बाज़ार से जुड़ी जानकारी पहुँचाना है, जिससे दलहन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल सके। साथ ही विभिन्न राज्यों के अनुभवों के आदान–प्रदान से राष्ट्रीय स्तर पर दलहन विकास की दिशा में ठोस रणनीति तैयार की जाएगी।

# मध्यप्रदेश, आयुष एवं औषधीय पादप क्षेत्र में नए युग की ओर : परमार

## आयुष मंत्री ने औषधीय पादप डेस्क कैलेंडर–2026 एवं मध्य हर्बल दर्पण मासिक पत्रिका का किया विमोचन

भोपाल (स्वतंत्र मत)



आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार, आयुष को निवारक एवं समग्र स्वास्थ्य व्यवस्था के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री श्री परमार ने कहा कि भारत की प्राचीन चिकित्सा परंपराएँ, विशेषकर आयुर्वेद, केवल उपचार प्रणाली नहीं बल्कि जीवन पद्धति हैं, जिनकी जड़ें प्रकृति एवं जैव–विविधता में निहित हैं। मंत्री श्री परमार ने कहा कि मध्यप्रदेश; अपने विशाल वन क्षेत्र, विविध जलवायु एवं समृद्ध औषधीय वनस्पति के कारण देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हैं। प्रदेश में 7 हजार से अधिक औषधीय प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जो आयुष आधारित स्वास्थ्य सेवाओं, हर्बल उद्योग एवं वेलनेस सेक्टर के लिए मजबूत आधार प्रदान करती हैं। मंत्री श्री परमार आयुष विभाग अन्तर्गत मध्यप्रदेश राज्य औषधीय पादप बोर्ड के औषधीय पादप डेस्क कैलेंडर–2026 एवं मध्य हर्बल दर्पण मासिक पत्रिका का विमोचन कर, संबोधित कर रहे थे।

मंत्री श्री परमार ने कहा कि औषधीय पादप डेस्क कैलेंडर आमजन को वर्ष भर विभिन्न औषधीय पौधों की जानकारी देगा, वहीं मध्य हर्बल दर्पण पत्रिका शोध, नवाचार, किसान अनुभव, वैज्ञानिक लेख एवं नीति पहलों को एक मंच पर लाकर ज्ञान–साझाकरण को सशक्त बनाएगी। मंत्री श्री परमार ने आयुष विभाग एवं मध्यप्रदेश राज्य औषधीय पादप बोर्ड की टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

प्रमुख सचिव आयुष शोभित जैन ने कहा कि विभाग द्वारा औषधीय पौधों के संरक्षण, सतत खेती, गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री, मूल्य संवर्धन एवं विपणन तंत्र को मजबूत किया जा रहा है। प्रमुख सचिव श्री जैन ने कहा कि आयुष को सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली से जोड़ने के साथ–साथ ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों में आजीविका के नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं।

अपर सचिव आयुष एवं सीईओ मध्यप्रदेश राज्य औषधीय पादप बोर्ड श्री संजय मिश्र ने बताया कि बोर्ड द्वारा क्लस्टर आधारित खेती, किसान प्रशिक्षण, स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी, स्टार्ट–अप सहयोग तथा बाजार से सीधा जुड़ाव सुनिश्चित करने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ये दोनों प्रकाशन औषधीय पादपों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ–साथ पारंपरिक ज्ञान को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समाज तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

औषधीय पादप क्षेत्र स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रामीण विकास का संगम है, जो हरित अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करता है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने मध्यप्रदेश को आयुष एवं हर्बल हब के रूप में विकसित करने की दिशा में साझा प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी आयुष डॉ. पीसी शर्मा, सलाहकार–द्वय मध्यप्रदेश राज्य औषधीय पादप बोर्ड डॉ. खुशबू सिंह एवं डॉ. पवन यादव सहित पादप बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी, विशेषज्ञ, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भवन लीज हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शिव नगर दमोह नाका कालोनी जबलपुर में भवन क्र. MIG-II-151 श्रीमति वंदना जैन पति श्री राजेश कुमार जैन के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 12/05/2009 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमति वंदना जैन पति श्री राजेश कुमार जैन ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 23/01/2026 के माध्यम से श्रीमति श्वेता जैन पति श्री मुकेश कुमार जैन को विक्रय किया है। अतः श्रीमति श्वेता जैन द्वारा उत भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/ आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/भूखंड) बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जायेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भवन लीज नामांतरण हेतु जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शिव नगर दमोह नाका कालोनी जबलपुर में भवन क्र. LIG-3 श्री एच.टी. मालेवार पिता श्री तुकारामजी मालेवार के नाम आवंटित है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 24/12/1988 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। आवंटी श्री एच.टी. मालेवार की मृत्यु दिनांक 16/03/2023 को हो गई है। आवंटी द्वारा मण्डल के साथ निष्पादित अनुबंध में श्रीमति शालिनी मालेवार पति श्री स्व. श्री एच.टी. मालेवार को नॉमिनी नियुक्त किया था। अतः आवंटी के नॉमिनी श्रीमति शालिनी मालेवार पति स्व. श्री एच.टी. मालेवार ने उक्त संपत्ति को नॉमिनेशन के आधार पर लीज नामांतरण स्वयं के नाम करने हेतु आवेदन संगत दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं। उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है। यदि किसी व्यक्ति/वैद्य उत्तराधिकारी/संस्था आदि को उपरोक्त लीज नामांतरण बावत कोई वैधानिक आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति स्वयं उपस्थित होकर सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि व्यतीत होने के पश्चात् लीज नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**



बाबू मनमोहनदास हितकारिणी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीक्षितपुरा के प्रांगण में बुधवार को मप्र शासन के पूर्व मंत्री एवं हितकारिणी सभा के पूर्व सभापति बाबू मनमोहनदास जी के 51वें स्मृति दिवस का समारोहपूर्वक आयोजन किया गया।

# जीविका नहीं, जीवन के लिये हो शिक्षाः स्वामी गिरीशानंद

## बीएमडी शाला परिसर में मनाया गया बाबू मनमोहनदास जी का 51वां स्मृति दिवस



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी गिरीशानंद सरस्वती, हितकारिणी सभा के अध्यक्ष नित्यनिरंजन खंपरिया, मंत्री बाबू विश्वमोहन, हितकारिणी सभा के संयुक्त मंत्री नमन अग्रवाल, विद्या परिषद के उपाध्यक्ष संजय बघेल, जयसिंहराव गायकवाड़, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, ज्योतिषाचार्य रोहित दुबे आदि अतिथियों ने बाबू मनमोहनदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी गिरीशानंद सरस्वती साकेत धाम ने कहा कि बाबू मनमोहनदास का पूरा जीवन समाजसेवा, शिक्षा और पर्यावरण के प्रति समर्पित रहा। उनका परिवार सद्गृहस्थ परिवार है। स्वामीजी ने कहा कि शिक्षा जीविका के लिये नहीं बल्कि जीवन के लिये होना चाहिए। जिसमें लौकिक, आर्थिक तथा आध्यात्मिक उन्नति हो, वही शिक्षा है। उन्होंने कहा कि सम्पत्ति के साथ-साथ शांति का होना बहुत जरूरी है।

मुख्य अतिथि स्वामी गिरीशानंद सरस्वती ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि बाबू मनमोहनदास हितकारिणी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं पढ़ाई और खेलकूद में आगे बढ़ कर बाबू मनमोहनदास के सद्कर्मों को सार्थक कर रही हैं।

### श्रीमती करुणा चांडक स्मृति स्कॉलरशिप एवं प्रतिभा सम्मान

बाबू मनमोहनदास जी के 51वें स्मृति दिवस का समारोह में अतिथियों द्वारा छात्राओं को श्रीमती करुणा चांडक स्मृति स्कॉलरशिप का वितरण भी किया गया। इस वर्ष यह स्कॉलरशिप छात्रा खुशी अग्रवाल, खुशी पटेल, रिशिका केशरवानी, अंशिका साहू तथा शिवांशी राजपाल को प्रदान किया गया। इसके साथ ही मेधावी छात्राओं काजल ठाकुर, मान्या सिंह परिहार, निकिता साहू, प्रिया बेन तथा महक सोनी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बीएमडी शाला की खेल प्रतिभाओं वंशिका पटेल, सुरभि पटेल, नव्या अग्रवाल और टीना चौधरी को भी सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

### कक्षा, मंच और मैदान में समन्वय

कार्यक्रम के प्रारंभ में बाबू मनमोहनदास हितकारिणी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीक्षितपुरा की प्राचार्य माधुरी शुक्ला ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुये बताया कि यह शाला कक्षा, मंच और मैदान में समन्वय बनाकर आगे बढ़ रही है। सर्वोत्तम परिणाम के साथ इस शाला की 35 छात्राओं ने सरकार से लैपटॉप के लिये 25 हजार रुपये हासिल किया है। वहीं, विद्यालय की 4 छात्राओं ने विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीता है। इसी प्रकार शिक्षक दिवस पर यहां के 100 प्रतिशत रिजल्ट देने वाले 15 शिक्षक सम्मानित हुये हैं। कार्यक्रम को पूर्व विधायक विनय सक्सेना ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। समारोह में हितकारिणी सभा द्वारा संचालित विभिन्न स्कूल-कॉलेजों के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, बड़ी संख्या में छात्राएं एवं उनके अभिभावक मौजूद रहे।



### समय हमेशा एक सा नहीं रहता : बाबू विश्वमोहन

हितकारिणी सभा के मंत्री बाबू विश्वमोहन ने कहा कि समय हमेशा एक सा नहीं रहता, एक समय था जब बच्चियां पढ़ने नहीं जा सकती थीं। उस समय हितकारिणी सभा द्वारा कन्या विद्यालय की स्थापना करना बहुत बड़ा कदम था। अब यह शाला अपने शताब्दी वर्ष की ओर बढ़ रही है। हमारा प्रयास रहेगा कि आने वाले 8 साल में जब यह शाला शताब्दी वर्ष मनाये तो इसकी बढ़ी हुई हो। उन्होंने कहा कि हितकारिणी के शिक्षक अभूतपूर्व हैं। उनका समर्पण, उनकी लगन, बच्चों के प्रति उनका प्रेम और संस्था के प्रति उनका लगाव वंदनीय है।

### पहले ही साकार हो गए थे आज के सपने : पं. खंपरिया

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हितकारिणी सभा के अध्यक्ष पं. नित्यनिरंजन खंपरिया ने अपने संबोधन में कहा कि बाबू मनमोहनदास जी ने हमेशा नारी शिक्षा के स्वप्न को साकार करने की दिशा में काम करते रहे। नारी शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के जो नारे आज लग रहे हैं, उसे बाबू मनमोहनदास जी ने पहले ही पूरा कर दिखाया था। श्री खंपरिया ने कहा कि वर्तमान समय में सैकड़ों शासकीय स्कूल बंद हो गये, लेकिन हितकारिणी सभा अपने उद्देश्य और लक्ष्य से कभी भी विचलित नहीं हुई।

# शहर में स्थापित होगा देश का सबसे बड़ा मल्टी फंक्शनल ट्रेनिंग सिम्युलेटर

### 14 करोड़ की लागत से मप्र पॉवर जेनरेटिंग कंपनी करेगी स्थापित



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के नयागांव स्थित पॉवर जनरेटिंग प्रशिक्षण संस्थान में लगभग 14 करोड़ रूपए की लागत से देश का सबसे बड़ा मल्टी-फंक्शनल थर्मल एवं हाइड्रो ऑपरेटर ट्रेनिंग सिम्युलेटर स्थापित करने जा रही है। इस अत्याधुनिक सिम्युलेटर के माध्यम से विद्युत उत्पादन अभियंताओं को विद्युत संयंत्रों के संचालन, नियंत्रण एवं आपातकालीन परिस्थितियों के प्रबंधन का यथार्थपरक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त होगा, जिससे प्लांट ट्रिपिंग जैसी घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आएगी। यह सिम्युलेटर रिमोट ऑपरेशन की सुविधा से भी युक्त होगा। इससे पॉवर जनरेटिंग प्रशिक्षण संस्थान न केवल राज्य बल्कि अन्य राज्यों की विद्युत कंपनियों के अभियंताओं एवं तकनीकी विद्यार्थियों के लिए भी एक प्रमुख प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में स्थापित होगा। मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी अपने कार्मिकों को उच्च स्तरीय तकनीकी, वित्तीय एवं प्रबंधकीय दक्षताओं से सुसज्जित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मुख्यालय स्थित नयागांव में प्रशिक्षण संस्थान को अत्याधुनिक नवाचारों के साथ विकसित कर रही है।

***आधुनिक स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना***- कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंहए डायरेक्टर टेक्निकल सुबोध निगम और डायरेक्टर कॉमर्शियल मिलिन्द भान्दक्कर के प्रगतिशील मार्गदर्शन में यह संस्थान देश के ऊर्जा क्षेत्र में एक विशिष्ट एवं अग्रणी प्रशिक्षण केंद्र के रूप में उभर रहा है। मुख्य अभियंता मानव संसाधन व प्रशासन दीपक कुमार कश्यप ने जानकारी कि प्रशिक्षण संस्थान में आधुनिक स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना की जा रही है, जहां कंपनी के सभी कॉडर के कार्मिकों को तकनीकीए वित्तीय व प्रबंधकीय विषयों पर समग्र प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह संस्थान नवनियुक्त कार्मिकों व अभियंताओं के लिए प्रेरण प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र होगा। कंपनी की मिड-कैरियर ट्रेनिंग पॉलिसी के अंतर्गत करंट चार्ज अथवा पदोन्नति प्राप्त करने वाले सहायक अभियंता से लेकर अतिरिक्त मुख्य अभियंता स्तर तक के कार्मिकों को विशेष रूप से संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रमों से लाभान्वित किया जाएगा।

# तेज रफ्तार एक्टिवा से टकराया बारहसिंगा, मौके पर हुई मौत

### जीसीएफ फैक्ट्री क्षेत्र की घटना, दंपति घायल



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जीसीएफ फैक्ट्री स्थित पोस्ट ऑफिस के सामने बुधवार को सड़क पार कर रहा एक बारहसिंगा अचानक एक्टिवा सवार दंपति से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दंपति बीच सड़क पर गिर पड़े, जबकि बारहसिंगा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत जीसीएफ सुरक्षा विभाग और वन विभाग को सूचना दी। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी इसी इलाके में जंगली जानवर सड़क पार करते समय घायल हो चुके हैं।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पहाड़ी से सटे जंगल क्षेत्र को फेंसिंग से कवर किया जाए, ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। जानकारी के मुताबिक दोपहर के समय दंपति रांझी की ओर से सिविल लाइंस तरफ जा रहे थे। तभी एक बारहसिंगा, जिसे कुछ श्वानों ने खदेड़ दिया था, डर के कारण सड़क की ओर भागा और सीधे उनकी एक्टिवा से टकरा गया। इस हादसे में दम्पत्ति भी बुरी तरह घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही फैक्ट्री के सुरक्षा अधिकारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मृत बारहसिंगा को वन विभाग के सुपुर्द किया। हादसे में घायल पति-पत्नी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# पमरे में 70वां विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह का आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**। रेल सप्ताह समारोह 2025 के अंतर्गत 70वां विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह बुधवार को मदनमहल स्थित रेल उत्सव सामुदायिक भवन में संपन्न हुआ। पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने भोपाल, जबलपुर, कोटा मण्डलों एवं कारखानों तथा मुख्यालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार और साथ ही रेल सेवा पुरस्कार से भी सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त ओव्हर ऑल एफिशिएंसी शील्ड सहित विभागीय दक्षता शील्ड भी प्रदान की गई। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। समारोह में अपर महाप्रबंधक श्री प्रमोद कुमार खत्री, पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं, सभी विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष, तीनों मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, अधिकारीगण एवं कर्मचारी, मान्यता प्राप्त यूनियन एवं एसोसियेशन के पदाधिकारी उपस्थित थे। महाप्रबन्धक ने बताया कि पश्चिम मध्य रेल को वर्ष 2024-25 के दौरान अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह में रेलमंत्री द्वारा ओव्हर ऑल एफिशिएंसी गोविन्द बल्लभ पंत शील्ड एवं सेल्स मैनेजमेंट शील्ड से सम्मानित किया गया है।






हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**